माघ शुक्ल पक्ष, दशमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 19 फरवरी 2024
वर्ष 4, अंक 330, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



पीएमएल-एन व पीपीपी के बीच बातचीत बेनतीजा 18
यामिनी की 'नमस्ते सासू जी' का फर्स्ट लुक रिलीज 17

- उद्योगपति, राजदूत, उच्चायुक्त समेत दुनिया की करीब 4000 हस्तियां होंगी शामिल
- आज से शुरु हो रहा राज्य सरकार का ग्रैंड-शो तीन दिन चलेगा, धरा पर उतरेंगे निवेश
- लखनऊ सज-धज कर तैयार, मुख्य सड़कों और चौराहों का कोना-कोना दमक रहा

# सितारों के जमीं पर उतरने के इंतजार में राजधानी

अजय दयाल, लखनऊ

**अमृत विचार :** बस कुछ घंटों का इंतजार और लखनऊ सजधज कर तैयार है। राजधानी की धरा मानों दोनों हाथ फैलाकर सितारों के जमीं पर उतरने के इंतजार में हो। शहर की मुख्य सड़कों का कोना-कोना दमक रहा है। उत्सव मनाने से पहले पसरी सुखद शांति का एहसास हो रहा है। देशी-विदेशी हस्तियों के बीच सोमवार से शुरु हो रहा राज्य सरकार का ग्रैंड-शो तीन दिन चलेगा।


मुख्य सड़कों पर स्ट्रीट लाइट के खंभों को फूलों की माला व झालरों की लड़ियों से सजाया गया है। सड़कों के दोनों तरफ लगी डिजायनर ग्रिल्स का रंग-रोगन किया गया है। फुटपाथ गमलों और महंगे व दुर्लभ प्लांट्स से शोभायमान हैं। सड़क पर सरपट दौड़ते वाहन और लोग इस कदर चकाचौंध को देखकर ठिठक जा रहे हैं। व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने को एक दर्जन महकमों के आला अफसर व अधीनस्थकर्मी दिन-रात एक किए हुए हैं।

हजरतगंज, गोमती नगर जैसे पॉश इलाके हों या पुराना शहर हर जगह ग्राऊंड ब्रेकिंग सेरेमनी का संदेश देतीं होर्डिंग्स राहगीरों का ध्यान खींच रही हैं।

मोदी-योगी की तस्वीरों के साथ इन होर्डिंग्स पर आयोजन के कार्यक्रम दर्ज हैं। पीएम मोदी के बड़े-बड़े जीवंत सरीखे कटआऊट्स, मानों हर आते-जाते का अभिवादन कर रहे हों।

मुख्य बाजारों, चौराहों, स्थलों की सुरक्षा भी चाक-चौबंद है। हर जगह पुलिस की टुकड़ियां तैनात हैं। गश्त भी तेज है। इस सुरक्षा में गौर करने वाली बात यह है कि पुलिस संवेदनशील गतिविधियों पर नजर रखने के साथ मेहमानवाजी की भूमिका में भी कुछ अलग व्यवहार के साथ दिख रही है। रात का तो नजारा ही और है। मानों रामलला प्राण प्रतिष्ठा के बाद एक और दीवाली मनाई जा रही हो। बड़े भवनों पर झालरों की चकाचौंध है।

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4



विद्युत झालरों से सजा राजधानी का चौराहा।

## प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य

उप्र. को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के उद्देश्य से ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में पूरे राज्य के लिए निवेश परियोजनाओं की शुरुआत होगी। सर्वाधिक 52 प्रतिशत परियोजनाओं की शुरुआत पश्चिमांचल में होगी। पूर्वांचल में 19 प्रतिशत, मध्यांचल में 14 प्रतिशत और बुंदेलखंड में 5 प्रतिशत निवेश परियोजनाएं शामिल होंगी। सरकार अनुमानित 10 लाख करोड़ रुपये की निवेश परियोजनाओं को धरातल पर उतारने जा रही है।

## प्रधानमंत्री आज संभल में करेंगे कल्कि धाम का शिलान्यास

**संभल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज संभल जनपद के ऐंचोडा कम्बोह में कल्कि धाम का शिलान्यास कर जनसभा को भी संबोधित करेंगे। कार्यक्रम के मद्देनजर कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। प्रधानमंत्री का स्वागत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। प्रधानमंत्री सुबह 10.25 बजे ऐंचोडा कम्बोह पहुंचेंगे। 10.30 बजे शिलान्यास के बाद 10.45 बजे सभा मंच पर पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री व आचार्य प्रमोद कृष्णम के बाद प्रधानमंत्री सभा को संबोधित करेंगे। संभल से 11.40 बजे हेलीकॉप्टर से बरेली के लिए उड़ान भरेंगे।

## प्रधानमंत्री सवा घंटे लखनऊ में, रक्षामंत्री रहेंगे साथ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को लगभग सवा घंटे लखनऊ में रहेंगे। वे इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 19 से 21 फरवरी तक चलने वाली तीन दिवसीय ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की शुरुआत करेंगे। वह दोपहर 1.45 से 3 बजे तक कार्यक्रम में रहेंगे। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी प्रधानमंत्री का स्वागत करेंगे। हिंदुजा ग्रुप के चेयरमैन धीरज हिंदुजा, सैमसंग, साउथ वेस्ट एशिया के सीईओ जेपी पार्क, आईएनजीकेए के सीईओ सुसैन पल्वरर, टोरेंट ग्रुप के एमडी जीनल मेहता और एडवर्ब टेक्नोलॉजीज के चेयरमैन जलज मेहता भी यहां उप्र. में औद्योगिक विकास की उपलब्धियों पर विचार रखेंगे। रक्षामंत्री और लखनऊ से सांसद व रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भी विचार रखेंगे। मोदी को राज्य सरकार की उपलब्धियों पर आधारित एक शॉर्ट फिल्म भी दिखाई जाएगी।

## उद्योग जगत के महारथियों का होगा जमावड़ा

तीन दिवसीय ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन, रिलायंस के अध्यक्ष मुकेश अंबानी, अदानी ग्रुप के अध्यक्ष गौतम अडानी, आदित्य बिरला ग्रुप के अध्यक्ष कुमार मंगलम बिड़ला, आईटीसी के अध्यक्ष संजीव पुरी, भारती एंटरप्राइजेज के अध्यक्ष सुनील भारती मित्तल, महिंद्रा एंड महिंद्रा के अध्यक्ष आनंद महिंद्रा शामिल होंगे। अपोलो हॉस्पिटल के वाइस चेयरपर्सन शोभना, गोदरेज ग्रुप के निदेशक फिरोज शाह गोदरेज, हिंदुजा ग्रुप सैमसंग इंडिया के एमडी अशोक लीलैंड जैसे तमाम बड़े उद्योगपति भी यहां रहेंगे।

# सल्लेखना कर जैन मुनि विद्यासागर ने देह त्यागा

राजनांदगांव, एजेंसी



- चंद्रगिरि तीर्थ में छह माह से रह रहे थे, कुछ दिनों से थे बीमार

जाने-माने जैनमुनि आचार्य विद्यासागर महाराज ने छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ स्थित 'चंद्रगिरि तीर्थ' में 'सल्लेखना' करके रविवार को देह त्याग दी। चंद्रगिरि तीर्थ की ओर से जारी एक बयान के अनुसार सल्लेखना जैन धर्म में एक प्रथा है, जिसमें देह त्यागने के लिए स्वेच्छा से अन्न-जल का त्याग किया जाता है। छत्तीसगढ़ सरकार ने रविवार को आधे दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि विश्व प्रसिद्ध दिगंबर जैन संत परंपरा के आचार्य विद्यासागर महाराज जी का आज निधन हो गया उन्हें वर्तमान समय का वर्धमान कहा जाता है। राजकीय शोक के दौरान राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा और कोई भी सरकारी समारोह या कार्यक्रम आयोजित नहीं किए जाएंगे। जैनमुनि के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित अन्य हस्तियों ने शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है।

चंद्रगिरि तीर्थ की ओर से जारी बयान के अनुसार, आचार्य विद्यासागर ने देर रात 2:35 बजे 'चंद्रगिरि तीर्थ' में 'सल्लेखना' करके देह त्याग दी। महाराज जी डोंगरगढ़ में 'चंद्रगिरि तीर्थ' में छह माह से रह रहे थे और पिछले कुछ दिनों से बीमार थे। तीन दिन से वह सल्लेखना का पालन कर रहे थे और उन्होंने अन्न-जल का त्याग किया हुआ था। उनका अंतिम संस्कार 'चंद्रगिरि तीर्थ' में किया गया। पिछले वर्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पांच नवंबर को डोंगरगढ़ गए थे और आचार्य से मुलाकात की थी।

## एक नजर

### सलीम शेरवानी का सपा महासचिव पद से इस्तीफा

**लखनऊ।** स्वामी प्रसाद मौर्य के बाद सपा के एक और राष्ट्रीय महासचिव सलीम शेरवानी ने भी रविवार को पद से इस्तीफा दे दिया। बदायूं से पांच बार सांसद रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री सलीम इकबाल शेरवानी राज्यसभा टिकट न मिलने से नाराज बताए जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार किसी और दल में वह अपना भविष्य तलाश रहे हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव को लिखे गए पत्र में उन्होंने कहा है कि मुसलमानों की उपेक्षा से परेशान होकर पद से इस्तीफा दे रहा हूं। पत्र में लिखा कि सपा मुसलमानों का भरोसा खो रही है। मुसलमान पार्टी में उपेक्षित महसूस कर रहा है। राज्यसभा के चुनाव में भी किसी मुसलमान को नहीं भेजा गया। बेशक मेरे नाम पर विचार नहीं होता लेकिन किसी मुसलमान को भी यह सीट मिलनी चाहिए थी। मुसलमान एक सच्चे रहनुमा की तलाश में हैं। सपा में रहते हुए मैं मुसलमानों की हालत में बहुत परिवर्तन नहीं ला सकता।

### प्रधानमंत्री के दौरे से पहले कश्मीर में सुरक्षा बढ़ाई

**श्रीनगर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंगलवार को जम्मू दौरे से पहले कश्मीर में सुरक्षा बलों को सतर्क कर दिया गया है। अधिकारियों ने रविवार को यहां बताया कि पुलिस एवं अर्द्धसैनिक बल शहर और उसके आसपास दर्जनों स्थानों पर वाहनों की जांच कर रहे हैं। एहतियात के तौर पर श्रीनगर में विभिन्न स्थानों पर प्रवेश और निकास मार्गों पर विशेष जांच चौकियां स्थापित की गयी हैं। उन्होंने बताया कि भले ही प्रधानमंत्री जम्मू क्षेत्र का दौरा करेंगे, लेकिन घाटी में सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क कर दिया गया है, ताकि आतंकवादी किसी विध्वंसक गतिविधि को अंजाम न दे सकें।

# टाल-मटोल की नीति न अपनाए केंद्र

चंडीगढ़, एजेंसी

किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने केंद्रीय मंत्रियों के साथ रविवार को यहां बातचीत से पहले कहा कि केन्द्र सरकार को टाल-मटोल की नीति नहीं अपनानी चाहिए और आचार संहिता लागू होने से पहले किसानों की मांगें माननी चाहिए।

लोकसभा चुनाव की घोषणा अगले माह की जा सकती है। फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी और कृषि ऋण माफी सहित विभिन्न मांगों को लेकर हजारों किसान पंजाब और हरियाणा की सीमा पर शंभू और खनौरी में डटे हुए हैं तथा उन्हें राष्ट्रीय राजधानी में प्रवेश से रोकने के लिए बड़ी तादाद में सुरक्षा बल तैनात हैं। डल्लेवाल ने शंभू सीमा पर संवावदाताओं से कहा कि हम सरकार से कहना चाहते हैं कि वह टाल-मटोल की नीति न अपनाए। अगर सरकार को लगता है कि वह आचार संहिता लागू होने तक बैठकें जारी रखेगी और फिर कहेगी कि आचार संहिता लागू हो गई है और हम कुछ नहीं कर सकते ....(फिर भी) किसान वापस नहीं लौटेंगे। एक अन्य किसान नेता सुरजीत सिंह फूल ने केंद्र पर हिरासत में लिए गए किसानों को रिहा करने और पंजाब के कुछ क्षेत्रों में इंटरनेट सेवाओं को बहाल करने के आश्वासन को पूरा नहीं करने का आरोप लगाया।

## केंद्रीय मंत्रियों-किसानों के बीच चौथे दौर की वार्ता शुरू

केंद्रीय मंत्रियों और किसान नेताओं के बीच रविवार शाम को चंडीगढ़ में चौथे दौर की बातचीत शुरू हो गई। केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय किसान नेताओं के साथ बैठक के लिए सेक्टर-26 स्थित महात्मा गांधी राज्य लोक प्रशासन संस्थान पहुंचे। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी बैठक में शामिल हुए हैं। इससे पहले आठ, 12 और 15 फरवरी को बातचीत बेनतीजा रही थी।

- किसान नेताओं की सरकार से अपील-किसानों की मांगें माने

# झारखंड में भी होगा जाति आधारित सर्वेक्षण

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने पड़ोसी राज्य बिहार की तर्ज पर राज्य में जाति-आधारित सर्वेक्षण को हरी झंडी दे दी है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को कहा कि मुख्यमंत्री ने कार्मिक विभाग को एक मसौदा तैयार करने और इसे मंजूरी के लिए मंत्रिमंडल के समक्ष रखने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि अगर सब कुछ योजना के मुताबिक रहा तो लोकसभा चुनाव के बाद कवायद शुरू हो जाएगी। सर्वेक्षण का संकेत देते हुए मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी।

# कांग्रेस से देश को बचाना, हर भाजपा कार्यकर्ता का कर्तव्य

नई दिल्ली, एजेंसी

- भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में बोले प्रधानमंत्री मोदी
- भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए पांच वर्ष अहम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के करोड़ों कार्यकर्ताओं को अगले सौ दिनों में हर नए मतदाता तक पहुंचने और उन्हें विकसित भारत के संकल्प से अवगत कराने का आह्वान किया और कहा कि कांग्रेस में विकास का सामर्थ्य नहीं है और वह देश को अस्थिर करने की नई-नई साजिश रच रही है इसलिए प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता का यह कर्तव्य है कि देश और देश के हर नागरिक को कांग्रेस से बचाना है। मोदी ने राजधानी के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन-2024 को संबोधित करते हुए यह आह्वान किया और कहा कि कांग्रेस अस्थिरता, परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण की जननी है और इसीलिए वह देश में अस्थिरता पैदा करने की साजिश रचने में लगी है।

प्रधानमंत्री ने दो दिन तक चले इस अधिवेशन के समापन अवसर पर देश भर से आए करीब 12 हजार प्रतिनिधियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि आज 18 फरवरी है और इस दौर में जो युवा 18 साल के हो गए हैं, वे देश के 18वें लोकसभा चुनाव में वोट करेंगे. अगले 100 दिनों में आपको हर नए मतदाता से जुड़ना है, हर लाभार्थी, हर वर्ग, हर समुदाय और हर धर्म को मानने वाले हर व्यक्ति तक पहुंचना है।

लोकसभा चुनाव जीतने के बाद अगले पांच वर्षों में भारत के विकसित भारत की ओर एक बड़ी छलांग लगाने की विवेचना करते हुए मोदी ने दोहराया कि पिछले 10 वर्षों में भारत ने अभूतपूर्व गति हासिल की है।

कहा कि हमें भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना है और इसमें अगले 5 साल अहम भूमिका निभाएंगे। इसके लिए पहले से अधिक तेज गति से काम करना होगा। प्रधानमंत्री ने भाजपा की सत्ता में वापसी पर जोर देते हुए कहा कि आज विपक्षी भी राजग सरकार के 400 का आंकड़ा पार करने के नारे लगा रहे हैं और राजग को 400 पार करने के लिए, भाजपा को 370 के मील के पत्थर को पार करना होगा।



भाजपा राष्ट्रीय परिषद की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व अन्य नेता।

## संसदीय बोर्ड को अध्यक्ष पर फैसला लेने का अधिकार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अधिवेशन में रविवार को पार्टी के संविधान में संशोधन करते हुए शीर्ष संगठनात्मक निकाय संसदीय बोर्ड को अध्यक्ष से संबंधित निर्णय लेने की अनुमति दे दी जिसमें उनका कार्यकाल और कार्यकाल का विस्तार शामिल है। पार्टी के महासचिव सुनील बंसल ने इस आशय का प्रस्ताव रखा था। भाजपा में राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव संगठनात्मक चुनावों के माध्यम से निर्वाचक मंडल द्वारा किया जाता है, जिसमें राष्ट्रीय परिषद के सदस्य और प्रदेश परिषदों के सदस्य शामिल होते हैं। निर्वाचक मंडल में से बीस सदस्य राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के नाम का संयुक्त रूप से प्रस्ताव कर सकते हैं। यह संयुक्त प्रस्ताव ऐसे पांच प्रदेशों से आना जरूरी है जहां राष्ट्रीय परिषद के चुनाव संपन्न हो चुके हों।

# टाइमर बोतल बम बनवाने वाली इमराना गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुजफ्फरनगर से चार बम के साथ पकड़े गए जावेद ने पूछताछ में दी थी जानकारी
- एटीएस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां कर रहीं पूछताछ, झाड़-फूंक का करती है काम

**अमृत विचार :** टाइमर बम तैयार कराने वाली इमराना को मुजफ्फरनगर से शनिवार को एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को मुजफ्फरनगर से ही चार टाइमर बोतल बम (आईईडी) के साथ जावेद नाम के युवक को पकड़ा गया था। उसने कबूला था कि इमराना नाम की महिला के कहने पर टाइमर बम बनाया था। एटीएस और दूसरी खुफिया एजेंसियां इमराना से पूछताछ कर रही हैं।

केंद्रीय खुफिया एजेंसी की सूचना पर एसटीएफ ने इमराना को कोतवाली नगर थाना क्षेत्र के प्रेमपुरी स्थित घर से दबोचा। उसने बताया कि वह निरमाना, थाना शाहपुर जनपद मुजफ्फरनगर की रहने वाली है। उसकी शादी करीब 30 वर्ष पहले आजाद निवासी बन्तीखेड़ा, थाना बावरी, जनपद शामली से हुई थी। लगभग 20-22 वर्षों से पति के साथ मोहल्ला प्रेमपुरी काली नदी के पुल के पास मुजफ्फनगर में रह रही है। बन्तीखेड़ा स्थित ससुराल में आती-जाती रहती है। वहां झाड़-फूंक व दवाई देने का काम करती है।

## झगड़े व दंगे में काम आने को बनवाया था टाइमर बम



इमराना के मुताबिक, वर्ष 2013 में मुजफ्फरनगर में दो समुदायों के बीच झगड़ा हो गया था। दूसरे समुदाय के लोगों ने उसका घर जला दिया था। इसके बाद उसने जावेद से कुछ बम बनवाए थे। ताकि आगे कोई मामला हो तो उसमें काम आए। बम उसने काफी समय पहले अपने मिलने वाले कुछ लोगों को दे दिए थे। करीब 15 दिन पहले उसने जावेद से 10 बम बनाने के लिए कहा था। सोचा था कि कोई झगड़ा व दंगा होगा तो काम आएगा।



## 12-13 वर्ष पहले भी जावेद से बनवाए थे दो बम

इमराना ने बताया कि करीब 20 वर्ष पहले से वह जावेद को जानती है। उसके पिता जरीफ अहमद हकीम थे, वह दवाई लेने उनके घर आती-जाती थी। जावेद उसे वहीं पर मिला था। जावेद के चाचा अर्शी लाइसेंस पर पटाखे बनाते थे। जावेद भी उनके साथ काम करता था। 12-13 वर्ष पहले उसने जावेद से दो बम बनवाए थे।

# 15 जिलों में 54 सॉल्वर और जालसाज गिरफ्तार

## सिपाही भर्ती परीक्षा

- परीक्षा से पहले प्रश्न पत्र दिलाने को ले रहे थे 10-12 लाख रुपये

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र पुलिस में सिपाही के 60,244 पदों के लिए होने वाली परीक्षा को बेदाग संपन्न कराने में जुटी एसटीएफ और पुलिस ने रविवार को भी सॉल्वर गैंग और जालसाजों को दबोचा। परीक्षा में शाम 6 बजे तक 15 जिलों में 54 सॉल्वर और जालसाज पकड़े गए। वहीं, डीजीपी कार्यालय की ओर से दी गई सूचना के मुताबिक, 15 से 18 फरवरी शाम 6 बजे तक परीक्षा में सेंधमारी की कोशिश में 244 सदस्यों की गिरफ्तारी की गई है।

## पेपर खराब हुआ तो दी जान



**संभल/सौंधन।** संभल में पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर अच्छा नहीं होने पर एक युवक ने जहर खाकर जान दे दी। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया। कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव लधनपुर निवासी अमरीश कुमार (23) पुत्र नौबत सिंह ने शनिवार को परीक्षा दी लेकिन पेपर अच्छा नहीं हुआ। रविवार को उसने घर में जहर खा लिया। निजी अस्पताल में उसकी मौत हो गई।

## बायोमेट्रिक में नहीं मैच हुए अंगूठे के निशान

रामपुर में परीक्षा के दौरान बायोमेट्रिक में अंगूठे के निशान मैच नहीं होने पर एक सॉल्वर को गिरफ्तार किया गया। वह अभ्यर्थी राजीव की जगह परीक्षा दे रहा था। सॉल्वर दिलीप बिहार के जिला जमोई थाना झाझा ग्राम खुरिप्रासा का है। इसके अलावा अलीगढ़ से एक, कानपुर से एक, अमरोहा से एक, बुलंदशहर से दो, गोरखपुर से दो, हाथरस से चार, मैनपुरी से तीन, वाराणसी से दो, फतेहगढ़ से एक पकड़ा गया है। एसटीएफ ने कुल छह को गिरफ्तार किया है।

## शिकोहाबाद में 14 सॉल्वर समेत दो पुलिसकर्मी भी दबोचे गए

रविवार को सबसे ज्यादा फिरोजाबाद में गिरफ्तारियां हुईं। यहां 14 सॉल्वर और जालसाज पकड़े गए। अकेले शिकोहाबाद थाना क्षेत्र में पकड़े गए नौ लोगों में दो पुलिसकर्मी भी बताए जा रहे हैं। इसमें एक 28 बटालियन पीएसी इटावा में नियुक्त बताया जा रहा है। दूसरे के फतेहपुर जिले में सिपाही के रूप में तैनाती की बात कही जा रही है।

## बलिया में 11 पकड़े गए, पेपर आउट कराने का झांसा देकर करते थे अभ्यर्थियों से सौदा

बलिया जिले में 11 लोग पकड़े गए हैं। इसमें तीन को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है। इसमें उपेन्द्र यादव और मार्कन्डेय यादव बलिया व स्वतंत्र यादव मऊ जिले का निवासी है। तीनों प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर आउट का झांसा देकर अभ्यर्थियों से पैसा वसूलते थे। प्रयागराज से अभ्यर्थियों को ठगने वाले तीन जालसाजों को गिरफ्तार किया गया। ये अभ्यर्थियों को प्रश्न पत्र दिलाने के नाम पर 10-2 लाख रुपये लेते थे।

अनदेखी

पिछले वर्ष निर्माण के लिए ग्राम पंचायतों को मिली थी पहली किस्त

# किस्त लेने के बाद गुम हो गए अन्त्येष्टि स्थल

विशेष

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश की ग्राम पंचायतों में पिछले वर्ष आवंटित अन्त्येष्टि स्थल धनराशि की पहली किस्त लेने के बाद से गुम हैं। गांवों में निर्माण हुआ या नहीं यह पता लगाना पंचायती राज निदेशालय के लिए मुश्किल है। आवंटित अन्त्येष्टि स्थलों के कार्यों की प्रगति पोर्टल पर नहीं है। इन्हीं कारणों से जिलों ने निर्माण की दूसरी किस्त निदेशालय से नहीं मांगी है। आशंका है कि कहीं धनराशि लेने के बाद पंचायतों ने निर्माण नहीं कराया या धनराशि मनमाने ढंग से खर्च की है। इसलिए पहली किस्त के उपभोग प्रमाण पत्र यानी खर्च धनराशि का हिसाब नहीं दे रहे हैं और बिना इसके निदेशालय दूसरी किस्त नहीं भेज पा रहा है। जो आगे लोकसभा चुनाव की आचार संहिता में मिलनी मुश्किल होगी और लापरवाही के कारण अन्त्येष्टि स्थल इस वर्ष अधूरे रह जाएंगे। जो पिछले वर्ष आवंटित हुए थे।

## बरेली ने 18 अन्त्येष्टि स्थलों की मांगी किस्त

प्रदेश में पिछले वर्ष एक हजार अन्त्येष्टि स्थलों का लक्ष्य मिला था। निर्माण की कुल लागत 24.36 लाख रुपये हैं। इसमें पहली किस्त में 75 प्रतिशत व दूसरी में 25 प्रतिशत धनराशि उपभोग प्रमाण पत्र के आधार पर मिलती है। इस योजना में बरेली की प्रगति ठीक है। जहां, 18 अन्त्येष्टि स्थलों का निर्माण कर दूसरी किस्त मांगी गई है। इसी तरह चंदौली ने एक, अमरोहा ने चार व सिद्धार्थ नगर ने दो व गौतमबुद्ध नगर ने किस्त मांगी है। जबकि शेष जिले के कार्यों का पता नहीं है।

अन्त्येष्टि स्थलों की दूसरी किस्त आवंटित होनी है। लेकिन, जिलों से मांग नहीं की गई है। कार्यों की प्रगति का पता नहीं है। सभी डीपीआरओ को चेतावनी देकर उपभोग प्रमाण पत्र मांगे हैं। मिलते ही जल्द दूसरी किस्त भेजी जाएगी।
– **राज कुमार**, निदेशक, पंचायती राज विभाग

- न कार्यों का पता न ही खर्च का हिसाब, फंसी दूसरी किस्त

## हिसाब देने का आज अंतिम दिन, डीपीआरओ होंगे जिम्मेदार

निदेशक पंचायती राज विभाग राज कुमार ने सभी जिला पंचायत राज अधिकारी को पत्र लिखकर चेतावनी दी कि 19 फरवरी तक खर्च का हिसाब न देकर दूसरी किस्त नहीं मांगी तो अपूर्ण कार्यों की जिम्मेदारी संबंधित की होगी। साथ ही प्रगति विभागीय पोर्टल एमपीआर पर अपडेट करना होगा। इससे समीक्षा करने के साथ शासन को अवगत कराया जाएगा।

UP NEW INDIA'S GROWTH ENGINE

औद्योगिक विकास परियोजनाओं का शुभारंभ | @4.0

— 19 फरवरी 2024 • लखनऊ —



# निवेश का महाकुंभ

**उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 19 फरवरी को होने जा रही ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 प्रदेश और देश के आर्थिक प्रक्षेप पथ के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर होगा। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0, भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर ले जाने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी दृष्टि और उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दृढ़ प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। जीबीसी 4.0 के जरिये 10 लाख करोड़ रुपए से अधिक के प्रोजेक्ट्स को धरातल पर उतार कर प्रदेश सरकार राज्य के विकास में नई जान फूंकने, रोजगार के अवसर पैदा करने और भविष्य के विकास को प्रशस्त कर रही है।**

सूबे को विकास की नयी बुलंदियों की ओर ले जा रही योगी सरकार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) 4.0 के जरिये नया इतिहास रचने जा रही है। यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 में प्राप्त निवेश प्रस्तावों को क्रियान्वित करने के लिए ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) का आयोजन किया जा रहा है। जीबीसी 4.0 का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। लखनऊ के साथ ही प्रदेश के सभी 75 जिलों में निवेश परियोजनाओं के लिए जीबीसी 4.0 का भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

इस बड़ी उपलब्धि को हासिल करने की ओर बढ़ रही योगी सरकार प्रदेश की विकास गाथा, वर्तमान उन्नति और भविष्य की संभावनाओं को प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों तक पहुंचायेगी। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित होने वाली इस तीन दिवसीय प्रदर्शनी में प्रदेश में एक्सप्रेसवे के विकास व संचालन और इनसे जुड़े टेक्नोलॉजिकल एडवांसमेंट्स, डिफेंस कॉरिडोर के अंतर्गत जारी विकास कार्यों तथा ईवी चार्जिंग स्टेशन की स्थापना व संचालन से जुड़े तमाम तथ्यों की जानकारी देने के उद्देश्य से यूपीडा द्वारा 75 स्क्वायर मीटर के वर्ग क्षेत्र में भव्य एग्जिबिशन स्टॉल लगाया जायेगा। इसके माध्यम से प्रदेश की वर्तमान प्रगति के साथ ही भविष्य की संभावनाओं को दर्शाया जाएगा।

## उत्तर प्रदेश की विकासगाथा का प्रस्तुतीकरण

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुसार तैयार की गई कार्ययोजना को क्रियान्वित करते हुए यूपीडा द्वारा जीबीसी 4.0 के अंतर्गत एग्जिबिशन स्टॉल लगाया जा रहा है। यह कई मायनों में विशिष्ट होगा। प्रदर्शनी स्टॉल में एलईडी टेलीविजन, पी2 उच्च गुणवत्ता वाली एलईडी वॉल, ब्रोशर व लीफलेट् जैसे विभिन्न माध्यमों के जरिये एक्सप्रेसवे, डिफेंस कॉरिडोर और ईवी चार्जिंग स्टेशनों के नवीनतम अपडेट के साथ राज्य में उपलब्ध विभिन्न अवसरों को प्रदर्शित किया जाएगा। यहां ऑडियो-विजुअल माध्यम से शॉर्ट फिल्मों (जो प्रदेश में एक्सप्रेसवे, डिफेंस निर्माण व ईवी चार्जिंग स्टेशंस के विकास व बदलते परिदृश्यों को शोकेस करेंगे) की स्क्रीनिंग, पॉलिसीज को हाइलाइट करने के लिए शॉर्ट क्लिपिंग्स को शोकेस किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, यहां आकर्षक फ्लेक्स, बैनर तथा डिस्प्ले स्टैंडीज समेत विभिन्न माध्यमों के जरिये आने वाले लोगों को सभी संबंधित विषयों की जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी। साथ ही, यहां आने वाले इन्वेस्टर्स को डायरी, स्मृति चिह्न और 8 जीबी का अच्छी गुणवत्ता वाला ड्राइव कार्ड भी प्रदान किया जाएगा।






## ओडीओपी प्रदर्शनी

जनपदों में होने वाले जीबीसी 4.0 आयोजन के दौरान वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। जीबीसी 4.0 के आयोजन के वक्त होने वाले नये निवेश के लिए भी लैंड फैसिलिटेशन की सुविधा होगी। जनपदों में होने वाले आयोजन के दौरान निवेशकों और स्थानीय उद्यमियों के सामने 'उद्यम प्रदेश' के रूप में तब्दील होते नए यूपी की झलकियां भी प्रस्तुत की जाएंगी। इतना ही नहीं राजधानी लखनऊ में आयोजित हो रहे ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 के मुख्य कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी सभी जिलों में आयोजित समारोह के दौरान किया जाएगा।





## पश्चिमांचल बना प्रदेश में निवेश का हॉट स्पॉट

- जीबीसी 4.0 के माध्यम से पश्चिमांचल में कुल लक्ष्य के 50 प्रतिशत से ज्यादा परियोजनाओं का शुभारंभ
- गाजियाबाद में 6000 करोड़ रुपये से स्वदेशी इंडस्ट्रियल पार्क प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क की स्थापना, 5 हजार रोजगार सृजन
- मुरादाबाद में हिंद टर्मिनल (शराफग्रुप) द्वारा लॉजिस्टिक एवं वेयरहाउसिंग में 1250 करोड़ रुपये का निवेश, 1250 लोगों के लिए रोजगार के अवसर
- अमेठी में वरुण बेवरेजेस द्वारा 780 करोड़ रुपये से फूड प्रॉसेसिंग में निवेश
- मून बेवरेजेस लि. द्वारा हापुड़ में 756 करोड़ रुपये से कोक, फैंटा, लिमका, स्पाइस, थम्सअप, किनले सोडा, माजा और रिमझिम जैसे प्रोडक्ट्स का उत्पादन
- मेरठ में विश्वकर्मा इंडस्ट्रियल स्टेट द्वारा 626 करोड़ रुपये से प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क की स्थापना, 6570 लोगों के लिए रोजगार के अवसर
- एटा में श्री सीमेंट नॉर्थ इंडिया द्वारा 600 करोड़ रुपये से नॉन मेटेलिक मिनरल प्रोडक्ट्स की मैन्युफैक्चरिंग यूनिट की स्थापना
- बुलंदशहर में कनोडिया सीमेंट लि. द्वारा 452 करोड़ रुपये से नॉन मेटेलिक मिनरल प्रोडक्ट्स की मैन्युफैक्चरिंग यूनिट की स्थापना
- मेरठ में मानसरोवर इंफ्राबिल्ड द्वारा 265 करोड़ रुपये से प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क की स्थापना, 10 हजार से अधिक लोगों को मिलेगा रोजगार
- आरके लक्ष्मी लॉजिस्टिक द्वारा संत कबीरनगर में लॉजिस्टिक एंड वेयरहाउसिंग में 250 करोड़ रुपए का निवेश

## पूर्वांचल का विकास

- पूर्वांचल के चंदौली में 7 हजार करोड़ रुपए से सॉलिड प्लाई प्रा. लि. द्वारा इंटीग्रेटेड टाउनशिप का निर्माण
- 333 एकड़ में बनने वाली यह इंटीग्रेटेड टाउनशिप टूरिज्म पॉलिसी 2022, लॉजिस्टिक पॉलिसी 2022, इंडस्ट्रियल पॉलिसी 2022, (नॉन पॉल्यूटिंग इंडस्ट्री) एजुकेशन, हेल्थ, हाउसिंग, पीएम आवास और ईओडब्ल्यू आदि से कवर
- चंदौली जिले में 6 हजार लोगों को रोजगार का सृजन
- जिले में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर नोएडा डेवलपमेंट कंपनी द्वारा इंटीग्रेटेड टाउनशिप और मॉल्स का विकास, 12 हजार लोगों को रोजगार
- वाराणसी में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के तहत भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स 1325 करोड़ की लागत से इंडस्ट्रियल प्रोडक्ट्स का निर्माण
- एपेक्स वेलकेयर ट्रस्ट द्वारा 325 करोड़ रुपए से हॉस्पिटल और कॉलेज की स्थापना
- अनीता डिस्टलरी द्वारा बस्ती में 300 करोड़ से बायो फ्यूल सेक्टर के तहत एथेनॉल, ईएनए और बॉटलिंग डीडीजीएस का उत्पादन

## जीबीसी-4.0 एक नजर में

**10 लाख 23 हजार 531 करोड़ रुपये की 14 हजार 619 परियोजनाएं धरातल पर उतरने को तैयार**

**500 करोड़ की 300 परियोजनाएं, 100 से 500 करोड़ की 895 परियोजनाएं, 10 से 100 करोड़ की 4,577 परियोजनाओं का शुभारंभ**

**निवेश परियोजनाओं में से 52% पश्चिमांचल में होंगी शुरू**

**आयोजन के दौरान पूर्वांचल, मध्यांचल और बुंदेलखंड में क्रमशः 29%, 4% और 5% निवेश परियोजनाओं को समायोजित करने की तैयारी**

**10 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश से राज्य भर में 34 लाख से अधिक मिलेंगी नौकरी**

**राज्य में 14,000 से अधिक परियोजनाएं क्रियान्वयन के लिए तैयार**

**ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए यूपीएसआईडीए ने 1.5 लाख करोड़ रुपये के निवेश की योजना बनाई**

**कुल 79 हजार करोड़ रुपये की 43 निवेश परियोजनाओं के साथ सोनभद्र का विकास**

## बुंदेलखंड की बदली तस्वीर

- झांसी में रेल विकास निगम लि. द्वारा 2840 करोड़ रुपये की लागत से एलबीएस कोच और ट्रैक वर्क्स वर्कशॉप की स्थापना, 1500 से अधिक लोगों को रोजगार
- चित्रकूट के बारगढ़ में वरुण बेवरेजेस लि. द्वारा 1252 करोड़ रुपए से फूड प्रॉसेसिंग सेक्टर में निवेश, 1500 स्थानीय लोगों को रोजगार
- ललितपुर में एफएसकेफॉइल इंडिया प्रा. लि. द्वारा 250 करोड़ रुपए की लागत से मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में निवेश

ADVERTORIAL

## शहर में आज

- ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी पंचायत भवन सभागार में पूर्वाह्न 11:00 बजे।
- शिवसेना की ओर से बाला साहब ठाकरे को भारत रत्न देने की मांग को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन पूर्वाह्न 11:00 बजे।

## एक नजर

### खाटू श्याम बाबा के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मोरबी नंदन सेवा धाम द्वारा कांशीराम नगर में रविवार को खाटू श्याम बाबा का कीर्तन किया गया। जिसमें बाबा का फूलों से शृंगार किया गया। कलाकार ओमकार देव, दिव्या शर्मा और आकाश भारद्वाज ने बाबा के भजनों से श्रद्धालुओं को थिरकने पर मजबूर कर दिया। रामवीर सिंह, रेखा रानी, देवराज सिंह, मिथिलेश, संजीव, कश्यप अर्चना, अनुपम चौधरी, विनीता, कुलदीप, रवि शर्मा और शिखा आदि मौजूद रहे।



परीक्षा के बाद स्टेशन रोड पर जाम में फंसे वाहन। ● अमृत विचार



परीक्षा के बाद रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार करते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार



मेरा पेपर काफी अच्छा हुआ है। मैंने कोचिंग से परीक्षा के लिए तैयारी की थी। जैसी तैयारी की थी, उसी के आधार पर पेपर आया। उम्मीद है कि रिजल्ट अच्छा आएगा।
**–ज्योति**, अभ्यर्थी



पेपर काफी कठिन था। लेकिन, हमने तैयारी भी अच्छी की थी। उसके हिसाब से 100 प्रतिशत किया है। जिससे चयन की उम्मीद है। वहीं परीक्षा केंद्र पर प्रशासन की ओर से अच्छी व्यवस्था की गई थी।
**–नेहा**, अभ्यर्थी



अपनी तरफ से पूरी कोशिश की है और पेपर भी अच्छा हुआ है। लेकिन, पेपर काफी कठिन था। परीक्षा के दौरान सख्ती भी अधिक थी। बाकी रिजल्ट आने पर ही पता चलेगा कि कितने नंबर आएंगे।
**–अब्दुल समद**, अभ्यर्थी

# दूसरे दिन 3688 अभ्यर्थियों ने छोड़ी पुलिस भर्ती परीक्षा

## 54 केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा में हुई परीक्षा, पहली पाली में 1457 व दूसरी पाली में गैरहाजिर रहे 2231 अभ्यर्थी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की ओर से आयोजित सिपाही भर्ती परीक्षा रविवार को भी दो पालियों में 54 केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा में हुई। दूसरे दिन 3688 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। पहली पाली में 1457 और दूसरी पाली में 2231 अभ्यर्थी परीक्षा से गैरहाजिर रहे। हालांकि शनिवार को पहले दिन जनपद में एक साल्वर व दो अभ्यर्थियों को गिरफ्तार किया गया था।

रविवार को दूसरे दिन सुबह 10 से 12 और दोपहर तीन से शाम पांच बजे तक दो पालियों में सिपाही भर्ती परीक्षा कड़ी सुरक्षा के बीच हुई। पहली पाली में 25176 अभ्यर्थियों को शामिल होना था, लेकिन सुबह की पाली में 1457 अभ्यर्थी शामिल नहीं हुए। इसी तरह दूसरी पाली की परीक्षा में 2231 अभ्यार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। दोनों पालियों की परीक्षा में कुल 3688 अभ्यर्थी परीक्षा देने के लिए नहीं पहुंचे। सभी 54 परीक्षा केंद्र शहरी क्षेत्र में पड़ने वाले 10 थाना क्षेत्रों में थे। सभी केंद्रों पर परीक्षा के दौरान जैमर लगाए गए थे। जिससे इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस से नकल न होने पाए। सभी केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट की निगरानी में परीक्षा संपन्न हुई। जबकि केंद्रों को 18 सेक्टरों में बांट कर सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई थी। पुलिस कंट्रोल रूम में सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की गई। परीक्षा केंद्र के गेट पर शिक्षा विभाग और पुलिसकर्मियों ने अभ्यर्थियों की चेकिंग की। उसके बाद ही उन्हें केंद्र में प्रवेश दिया गया। अभ्यर्थियों को सिर्फ पेन, पहचान पत्र और प्रवेश पत्र ही ले जाने दिया गया। जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना समेत अन्य अधिकारी केंद्रों का निरीक्षण करते रहे।



आरएन इंटर कॉलेज में परीक्षा देकर बाहर आते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

### दूसरे दिन भी परीक्षा के बाद लगा जाम

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रविवार को पुलिस भर्ती परीक्षा के बाद एक बार फिर महानगर की सड़कों पर जाम लग गया। देखते ही देखते महानगर में हर तरफ जाम लग गया। डबल फाटक, इम्पीरियल तिराहा, रेलवे स्टेशन व कपूर कंपनी पर काफी देर तक जाम लगा रहा। पुलिसकर्मी यातायात व्यवस्था सुचारु कराने को मशक्कत करते रहे। इसके अलावा बुध बाजार में भी भीषण जाम का नजारा देखने को मिला। जिससे दूर-दराज इलाकों से खरीदारी करने पहुंचे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं दूसरी ओर फव्वारा तिराहा व दिल्ली रोड पर भी हालात बेकाबू रहे। यहां भी वाहन कुछ देर के लिए पूरी तरह से थम गए। पुलिस कर्मचारियों ने किसी तरह यातायात व्यवस्था संभालकर जाम खुलवाया।

### सीबीएसई 10वीं, 12वीं की मुख्य विषयों की परीक्षा आज से

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10वीं व 12वीं बोर्ड की परीक्षा चल रही हैं। सोमवार से मुख्य विषयों की परीक्षाएं शुरू हो रही है। इसमें 10वीं कक्षा का संस्कृत कम्युनिकेटिव व संस्कृत विषय की परीक्षा है। वहीं 12वीं कक्षा की हिंदी इलेक्टिव व हिंदी कोर की परीक्षा है। यह परीक्षा सुबह 10 .30 बजे शुरू होंगी। बोर्ड ने छात्रों को परीक्षा केंद्र पर समय से पहुंचने की सलाह दी है।

### सादा कपड़ों में पुलिस ने की निगरानी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शनिवार को जब सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज केंद्र पर सॉल्वर पकड़ा गया तो रविवार को पुलिस ने और सख्ती कर दी। केंद्रों के बाहर अतिरिक्त पुलिस बल लगाया गया। इसके अलावा परीक्षा केंद्र के आसपास, रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड के आसपास सादे कपड़ों में पुलिसकर्मी और एसओजी के जवान तैनात रहे। परीक्षा के दौरान एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया, एसपी ट्रैफिक सुभाष चंद्र गंगवार, सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर, सीओ कटघर रूद्र कुमार सिंह, सीओ कोतवाली अपेक्षा निंबाडिया समेत सभी दस थाना प्रभारी भ्रमणशील रहकर व्यवस्था का जायजा लेते रहे।

# पुलिस भर्ती के 5000 से अधिक अभ्यर्थी स्पेशल ट्रेन से लौटे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- दो सामान्य श्रेणी की विशेष गाड़ियां डाउन दिशा को चलाई गईं
- पहली ट्रेन दिन के 2:30 बजे और दूसरी प्लेटफार्म सात से चली

**अमृत विचार:** पुलिस भर्ती परीक्षा की भीड़ नियंत्रित करने और उन्हें घर भेजने में रेल प्रबंधन ने फिर वही प्रयोग किया। लखनऊ और हरदोई के लिए दो स्पेशल सवारी गाड़ी का संचालन किया। दोनों गाड़ियां प्लेटफार्म संख्या छह और सात से रवाना की गयीं। देर शाम तक लखनऊ की ओर जाने वाली ट्रेनों में भी सिपाही भर्ती के अभ्यर्थी सवार होते देखे गए।

रेल प्रबंधन की तैयारी से जिला प्रशासन को भी राहत मिली। रोडवेज प्रबंधन को भी बसों के संचालन में आसानी रही। परीक्षा के दूसरे दिन भी महानगर की सड़कें जाम के हवाले रहीं। सुबह, दोपहर और शाम महानगर के लोगों को जाम से जूझना पड़ा। उधर, रेल प्रबंधन अपनी योजना के तहत स्पेशल ट्रेनों के संचालन में सुबह से ही जुटा रहा। रेल प्रबंधन की ओर से अनारक्षित टिकट खिड़की के साथ जनसाधारण टिकट बुकिंग सेवक (जेटीबीएस) को सक्रिय रखा। टिकट बिक्री देखने के बाद रेल प्रबंधन ने दिन के 2:30 बजे प्लेटफार्म संख्या छह से पहली ट्रेन को रवाना किया। यह गाड़ी 12 डिब्बे की थी, इसे यहां से लखनऊ के लिए रवाना किया गया। यह गाड़ी डाउन दिशा यानी लखनऊ की ओर स्थित सभी स्टेशनों पर रोकी गई। दूसरी गाड़ी शाम 7:30 बजे हरदोई तक के लिए चलाई गयी।

स्टेशन अधीक्षक महेंद्र कुमार ने बताया कि रेलवे पुलिस और आरपीएफ के जवानों की मदद से स्पेशल ट्रेनों को चलाया गया। रेलवे थाना के प्रभारी निरीक्षक राजन शर्मा ने बताया कि दिन और शाम की दोनों ट्रेनों में पांच हजार से अधिक यात्री सवार थे। स्पेशल ट्रेन में स्थान नहीं पाये कुछ यात्री अन्य ट्रेनों से भी रवाना हुए। अचानक यात्री बढ़ने और पुलिस भर्ती परीक्षा के मद्देनजर सुरक्षा प्रबंध मजबूत किया गया था। कंट्रोल से भीड़ और स्पेशल ट्रेन संचालन की निगरानी की जा रही थी।

# आज ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में जुटेंगे जिले के उद्यमी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के सफल आयोजन के क्रम में 27000 से अधिक निवेश प्रस्ताव (एमओयू) प्राप्त हुए थे। जिसमें 38.78 लाख करोड़ से अधिक का निवेश तथा 1.12 करोड़ रोजगार दिया जाना है। इन प्रस्तावों को धरातल पर लाने के लिए सोमवार को पंचायत भवन में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन होगा। वहीं लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में भी जिले के 150 बड़े उद्यमियों को आमंत्रण मिला है।

सोमवार को लखनऊ में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आरंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। इसका सीधा प्रसारण पंचायत भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में भी दिखाया जाएगा। इस कार्यक्रम में स्थानीय जन प्रतिनिधियों के अलावा पीतल नगरी के निर्यातक भी जुटेंगे। संयुक्त आयुक्त उद्योग योगेश कुमार ने बताया कि स्थानीय स्तर पर आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में उद्यमियों के साथ संबंधों को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने बताया कि 10 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश वाले जिले के 150 उद्यमियों को लखनऊ में बुलाया गया है। जिसमें सेंचुरी पेपर मिल, नोदी एक्सपोर्ट, सीएल गुप्ता सहित अन्य औद्योगिक घराने के उद्यमी शामिल हैं।

### विधानसभा क्षेत्र वार मौजूद रहेंगे जनप्रतिनिधि

कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। संयुक्त आयुक्त उद्योग ने बताया कि पंचायत भवन सभागार में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में नगर विधायक रितेश गुप्ता मुख्य अतिथि रहेंगे। इसके अलावा ठाकुरद्वारा में विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, मुरादाबाद ग्रामीण में सांसद घनश्याम लोधी, कुंदरकी में लोकसभा सांसद राजवीर दिलेर, बिलारी में लोकसभा सांसद विजय कुमार दुबे उपस्थित रहेंगे।

## सॉल्वर व दो अभ्यर्थियों को पुलिस ने भेजा जेल

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश पुलिस में सिपाही भर्ती परीक्षा में शनिवार को सॉल्वर गैंग ने सेंधमारी कर दी थी। पुलिस ने सिविल लाइंस थाना क्षेत्र स्थित महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र से बिहार के सीतामढ़ी निवासी अवनीश कुमार को गिरफ्तार किया था।

अवनीश पहली पाली में ठाकुरद्वारा के शिवनगर निवासी अभिषेक कुमार के स्थान पर परीक्षा देने आया था। जबकि उसका साथी इगरा गांव निवासी मनीष के स्थान पर परीक्षा देने आया था। लेकिन वह भाग गया। जिसके बाद पुलिस ने दिल्ली रोड स्थित मॉर्डन पब्लिक स्कूल से मनीष को गिरफ्तार किया था। क्योंकि सॉल्वर के भाग जाने के कारण मनीष खुद ही परीक्षा देने पहुंचा था। एसपी क्राइम सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि पकड़े गए सॉल्वर अवनीश और अभ्यर्थी अभिषेक व मनीष को जेल भेजा गया है।

# ट्रेनों की लेटलतीफी से यात्री परेशान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मौसम बदलने के साथ लंबी दूरी की ट्रेनों के समयबद्ध संचालन का दावा करने वाला रेल प्रबंधन यात्रियों के सवाल का जवाब नहीं दे पाया। आनंद विहार से चलने वाली सुपरफास्ट सप्त क्रांति एक्सप्रेस, कुंभ, दून एक्सप्रेस, सुपरफास्ट हिमगिरि के यात्रियों ने पूछताछ केंद्र पर कई बार हंगामा किया। भीड़ के मद्देनजर स्टेशन पर भारी संख्या में सुरक्षा बल के जवान तैनात रहे।

रेलवे कंट्रोल के अनुसार रविवार को अमृतसर की ओर जा रही जननायक 46 मिनट देरी से आई। अलीगढ़ जाने वाली गजरौला स्पेशल के 30 मिनट देरी से चलने की सूचना रही। हावड़ा से चलकर देहरादून को जाने वाली कुंभ एक्सप्रेस के देरी से चलने का क्रम नहीं थमा। यह गाड़ी 4 घंटा 55 मिनट देरी से पहुंची। दानापुर जाने वाली जनसाधारण के यात्रियों को 1 घंटा 56 मिनट इंतजार करना पड़ा। भुज से चलकर बरेली जाने वाली आलाहजरत एक्सप्रेस डेढ़ घंटा विलंबित रही। आनंद विहार से चलने वाली सुपरफास्ट सप्त क्रांति एक्सप्रेस 3 घंटा 04 मिनट देरी से चल रही है। यह ट्रेन बिहार के मुजफ्फरपुर को जाती है। अयोध्या को जाने वाली दो आस्था स्पेशल ट्रेनों के देरी से चलने की सूचना है। जैसलमेर और बीकानेर से चलने वाली दोनों ट्रेनें आरक्षित करके चलाई गयीं हैं। दोनों गाड़ियां दो घंटे की देरी से चल रहीं हैं। उधर, दून एक्सप्रेस 3 घंटा 50 मिनट, हिमगिरि सुपरफास्ट 2 घंटा 15 मिनट, किसान मेल 1 घंटा 05 मिनट और जनता एक्सप्रेस 40 मिनट की देरी से पहुंची।

### एक मार्च से नियमित होगी उत्तरांचल संपर्क क्रांति एक्सप्रेस

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रामनगर-काठगोदाम और मुरादाबाद के यात्रियों की लाइफलाइन उत्तरांचल संपर्क क्रांति एक्सप्रेस 1 मार्च से नियमित होगी। दिल्ली से पूर्वोत्तर की प्रमुख न्यू जलपाईगुड़ी एक्सप्रेस भी मार्च माह के पहले सप्ताह से नियमित चलेगी। लंबी दूरी की इस साप्ताहिक ट्रेन को मंडल मुख्यालय से आने-जाने वाली विशेष गाड़ी के रूप में देखा जाता है। सूत्रों की मानें तो कोहरा सीजन की निरस्त ट्रेनों को बहाल करने में रेल प्रबंधन जुट गया है। काठगोदाम से दिल्ली के बीच रोजाना चलने वाली (15036) और रामनगर से मुरादाबाद के बीच सेवा देने वाली (25036) और मुरादाबाद से रामनगर के बीच चलने वाली (25035) एक्सप्रेस और दिल्ली से काठगोदाम के बीच चलने वाली (15035) 29 फरवरी तक निरस्त है। यह दोनों जोड़ी गाड़ियां मुरादाबाद में लिंक होकर चलती हैं। काठगोदाम- रामनगर से चलने वाली दोनों ट्रेनें यहां से रोजाना दिल्ली के लिए चलती हैं लेकिन, दिसंबर माह से दोनों ट्रेनें दो- दो दिनों के अंतराल पर चल रही हैं। दोपहर को यहां से दिल्ली जाने वाली ट्रेनें 1 मार्च से नियमित चलेंगी।




श्री कल्कि धाम मन्दिर
एचौड़ा कम्बोह के भूमिपूजन कार्यक्रम में
माननीय प्रधानमंत्री
श्री नरेन्द्र मोदी जी
एवं माननीय मुख्यमंत्री
श्री योगी आदित्यनाथ जी
के सम्भल आगमन पर
हार्दिक स्वागत व अभिनन्दन
परमेश्वरलाल सैनी
पूर्व प्रत्याशी
08 लोकसभा क्षेत्र सम्भल

## एक नजर

### 64 परीक्षार्थियों ने छोड़ी पुलिस भर्ती परीक्षा

**बिलासपुर, अमृत विचार :** हाईवे स्थित न्यू ऐज पब्लिक स्कूल में पुलिस भर्ती परीक्षा रविवार को भी हुई। आखिरी पाली में 27 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। अंतिम यानी चौथी पाली में 384 में से 357 परीक्षार्थी ही परीक्षा देने पहुंचे। दोनों दिनों की चारों पालियों में 1536 परीक्षार्थियों में से कुल 64 ने परीक्षा ही नहीं दी। एसडीएम हिमांशु उपाध्याय व सीओ रवि खोखर ने परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न होने पर सभी का आभार जताया।

### पेंशन बढ़ाने पर कर्मचारियों के चेहरे खिले

**रामपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय संघर्ष समिति से जुड़े रिटायर्ड कर्मचारियों की पेंशन बढ़ाने पर उनके चेहरे खिल उठे। कर्मचारियों का कहना है कि 21 फरवरी को दिल्ली में बैठक होनी है, जिसमें कई अहम फैसले लिए जाएंगे। ऐसे में कर्मचारियों में पेंशन की बढ़ोतरी होने की संभावना है।

# बाइक में ट्रैक्टर ने मारी टक्कर, विद्युत कर्मचारी की मौत, भतीजा घायल

संवाददाता, कुंदरकी



**अमृत विचार:** मुरादाबाद-अलीगढ़ नेशनल हाईवे पर बाइक सवार चाचा-भतीजे को ईंटों से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने टक्कर मार दी। जिसमें बाइक चला रहा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और दूसरे को भी चोंटे आईं। दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुंदरकी लाया गया। जहां चिकित्सक ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मृतक के परिजनों को दी गई। जिससे परिवार में कोहराम मच गया।

**▸▸ हादसे के बाद मृतक के परिजनों में मचा कोहराम**

जानकारी के अनुसार उमेश कुमार (32) पुत्र करन सिंह निवासी ग्राम मनकुला गुलरिया थाना बिलारी मझोला बिजली घर मुरादाबाद में संविदा कर्मी के पद पर तैनात है। रविवार की देर शाम उमेश अपने भतीजे शेखर के साथ ड्यूटी करके बाइक से घर लौट रहा था। बताया गया है कि जैसे ही वह लोग थाना कुंदरकी क्षेत्र के अंतर्गत हाईवे स्थित ग्राम कमालपुर फतेहाबाद पर न्यू सैनिक इंटर कॉलेज के समीप पहुंचे तो अनियंत्रित ईंटों से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और बाइक चला रहा उमेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। साथ ही भतीजे शेखर को भी चोंटे आईं। बताया कि उमेश ने हेलमेट पहन रखा था, लेकिन वह भी टूट गया। दोनों घायलों को गंभीर अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुंदरकी लाया गया। जहां पर डॉक्टर ने उमेश कुमार को मृत घोषित कर दिया जबकि शेखर का प्राथमिक उपचार किया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया गया कि चालक ट्रैक्टर को लेकर मौके से फरार हो गया। मृतक परिवार में दो भाइयों में छोटा था। बड़े भाई संतोष कुमार, बहन मुनेश, पत्नी पूजा, मां कांति देवी और दो बेटे ऋषभ और प्रशांत सहित समस्त परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

### बुद्धि विहार स्थित कार्यालय में आयोजन समिति की बैठक में सदस्यों को सौंपी जिम्मेदारी

# संत गुरु रविदास जन्मोत्सव पर निकलेगी शोभायात्रा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



बुद्धि विहार में श्री संत गुरु रविदास जन्मोत्सव समिति की बैठक को संबोधित करते पूर्व सांसद शीशराम रवि। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** संत गुरु रविदास जन्मोत्सव समिति की बैठक रविवार को बुद्धि विहार स्थित संगठन के शिविर कार्यालय में हुई। बैठक के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद बिजनौर शीशराम रवि ने आयोजन समिति के सदस्यों को उनकी जिम्मेदारी सौंपी।

बताया कि माघ पूर्णिमा (24 फरवरी) को संत गुरु रविदास का जन्मोत्सव टाउन हॉल परिसर में मनाया जाएगा, जिसमें भंडारा सुबह के 11 से शुरू होगा। शोभायात्रा का आरंभ राजकीय इंटरमीडिएट कॉलेज परिसर से किया जाएगा। शोभा यात्रा मंडीचौक, बर्तन बाजार, गंज बाजार, कोतवाली, गुरहट्टी, ताड़ीखाना, गुलजारीमल धर्मशाला होते हुए नगर निगम के टाउन हॉल पहुंचेगी। शोभायात्रा में समाज के महापुरुषों की झांकियां रहेंगी। बैठक की अध्यक्षता कर रहे मंगू सिंह ने तैयारी का विवरण रखा। संचालन संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डिंपल सागर ने किया। बैठक में बृजमोहन सिंह रवि, संजू सागर, मास्टर विनोद कुमार, गजेंद्र सिंह, हरिओम गुप्ता, चंदन, ओम प्रकाश, संजीव, करण सिंह, आरके गौतम, उमेश गौतम आदि मौजूद रहे।

# अपने शिष्य को महान बनाता है गुरुः अर्द्धमौनी

## असत्य, निर्दयता, अपवित्रता, अहंकार में रहता कलयुग, जन्मों की बुराई गुरुदेव क्षण ही में नष्ट कर देते हैं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



नागेश्वर मंदिर मिलन विहार में भजनों पर झूमतें श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** नागेश्वर मंदिर मिलन विहार में आयोजित भजन संध्या में कथा व्यास धीरशांत दास अर्द्धमौनी ने बताया कि कलयुग की प्रार्थना स्वीकार करके राजा परीक्षित ने उसे चार स्थान दिए द्यूत, मद्यपान, स्त्री-संग और हिंसा। इन स्थानों में असत्य, मद, आसक्ति और निर्दयता, ये चार प्रकार के धर्म निवास करते हैं। उसने और भी स्थान मांगे तब समर्थ परीक्षित ने उसे रहने के लिए एक स्थान अवैध स्वर्ण दिया। इस प्रकार कलयुग के पांच स्थान हो गए। झूठ, मद, काम, वैर और रजोगुण।

कथा व्यास ने बताया कि गुरु में और पारस पत्थर में अंतर है, यह सब संत जानते हैं। पारस तो लोहे को सोना ही बनाता है, परंतु गुरु शिष्य को अपने समान महान बना लेता है। कुबुद्धि रूपी कीचड़ से शिष्य भरा है, उसे धोने के लिए गुरु का ज्ञान जल है।

जन्म जन्मान्तरों की बुराई गुरुदेव क्षण ही में नष्ट कर देते हैं। जीवन, जवानी तथा राज्य का भेद से कोई भी स्थिर नहीं रहते। वहीं भजनोत्सव में लाडली अद्भुत नजारा तेरे बरसाने का है, लाली जन्म सुन आई मईया दे दो बधाई, राम नाम लेने से तेरा बेड़ा पार है एवं होली आई रे कन्हाई रंग भरके सुना दें जरा बांसुरी, आज ब्रज में होली मेरे रसिया पर लोग झूमें। इस दौरान व्यवस्था में सरला मिश्रा, अरविंद मिश्रा, दिव्या मिश्रा, युक्ति मिश्रा, ऐमी मिश्रा, ओमप्रकाश शर्मा, पुष्पा शर्मा, राजीव मिश्रा, ईशा मिश्रा, कुसुम मिश्रा, सतीशचन्द्र शर्मा, विमलेश शर्मा, रामानंद शर्मा, अशोक शर्मा, सोनी शर्मा, सुनीता मिश्रा, राजकुमार, तरुण शर्मा, राधिका शर्मा, आशी, कृष्णा, गणेश शर्मा, कार्तिकेय शर्मा, रमेशचन्द्र शर्मा, सुनीता शर्मा, अरविंद्र भारद्वाज, लक्ष्मी भारद्वाज, विवेक भारद्वाज, गुंजन भारद्वाज, अमित भारद्वाज, सचिन शर्मा, सुरेन्द्र कुमार शर्मा, अंजू शर्मा, आकाश शर्मा, तनु शर्मा, सरिता कौशिक, विनय कौशिक, स्वाति कौशिक, आलोक कौशिक आदि मौजूद रहे।

**▸▸ नागेश्वर मंदिर मिलन विहार में भजन संध्या का आयोजन**

### भगवान सदा ही अपने भक्त की रक्षा करते हैं

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मनोरंजन सदन में चल रही मां पीतांबरा बगलामुखी देवी महायज्ञ और श्री भक्तमाल कथा में रविवार प्रात:कालीन सत्र में श्रीअष्ट लक्ष्मी मंगला गौरी यज्ञ हुआ। इसमें मुख्य यजमान अरविंद अग्रवाल, मयंक यादव, कृष्ण गोपाल शर्मा, प्रशांत सक्सेना, नवनीत पाठक, अंकित अग्रवाल, अतुल सोती रहे। अनुष्ठान श्रीपरिवार पीठाधीश्वर प. कृष्णा स्वामी के निर्देशन में आचार्य कामेश्वर मिश्र ने कराया। सांध्यकालीन सत्र में पंडित नंद किशोर पाण्डेय ने कहा कि परीक्षित अर्जुन के पौत्र अभिमन्यु और उत्तरा के पुत्र, जनमेजय के पिता थे। जब ये गर्भ में थे तब अश्वत्थामा ने ब्रह्मशिर अस्त्र से परीक्षित को मारने का प्रयत्न किया था। ब्रह्मशिर अस्त्र का संबंध भी भगवान ब्रह्मा से है तथा ब्रह्मा के ही महान अस्त्र ब्रह्मास्त्र के समान शक्तिशाली, अचूक और घातक कहा गया है। इस घटना के बाद योगेश्वर श्रीकृष्ण ने अपने योगबल से उत्तरा के मृत पुत्र को पुन: जीवित कर दिया था। महाभारत के अनुसार कुरुवंश के परिक्षीण होने पर जन्म होने से वे परीक्षित कहलाए। उन्होंने कहा कि भगवान सदा ही अपने भक्तों का पूरा ध्यान रखते हैं और समय आने पर वह स्वयं प्रकट होकर भक्त का उद्धार करते हैं। इस अवसर पर अवनीत सक्सेना, मधु बंसल, पारस गुप्ता, जीएस कोठियार, अरुण अग्रवाल, सीमा विशनोई आदि मौजूद रहे।



रैली में शामिल महिलाएं। ● अमृत विचार

### ब्रह्माकुमारीज ने मोरा गांव में निकाली रैली

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की स्थानीय शाखा के तत्वावधान में रविवार को मोरा गांव एवं मिलन विहार कॉलोनी में रैली निकाली गई। रैली के दौरान मोरा गांव में नौ स्थानों पर झंडारोहण किया गया।

शिव शक्ति भवन गोल्डन एनक्लेव सेन्टर की सुमित्रा दीदी के नेतृत्व में रैली निकाली गई। इसके साथ ही झंडारोहण के बाद बाबा की मुरली की धुन सुनाई गई। इसके बाद वहां मौजूद सभी लोगों को बाबा का भोग प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर सुमित्रा दीदी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि फरवरी एवं मार्च माह में ब्रह्माकुमारीज द्वारा अन्य स्थानों पर रैली का आयोजन और चयनित स्थानों पर झंडारोहण किया जाएगा।

# मंडल में चार डाकघर निर्यात केंद्र खुले, निर्यात को मिलेगा बढ़ावा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**▸▸ एक जिला एक उत्पाद और एमएसएमई प्रोत्साहित होगा**

**अमृत विचार:** विश्वनीय सेवा और पहचान वाला डाक विभाग अब नई जरूरतों की सेवाओं को लेकर लोगों के बीच उतरा है। विभाग इसे अब केवल मामूली डाक सेवा की परिधि से बाहर निकालने में जुटा है। डाकघर निर्यात केंद्र की नई सेवा उसमें से एक है। मंडल में चार केंद्र खुल गए हैं। जहां से निर्यात कारोबारी सेवा लेंगे।

18 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विभाग के कार्य की समीक्षा के बाद नई सेवाओं के साथ डाक विभाग की वैश्विक पहचान बनाने का सुझाव दिया था। अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर स्थापना के टिकट जारी करने के दौरान विभाग को व्यापक पैमाने पर सेवा देने का अवसर समझाया था। उसके बाद से भी विभाग तरह-तरह की सेवाओं का प्रस्ताव लेकर लोगों के बीच में आ रहा है। चार स्थान पर डाकघर निर्यात केंद्र की स्थापना हो चुकी है। यह केंद्र वन स्पाट सेंटर की तरह होगा। निर्यातकों को विभाग की कुरियर डाक सेवा दी जाएगी, जहां दो किलोग्राम वजन के सामान की बुकिंग की जा सकेगी। उत्पाद के नमूने भेजने के लिए निर्यातक घर बैठे दुनिया के देशों में इस सेवा का लाभ ले सकेंगे। इसके लिए सुविधा लेने वाले को अपना पैकेट विभाग के काउंटर तक पहुंचाना होगा। जबकि विभाग के कर्मचारी अति आधुनिक संचार सेवाओं के साथ यहां तैनात रहेंगे। विभाग की यह सेवा ऑनलाइन देखी जा सकेगी। जिस तरह से लोग अपने पत्र और अन्य तरह के सामान ट्रैक करते थे, वही सेवा निर्यात उत्पाद के लिए भी दी जा रही है।

दुनिया भर में इस तरह के 1.60 लाख केंद्र है। इंडिया पोस्ट उससे सीधे जुड़ा है। यह केंद्र ओडीओपी और एमएसएमई के सदस्यों अथवा कंपनियों के लिए फायदेमंद होगा। प्रवर डाक अधीक्षक सचिन चौबे ने बताया कि यह कुरियर एक्सप्रेस एंड पार्सल की सेवा है। दो किलोग्राम वजन का पैकेट भेजा जा सकेगा। मंडल में चार केंद्र खुले है। मुरादाबाद के अलावा संभल, रामपुर और अमरोहा में यह काउंटर खुल गया है। मंडल के सभी केंद्र दिल्ली से जुड़े हैं। देश भर में ऐसे मुख्य सात केंद्र हैं।




कपूर कंपनी पुल के पास अवैध कट से जान जोखिम में डालकर जाते लोग। ● अमृत विचार

### ट्रिपलर पलटने से जाम वाहनों की कतार लगी

**अगवानपुर, अमृत विचार:** थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के कांठ रोड पर स्थित गांव सेरुवा धर्मपुर के बीच हाईवे पर गहरे गड्ढे होने के कारण गन्ने से भरा ट्रिपलर पलट गया। जिससे लगभग डेढ़ घंटे तक हाईवे पर जाम लगा रहा। सूचना पर ट्रैफिक पुलिस मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद यातायात सुचारु कराया।

सेरुवा धर्मपुर गांव के घरों से निकलने वाले पानी के साथ ही बारिश का पानी की निकासी की व्यवस्था नहीं है। इससे हाईवे पर पानी जमा हो जाता है। जिससे हाईवे जगह-जगह गहरे-गहरे गड्ढे हो गए हैं। जिसमें आए दिन वाहन पलटने से हादसे हो चुके हैं। वहीं रविवार को गन्ने से लदा ट्रिपलर पलटने से जाम लग गया। सूचना पर पहुंची ट्रैफिक पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद यातायात को सुचारू कराया। वहीं पानी की निकासी को लेकर ग्रामीणों में ग्राम प्रधान के प्रति आक्रोश है।

# निराश्रित कन्या का विवाह कराया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



जिगर कॉलोनी में शादी में शामिल समाजवादी पार्टी महिला सभा की पदाधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** समाजवादी महिला सभा की पदाधिकारियों व सदस्यों ने रविवार को एक निराश्रित कन्या का विवाह कराया। महिला सभा की पदाधिकारियों ने बेटी के धर्म अनुसार रीति रिवाज के साथ बेटी की बरात का स्वागत कर विवाह की रस्में कराईं।

जिगर कालोनी स्थित बैंक्वेट हॉल में इटावा निवासी गौरीशंकर शर्मा अपने पुत्र प्रशांत मिश्रा की बरात लेकर पहुंचे। जहां समाजवादी महिला सभा की जिलाध्यक्ष शीरी गुल की अगुआई में बरात का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चारण्स्मो के बीच कविता की जयमाला की रस्म कराई। बरातियों के खानपान की व्यवस्था की गई। महिला सभा की सदस्याओं ने मंगल गीत गाए। सभी ने वर वधू को उपहार भेंट किये और आशीर्वाद प्रदान कर नवविवाहित जोड़े के उज्जवल भविष्य की कामना की। समाजवादी महिला सभा की जिलाध्यक्ष शीरी गुल, बसपा मंडल कोऑर्डिनेटर रणविजय सिंह, पूर्व महानगर अध्यक्ष शाने अली शानू, सपा छात्र सभा की राष्ट्रीय सचिव दुर्गा शर्मा, कुलदीप तुरैहा, हारुन पाशा, धर्मेंद्र यादव, सरिता यादव, राजेन्द्र कुमार, साजदा जैदी के सहयोग से बेटी को विदा किया गया।

### शराब पीकर गाली देने वाला सिपाही निलंबित

**रामपुर, अमृत विचार:** राधा रोड पर सिपाही नशे में बाइक खड़ा कर दुकान पर चला गया। वहां उसने गालियां दीं। किसी ने सिपाही का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। एसपी ने सिपाही तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

जनता की सुरक्षा का दावा करने वाली खाकी आए दिन किसी न किसी तथ्यों को लेकर विवादों में रहती है। ऐसे लोगों पर कार्रवाई की जाती है लेकिन उसके बाद भी सुधरने को तैयार नहीं हैं। अब शराब पीकर सिपाही का गाली देने का नया मामला आया है। पुलिस लाइन में तैनात कुलदीप तोमर की ड्यूटी जौहर विश्वविद्यालय में है। शनिवार को वह वहां पर नहीं पहुंचा। बल्कि राधा रोड पर पहुंच गया। यहां नशे में बाइक रोड के बीच खड़ी कर दी। इसके बाद एक दुकान पर जाकर वहां से गुजरने वाले लोगों को गाली देना शुरू कर दी।

**आयोजन** | फाइनल में ग्रीन जायंट्स को हराया, आईएमए मुरादाबाद ने कराई प्रतियोगिता

# आईएमए क्रिकेट टूर्नामेंट में ब्लू ब्रिलिएंट चैम्पियन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



आईएमए दौड़ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करतीं प्रतिभागी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** आईएमए मुरादाबाद की ओर से रविवार को रेलवे स्टेडियम में आईएमए क्रिकेट टूर्नामेंट और दौड़ भाग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें क्रिकेट में ब्लू ब्रिलिएंट की टीम विजेता रही।

कार्यक्रम की शुरुआत आईएमए अध्यक्ष डॉ. रवि गंगल ने अतिथियों व प्रतिभागियों का स्वागत कर किया। क्रिकेट टूर्नामेंट में चार टीम रही। ग्रीन जायंट्स के कप्तान डॉ. चंद्रशेखर, ब्लू ब्रिलिएंट के कप्तान डॉ. मोनिस, ऑरेंज हंटर्स के कप्तान डॉ. अरुण चुघ, रेड चिलीज के कप्तान डॉ. राजेश सिंह रहे। फाइनल मैच ब्लू ब्रिलिएंट और ग्रीन जायंट्स के बीच खेला गया। इसमें ब्लू ब्रिलिएंट चैम्पियन बनी। इस दौरान कमेंट्रेटर डॉ. अरुण चुघ, डॉ. विभोर जैन और डॉ. रवि गंगल रहे। महिला ब्रिस्क वॉकिंग रेस में डॉ. दीपाली प्रथम, डॉ. सुगंधा द्वितीय, डॉ. लीना चौहान तृतीय स्थान पर रहीं। म्यूजिकल चेयर में डॉ. रेनू जैन ने पहला, डॉ. धन्वंतरि रानी ने दूसरा और डॉ. बबीता गुप्ता ने तीसरा स्थान हासिल किया। बच्चों की लेमन रेस में अद्विक प्रथम, मुग्धा द्वितीय और सानवी तृतीय रही। स्पोर्ट्स सेक्रेट्री डॉ. मोनिस जलील का इस आयोजन में अहम योगदान रहा। इस दौरान डॉ. श्रुति खन्ना, डॉ. अनंत राणा, डॉ. जेके शर्मा, डॉ. अनुराग खन्ना, डॉ. आरपी सिंह, डॉ. चंद्रशेखर आदि मौजूद रहे।

### 11वीं की छात्रा को ले गया किशोर, रिपोर्ट दर्ज

**स्वार, अमृत विचार:** प्रेम प्रसंग के चलते किशोर कक्षा 11 की दलित छात्रा को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं मे रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

मिलकखानम के एक गांव निवासी दलित किशोरी कोतवाली के एक में अपनी नानी के घर रहती थी। किशोरी नगर के एक इंटर कालेज मे कक्षा 11 का छात्रा है। प्रेम प्रसंग के चलते गांव डिलारी निवासी साजिद 13 फरवरी को दलित छात्रा को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। किशोरी के पिता ने साजिद, हुसैन खान, जाकिर खान, तस्लीम जहां, मुर्सलीन को नामजद कर अपहरण कर ले जाने की पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाल संदीप त्यागी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।



ओपन स्टेज कार्यक्रम में मौजूद महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष प्रिया अग्रवाल, संस्था के पदाधिकारी व कलाकार। ● अमृत विचार

# कार्यक्रम में कलाकारों ने दिखाई प्रतिभा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** ईवाईएलएम बैठक फाउंडेशन की ओर से ओपन स्टेज कार्यक्रम हुआ। इसमें मुरादाबाद, बरेली, नजीबाबाद, कांठ आदि क्षेत्रों के विभिन्न कलाकारों ने प्रतिभाग किया। इन युवा कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया।

कार्यक्रम का आयोजन मां यशोदा फूड कोर्ट में हुआ। इसकी शुरुआत मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष प्रिया अग्रवाल और शैल अग्रवाल ने मां सरस्वती के चित्र के आगे दीप प्रज्ज्वलित कर की।

प्रतिभागियों ने सुंदर गीत, मनमोहक रचनाएं, वादन प्रस्तुतियां, नृत्य एवं नाट्य प्रस्तुतियां दीं। परम जैन के ड्रम्स, सानिया गुरव का नृत्य, नजीबाबाद से आए कवि अरविंद गौतम, रहमान, अथर्व, आकर्षा, विवेक, लक्ष्य, सप्तृषि आदि ने विभिन्न मनमोहक प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया। इस दौरान वैभव अग्रवाल, सारिका रॉय, रोईना अरोड़ा, गीतिका ढिंगरा, फाउंडेशन की संस्थापिका इशिका सिंह, निर्देशक ऋभु फर्स्वाण, अक्षत टंडन आदि मौजूद रहे।


नगर पालिका परिषद, सम्भल उ०प्र०
स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर
श्री कल्कि धाम
ऐंचौड़ा कम्बोह जनपद-सम्भल में
माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी
एवं
माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी
के आगमन पर नगर पालिका परिषद, सम्भल जनपद-सम्भल
हार्दिक/अभिनन्दन करती है।


नगर पंचायत सिरसी जनपद-सम्भल
श्रीकल्कि धाम ऐंचौड़ा कम्बोह जनपद-सम्भल में आगमन पर
माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी
एवं माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी
का हार्दिक स्वागत
व अभिनन्दन
कौसर अब्बास
अध्यक्ष
नगर पंचायत सिरसी
जनपद-सम्भल
राजेश सिंघल
क्षेत्रीय उपाध्यक्ष - पश्चिम उ०प्र०
चौ० हरेन्द्र सिंह
जिलाध्यक्ष - सम्भल

## एक नजर

### दूसरे दिन भी शांतिपूर्ण संपन्न हुई पुलिस भर्ती परीक्षा

**गजरौला, अमृत विचार :** दूसरे दिन भी पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा नगर के दो व क्षेत्र के चार केंद्रों पर हुआ। सभी केंद्रों पर परीक्षा शांति के साथ सम्पन्न हुई। पुलिस-प्रशासन परीक्षा को शांतिपूर्ण व सुचितापूर्ण तरीके से कराने के लिए पूरी तरह सतर्क रहा। शनिवार की तरह ही रविवार को भी दो पालियों में परीक्षा हुई। नगर के ज्ञान भारती इण्टर कॉलेज व शिव इण्टर कॉलेज समेत श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय व महाराजा अग्रसेन कॉलेज आफ एजुकेशन में भी परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे। सुबह पहली पाली 10 से 12 और दूसरी पाली तीन से पांच बजे तक चली। इसके लिए दो घंटे पहले ही परीक्षार्थी केंद्रों पर पहुंचने शुरू हो गए थे। सीओ श्वेताभ भास्कर, प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन, अपराध निरीक्षक बालेन्द्र सिंह, कस्बा इंचार्ज अरुण कुमार गिरि, उपनिरीक्षक सुभाष चौधरी सहित अन्य थानों की फोर्स भी परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिए पूरी तरह सतर्क रही। रविवार को भी फोटो कॉपी आदि की दुकानें पूरी तरह बंद रहीं।

### मरने के बाद भी दुनिया देखती रहेंगी रामकिशोर की आंखें

**हसनपुर, अमृत विचार :** रविवार की सुबह वरिष्ठ व्यापारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता



रामकिशोर सिंघल का निधन हो गया। इसके बाद उनके पुत्रों ने पिता की आंखों का दान करके किसी की अंधेरी जिंदगी में उजाला करने का मन बनाया। सामाजिक कार्यकर्ता राजन अग्रवाल की मदद से सीएल गुप्ता आई बैंक के पदाधिकारियों व चिकित्सकों ने 99 वर्षीय रामकिशोर सिंघल की आंखों का कार्निया निकाल कर सुरक्षित रख लिया है। उनके परिवार में तीन बेटे अरुण सिंघल, गिरीश सिंघल एवं प्रवीण सिंघल हैं।

### मारपीट के बाद दी जान से मारने की धमकी

**गजरौला, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला सुल्ताननगर निवासी युवक व उसके परिजनों के साथ मारपीट करके जान से मारने की धमकी दी गई। घटना की तहरीर पुलिस को दी गई है। मोहल्ला निवासी दिनेश कुमार को एक दंपती ने गाली-गलौज करने के बाद पीट दिया। शोर-शराबा सुनकर दिनेश की पत्नी मधु, मां सरोज देवी उसे बचाने आईं। आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। इतना ही नहीं जान से मारने की धमकी भी दी गई। दिनेश ने आरोपी दंपती के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।



परीक्षा केंद्र में लगी परीक्षार्थियों की कतार। ● अमृत विचार



परीक्षा देकर केंद्र से बाहर निकलते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार



शहर में लगे जाम में फंसे वाहन। ● अमृत विचार

# दूसरे दिन भी शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई परीक्षा

## पुलिस भर्ती परीक्षा पर डीएम और एसपी भ्रमण कर रखे रहे पैनी नजर

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** पुलिस भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन रविवार को भी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच दो पालियों में हुई। पेपर देख परीक्षार्थियों के चेहरे खिले नजर आए। उनका कहना था कि गणित और रीजनिंग ने उलझा दिया जबकि हिंदी और सामान्य ज्ञान अच्छा हुआ है। सफलता मिलने की पूरी उम्मीद है। परीक्षा देकर निकले परीक्षार्थियों ने अन्य साथियों के साथ मिलकर सवालों के जवाबों का मिलान किया। परीक्षा के दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। केंद्रों के बाहर लोगों की आवाजाही बंद रही।

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा जिले में शांतिपूर्ण सम्पन्न हो गई है। जिले में 34 परीक्षा केन्द्रों पर हुई परीक्षा की दोनों पालियों में 35088 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। पहली पाली में 16131 परीक्षार्थी शामिल हुए। जबकि 1413 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। दूसरी पाली में 15719 परीक्षार्थी शामिल रहे जबकि 1825 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी। इस प्रकार दोनों पालियों में 3238 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। रविवार के परीक्षा के दूसरे दिन परीक्षार्थी सुबह से ही अपने केंद्रों पर पहुंच गए। केंद्रों के बाहर परीक्षार्थियों की लंबी कतार लग गई। परीक्षार्थियों की चेकिंग व बायोमेट्रिक उपस्थिति के बाद उन्हें केंद्र के अंदर जाने दिया। परीक्षा की पहली पाली सुबह 10 बजे शुरू हुई जो 12 बजे तक चली। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था बेहद कड़ी रही। अभ्यर्थी को मोबाइल फोन और किसी भी तरह की इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस लेकर जाने पर पूरी तरह पाबंदी रही। परीक्षा जोन, सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट की निगरानी में सम्पन्न हुई करेंगे। जैमर लगे होने के कारण परीक्षा केंद्रों के आस पास मोबाइल नेटवर्क पूरी तरह जाम रहे। परीक्षा देकर लौटे परीक्षार्थियों के चेहरे पर खुशी थी। परीक्षार्थियों ने बताया कि पेपर सरल था। सामान्य ज्ञान के अलावा कई बिंदुओं पर प्रश्न पूछे गए थे। डीएम राजेश कुमार त्यागी और एसपी कुंवर अनुपम सिंह लगातार परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण कर स्थिति पर नजर बनाए रहे। उच्चाधिकारियों ने कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कोताही बरतने वालों के विरुद्ध तुरंत मुकदमा दर्ज कराने के लिए कहा।

पुलिस ऑफिस में बने कंट्रोल रूम से जिलेभर की परीक्षा पर नजर रखी गई। दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर तीन से पांच बजे तक हुई। परीक्षार्थी केंद्र पर एक घंटा पहले से ही पहुंचना शुरू हो गए। आधा घंटा पहले प्रवेश बंद कर दिया गया। परीक्षा केंद्र पर पेपर, पेंसिल, बॉक्स, कैलकुलेटर, पर्स, चश्मा, टोपी, ज्वेलरी, फूड आइटम आदि प्रतिबंधित रहे। इसके अलावा मोबाइल, पेन ड्राइव, कैमरा, घड़ी, चाबी, ब्लूटूथ, डिजिटल पेन, हेल्थ बैंड भी नहीं ले जाने दिए गए। परीक्षा केन्द्रों के बाहर पुलिस बल तैनात रहा।



परीक्षार्थियों की चेकिंग करता कर्मचारी। ● अमृत विचार

### सोशल मीडिया पर भी रही पुलिस की नजर

**अमरोहा, अमृत विचार :** पुलिस भर्ती परीक्षा केंद्रों का अधिकारियों ने निरीक्षण किया। एडीएम मायाशंकर यादव, एएसपी राजीव कुमार सिंह परीक्षा केंद्रों का भ्रमण करते रहे। इस अवसर पर एसपी ने सीसीटीवी से मानीटरिंग की स्थिति को देखा। सुरक्षा का जायजा लिया। डीएम ने केंद्र प्रभारी को दिशा-निर्देश दिये। डीएम ने बताया कि जनपद के 34 केन्द्रों में परीक्षा सकुशल शांतिपूर्ण संपन्न हो गई। इस दौरान सोशल मीडिया पर भी पुलिस की पैनी नजर रही। पुलिस के नोडल अधिकारी एएसपी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षा को लेकर पुलिस की कई टीमें सोशल मीडिया पर भी सक्रिय रहीं। दोनों दिन में कोई सॉल्वर गैंग आदि का मामला सामने नहीं आया। इस दौरान किसी तरह अफवाह आदि नहीं फैलने दी गई। ऐसा करने वालों से निपटने के लिए उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की तैयारी कर ली गई थी।

### दो दिन में 58 परीक्षार्थियों ने परीक्षा से किया किनारा

**डिडौली, अमृत विचार :** कस्बे के सुशीला देवी किसान इंटर कॉलेज में रविवार को पुलिस भर्ती परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हो गई है। दो दिन की चार पालियों में दूर दराज के जनपदों से आए 1728 को शामिल होना था। इसमें से 58 परीक्षार्थी शामिल नहीं हो सके। परीक्षा को नकल विहीन बनाने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए थे। लखनऊ, शाहजहांपुर, पीलीभीत एवं रामपुर के परीक्षार्थियों के ठहरने व खाने-पीने की व्यवस्था न हो पाने से भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हालांकि कस्बे के लोगों ने दूरदराज के जिलों से परीक्षा देने आए युवाओं की हर संभव मदद का प्रयत्न किया था। फिर भी उचित व्यवस्थाओं के अभाव में छात्रों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

### सघन चेकिंग के बाद ही परीक्षा केंद्र में मिला प्रवेश

दूसरे दिन भी परीक्षार्थियों को सघन चेकिंग के बाद ही प्रवेश मिला। सबसे पहले अभ्यर्थियों का प्रवेशपत्र चेक किया गया। इसके बाद अंगूठा और बाद में आंखें की स्केनिंग की गई। डीएम-एसपी परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लेते रहे। परीक्षा केंद्र के गेट पर सुरक्षा के लिहाज से दो महिला और दो पुरुष कांस्टेबल तैनात रहे। गेट के बाहर पीआरवी तैनात रही। कार्यदायी संस्था द्वारा चार चरणों में परीक्षार्थियों का चेकअप किया गया। इसमें प्रवेश पत्र पर अभ्यर्थी का फोटो का मिलान किया गया। इसके अलावा आधार कार्ड से प्रवेशपत्र का मिलान, बायोमेट्रिक मैचिंग और आंखों की मैचिंग भी कराई गई। एलआइयू ने भी उन्हें चेक किया।

### 15 अभ्यर्थियों से कई लाख रुपये लेकर की ठगी

**अमरोहा/रहरा, अमृत विचार :** थाना प्रभारी संदीप चौधरी ने बताया कि विनीत और चमन ने पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे करीब 15 अभ्यर्थियों को झांसे में लिया। आरोपियों ने अभ्यर्थियों में से किसी से पांच लाख तो किसी से दो लाख रुपये ठग लिए। इनके अलावा कुछ और लोगों से भी रुपये लिए हैं। विनीत ने अभ्यर्थियों से रुपये लेकर चमन के खाते करीब दो लाख रुपये ट्रांसफर किए हैं। इसके अलावा कुछ नकदी भी उसे दी है। दूसरे आरोपी की तलाश की जा रही है। जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### रूट डायवर्जन से लगा जाम, रास्ता बदलकर निकले लोग

**अमरोहा, अमृत विचार :** पुलिस भर्ती परीक्षा में सुरक्षा के मद्देनजर रूट डायवर्जन करने से शहर के अंदर आने वाले वाहनों को परेशानी का सामना करना पड़ा। लोग पैदल शहर में आए या फिर रास्ता बदलकर गुजरे। वहीं डायवर्जन के चलते शहर में वाहनों की लंबी कतार लग गई। रविवार को भी परीक्षा के चलते रूट डायवर्जन किया गया था। गांधी मूर्ति रोड, बंबूगढ़ चौराहा, कोट चौराहा, जोया रोड, बिजनौर रोड, अतरासी रोड पर पुलिस बल की तैनाती रही। लोग दूर से ही रास्ता बदलकर निकले। जोया रोड, बिजनौर रोड, अतरासी रोड के साथ ही नौगावां सादात रोड, बंबूगढ़ चौराहा, कैलसा बाईपास रोड और कांठ रोड पर ऑटो व ई-रिक्शा का संचालन रोके जाने से लोग सवारी की तलाश में पैदल ही गंतव्य की ओर बढ़ते नजर आए। शहर में आने वाले रास्तों पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। कुछ जगह जाम की स्थिति भी रही। मुख्य सड़कों-चौराहों पर दुकानें बंद होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती के चलते बिजनौर रोड, गांधी मूर्ति चौराहा, आजाद रोड, रेलवे स्टेशन रोड, कैलसा बाईपास रोड पर सन्नाटे के बीच यात्री बड़ी संख्या में भारी सामान उठाकर खुद ही गंतव्य की ओर पैदल चलते दिखाई दिए।

### परिक्षार्थियों से लाखों रुपये ठगने वाला गिरफ्तार

**अमरोहा/रहरा, अमृत विचार :** पुलिस भर्ती परीक्षा पास कराने का झांसा देकर अभ्यर्थियों से लाखों रुपये ठगने के आरोपी को रहरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से मूल प्रमाण पत्र, कूट रचित दस्तावेज, अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र की 10 छायाप्रति व मोबाइल बरामद हुआ है। आरोपी ने जिस व्यक्ति को रुपयों का लेनदेन किया था वह अभी पुलिस की पकड़ से दूर है। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन रविवार को जिले की पुलिस को कामयाबी मिली। एएसपी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस भर्ती परीक्षा के दौरान रहरा पुलिस सुरक्षा में लगी थी। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि रहरा थाना क्षेत्र के गांव नवाबपुरा तिराहा में एक युवक कुछ दस्तावेज लेकर घूम रहा है। जो पुलिस भर्ती के नाम पर रुपये वसूल रहा है। थाना प्रभारी संदीप चौधरी ने पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर आरोपी विनीत पुत्र ब्रह्म सिंह निवासी ग्राम तरौली को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से पांच प्रवेश पत्रों की छायाप्रति, 10 मार्कशीट, चार कूटरचित दस्तावेज, फाइल में रखे 10 और प्रवेश पत्रों की छायाप्रति, एक मोबाइल व अन्य सामग्री बरामद की। पूछताछ में विनीत ने बताया कि वह गांव के ही रहने वाले चमन पुत्र देशराज के साथ मिलकर पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे युवकों से रुपये लेकर उनके शैक्षिक प्रमाण पत्र अपने कब्जे में ले लेते हैं। फर्जी प्रवेश पत्र भी बनवाते है। पुलिस ने विनीत को गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया है। जबकि उसका साथी चमन अभी फरार है।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। ● अमृत विचार



अमरोहा महोत्सव में काव्यपाठ करते कवि। ● अमृत विचार

## तू हवा है तो कर ले हवाले मुझको ...

संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** अमरोहा महोत्सव के सातवें दिन अखिल भारतीय महा कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि महान कवि विष्णु सक्सेना ने समां बांध दिया। अन्य कवियों ने भी अपने काव्यपाठ से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

रविवार को अखिल भारतीय महा कवि सम्मेलन में मुख्य अतिथि विष्णु सक्सेना ने तुमने फेरी निगाहें अंधेरा हुआ, तू हवा है तो कर ले हवाले मुझको, इससे पहले की कोई और बहाले मुझको... सुनाया। इसके अलावा उन्नाव से आये अतुल वाजपेयी ने मैं भारत हूँ गाया। इस पर सभी ने भारत माता की जय के नारे लगाए।

कवियत्री मनिका दुबे, अना देहलवी, खुर्शीद हैदर, सर्वेश अस्थाना, निगहत अमरोहवी, अनुराग मिश्र, मुकेश श्रीवास्तव आदि कवियों ने काव्यपाठ किया। यह महोत्सव 20 फरवरी तक चलेगा। इस आयोजन में कई और हस्तियां भी हिस्सा लेंगी। इस दौरान सीजेएम अमर प्रताप चौधरी, डीएम राजेश त्यागी, एडीएम सुरेंद्र सिंह व ईओ डॉ. बृजेश सिंह मौजूद रहे।

## बदमाशों ने प्रॉपर्टी डीलर को मारी गोली

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में घर जा रहे प्रॉपर्टी डीलर को बदमाशों ने गोली मार कर घायल कर दिया। ग्रामीणों को आता देख बदमाश मौके से फरार हो गए। घायल को सीएचसी में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

घटना कोतवाली क्षेत्र के गांव गागटकोला की है। गांव निवासी आदेश कुमार पुत्र गंगा शरण प्रॉपर्टी डीलर हैं। रविवार की रात करीब 8 बजे वह अपने गांव के बस स्टैंड से पैदल ही घर जा रहे थे। रास्ते में बदमाशों ने उन्हें घेर कर गोली मार दी। गोली उनके पेट में लगी। घायल को हसनपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। यहां से प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। सीओ दीप कुमार पंत का कहना है मामले की छानबीन की जा रही है।

## सड़क निर्माण शुरू, कीचड़ से मिली राहत

अमृत विचार
खबर का असर

संवाददाता, बुरावली

**अमृत विचार :** न्याय पंचायत बुरावली में लंबे समय से शिव मंदिर को जाने वाले मार्ग पर कीचड़ व जल भराव की समस्या थी। ग्रामीण इस सड़क को कई महीने से बनवाने की मांग कर रहे थे। 13 फरवरी के अंक में अमृत विचार में मंदिर मार्ग पर कीचड़ से परेशानी शीर्षक से खबर छपने के बाद संबंधित विभाग ने संज्ञान लिया। रविवार को मिट्टी डलवा कर सड़क बनवाने का कार्य शुरू कर दिया गया।

उल्लेखनीय है कि कई महीने से इस मार्ग पर कीचड़ व जल भराव से ग्रामीण थे। कई बार ग्रामीण इसे ठीक कराने की अपील भी कर चुके थे। लेकिन समस्या का हल नहीं हो रहा था। अमृत विचार ने 13 फरवरी के अंक में इस समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इसके बाद जिम्मेदार जागे। स्थानीय लोगों ने बताया कि खबर छपने के बाद मंदिर को जाने वाली सड़क का निर्माण कार्य शुरू हो गया। सीमेंट की ईंटों से सड़क बनाई जा रही है। इससे राहगीरों व ग्रामीणों को राहत मिलेगी। शिव मंदिर को जाने वाले भक्तों को भी लाभ मिलेगा।



सड़क के निर्माण में जुटे मजदूर। ● अमृत विचार

- शिव मंदिर मार्ग पर लंबे समय से थी जलभराव की समस्या

## धनौरा में भी कड़ी सुरक्षा के बीच हुई पुलिस भर्ती परीक्षा

संवाददाता, मंडी धनौरा

- उपजिलाधिकारी व सीओ ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण
- पहचान पत्र देकर दिया गया परीक्षा केंद्र में प्रवेश

**अमृत विचार :** पुलिस भर्ती परीक्षा नौ परीक्षा केंद्रों पर रविवार को कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुई। सुरक्षा की दृष्टि से सभी केंद्रों पर पुलिस बल तैनात रहा। परीक्षा संपन्न होने के बाद बाहर निकले परीक्षार्थियों ने पेपर का मिलान किया।

क्षेत्र के ब्लू वर्ल्ड इंटरनेशनल स्कूल, श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज, राष्ट्रीय इंटर कॉलेज, कृष्ण सारस्वत इंटर कॉलेज, भागीरथी देवी महाविद्यालय, एएनडीपी इंटर कॉलेज, वाई एमएस इंटर कॉलेज, वाई एमएस डिग्री व ग्लोबल पब्लिक परीक्षा केंद्र पर सुबह साढ़े सात बजे से ही परीक्षार्थियों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। तलाशी लेकर, एडमिट कार्ड व फोटो आईडी पहचान पत्र देखकर ही उन्हें परीक्षा केन्द्र में प्रवेश दिया गया। सुरक्षा के मद्देनजर परीक्षा केंद्र के आसपास 200 मीटर के दायरे में सभी लोगों हटा दिया व दुकानों को बंद करा दिया।

उप जिलाधिकारी चंद्रकांता, सीओ श्वेताभ भास्कर परीक्षा केंद्रों का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। निर्धारित समय पर शुरू हुई परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षार्थियों की भारी संख्या में आवाजाही के चलते बसों सहित अन्य वाहनों में भीड़ देखने को मिली।

## माफिया ने जामुन-शीशम के हरे पेड़ काटे

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** खेत के किनारे खड़े जामुन व शीशम सहित कई फलदार पेड़ों को काटा जा रहा था। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने छापेमारी की। इससे लकड़ी माफिया में हड़कंप मच गया। वन विभाग की टीम को देख लकड़ी माफिया मौके से भाग गए। पुलिस ने मौके से एक ट्रैक्टर-ट्राली, रस्सी एवं लकड़ी काटने के उपकरण बरामद किए।

मामला नगर स्थित मुंसिफ कोर्ट के सामने के खेत का है। यहां खेत के किनारे खड़े जामुन व शीशम सहित कई फलदार पेड़ों को दिन में ही काटा जा रहा था। इसकी सूचना मिलते ही वन विभाग के कर्मचारी ताहिर हुसैन मौके पर पहुंचे मामले की सूचना उच्चाधिकारियों को दी। इसके बाद वन क्षेत्राधिकारी नरेश कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे। वन विभाग की टीम को देख लकड़ी माफिया भाग गए। टीम ने एक माफिया को हिरासत में ले लिया। टीम ने एक ट्रैक्टर-ट्राली, रस्सी एवं लकड़ी काटने के उपकरण भी कब्जे में ले लिए। वन क्षेत्र अधिकारी ने बताया कि सूचना पर छापेमारी की गई तो जामुन की कटी हुई लकड़ी मिली। मामले की जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बिना अनुमति पेड़ काटने वालों के खिलाफ मामला दर्ज कराया जाएगा।



मौके पर जांच करती वन विभाग की टीम। ● अमृत विचार

- सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम को देख भागे माफिया
- टीम ने ट्रैक्टर-ट्रॉली व लकड़ी काटने के उपकरण कब्जे में लिए



हरे पेड़ पर आरी चलाता युवक।

## टैक्सी चालक से 15,000 रुपये और मोबाइल फोन लूटा

**गजरौला, अमृत विचार :** दिल्ली के लिए टैक्सी किराए पर लेकर गए युवक ने चालक से 15,000 रुपये व मोबाइल फोन लूट लिया। चालक कार लेकर गजरौला लौटा और घटना की तहरीर पुलिस को दी।

शहर के गंगानगर मोहल्ला निवासी महीपाल टैक्सी चलाता है। 15 फरवरी को एक युवक उसकी टैक्सी किराए पर दिल्ली ले गया था। आरोप है कि युवक ने चालक से 15,000 रुपये व मोबाइल फोन लूट लिया। विरोध पर उसके साथ मारपीट की। घटना से पहले आरोपी ने चालक से 25,000 रुपये भी मांगे थे।

चालक कार लेकर गजरौला लौटा तथा टैक्सी किराए पर तय कराने वाले व्यक्ति को घटनाक्रम के बारे में जानकारी दी। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने जांचकर कार्रवाई करने की बात कही है।

कार्यक्रम | सराहनीय कार्य करने वाली आशाओं को जिलाधिकारी ने किया सम्मानित

## आशाएं स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रमों की रीढ़ : डीएम

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** राजकीय मिनी स्टेडियम में डीएम राजेश कुमार त्यागी ने आशा सम्मेलन का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आशाओं ने प्रतिभाग किया। जिलाधिकारी ने विभाग के कार्यों में ईमानदारी के साथ रुचि लेकर सराहनीय कार्य करने वाली आशाओं को मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

रविवार को मिनी स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि आशाएं स्वास्थ विभाग द्वारा चलने वाले कार्यक्रमों व अभियानों की रीढ़ हैं। आशाएं अपने दायित्वों का निर्वहन सही ढंग से करें। विभाग भी उनका ध्यान रखें और समय से उनका मानदेय दिया जाए।

कहा कि आशाएं स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाये जाने वाले कार्यक्रमों व अभियानों को समाज के अंतिम पायदान पर पहुंचाने का कार्य करती हैं। घर-घर जाकर सरकार की योजनाओं से लोगों को लाभान्वित करती हैं। उनका योगदान सराहनीय है। डीएम ने कहा कि अभी भी स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाये जा रहे बहुत से महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, जिन पर कार्य करने की आवश्यकता है। जो भी पात्र व्यक्ति अभी तक आयुष्मान योजना से लाभान्वित नहीं हो पाए हैं उन्हें भी इस योजना से जोड़ें। छूटे हुए पात्र व्यक्तियों को अभियान चला कर लाभान्वित कराएं। कहा कि इससे हर गरीब के लिए पांच लाख रुपये का निशुल्क इलाज दिया जा रहा है। यह बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना है। ग्राम स्तर पर ग्राम प्रधान, सेक्रेटरी और कोटेदारों को भी आयुष्मान योजना में सहयोग के लिए निर्देश दिए जा चुके हैं। जो व्यक्ति अभी तक कार्ड नहीं बनवा पाए हैं उनको भी मोटिवेट कर योजना से लाभान्वित कर कार्ड बनवाएं। इस दौरान एडीएम सुरेन्द सिंह, सीएमओ, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी आदि मौजूद रहे।



आशाओं को मोमेंटो देकर सम्मानित करते डीएम। ● अमृत विचार

- आयुष्मान योजना से वंचित लोगों को जोड़ने का आह्वान

षडेव तु गुणा: पुंसा न हातव्या: कदाचन।
सत्यं दानमनालस्यमनसूया क्षमा धृति:॥

व्यक्ति को कभी भी सच्चाई, दानशीलता, निरालस्य, द्वेषहीनता, क्षमाशीलता और धैर्य – इन छह गुणों का त्याग नहीं करना चाहिए।

## संपादकीय

# वैश्विक सुरक्षा चुनौतियां

आज दुनिया परमाणु खतरों, जलवायु संकट और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जोखिम जैसी कई चुनौतियों का सामना कर रही है। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय पहले से कहीं अधिक विभाजित है। इन हालात में इस वर्ष के म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन का खास महत्व रहा। आयोजन की महत्ता के मद्देनजर विदेशमंत्री एस.जयशंकर तीन दिवसीय म्युनिख सुरक्षा सम्मेलन (एमएससी) में शामिल हुए। सम्मेलन वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों पर केंद्रित रहा। इससे पहले सम्मेलन के आयोजकों ने दुनिया भर में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और आर्थिक अनिश्चितता पर केंद्रित म्यूनिख सुरक्षा रिपोर्ट जारी की।'रक्षा का दावोस' कहा जाने वाला एमएससी अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति का एक बड़ा मंच है। इस मंच के जरिए दुनिया भर के नेता और संघर्ष के अहम मुद्दों पर अपनी राय रखते हैं। ये प्रमुख सुरक्षा और विदेश नीति के मुद्दों पर चर्चा और समाधान पर केंद्रित है। यानि यह राजनीतिक नेताओं, नीति निर्माताओं, सैन्य अधिकारियों, विशेषज्ञों और नागरिक समाज के प्रतिनिधियों के लिए वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों पर बातचीत और बहस में शामिल होने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है। इसकी शुरुआत 1962 में एक जर्मन सैन्य अधिकारी एवाल्ड फोन क्लाइस्ट ने की। क्लाइस्ट वही सैन्य अधिकारी थे जिन्होंने तानाशाह एडोल्फ हिटलर की हत्या की योजना बनाई। सम्मेलन के दौरान विदेश मंत्री जयशंकर ने यूरोप और अमेरिका की विभिन्न आशंकाओं को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि भारत पश्चिम विरोधी नहीं बल्कि पश्चिमी देशों से अलग है। रूस के साथ व्यापार और दूसरी तरफ अमेरिका के साथ बढ़ते संबंधों के बीच संतुलन बनाए रखने के मुद्दे पर कहा यूक्रेन रूस विवाद पर भारत अपनी बात स्पष्ट करता रहा है। भारत ने इस मामले पर हिंसा को खत्म करने के लिए बातचीत और कूटनीति से बीच का रास्ता निकालने की वकालत की है। गाजा में मौजूदा स्थिति को लेकर चिंता के बीच कहा कि भारत कई दशकों से कहता रहा है कि फिलिस्तीन मुद्दे का द्विराष्ट्र समाधान होना चाहिए। महत्वपूर्ण है कि जयशंकर ने अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और जर्मनी की विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक की मौजूदगी में यह टिप्पणी की। इस बीच, अमेरिका ने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र में संघर्ष विराम प्रस्ताव पेश होने पर फिर से वह वीटो शक्ति का इस्तेमाल करेगा। अमेरिका, इजराइल का करीबी सहयोगी है। कहा जा रहा है कि एमएससी यूक्रेन संकट और फिलिस्तीन-इजराइल संघर्ष जैसी कई वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों पर चर्चा के लिए अनूठा अवसर साबित हुआ। वहां अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा नीति के मुद्दों की एक विस्तृत श्रृंखला पर चर्चा हुई। ऐसे में अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को तात्कालिकता और एकजुटता की नई भावना के साथ न्याय-आधारित समाधानों को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है।

# सौर ऊर्जा से बुंदेलखंड में विकास की संभावनाएं



अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

भारत सरकार की अल्ट्रा मेगा रिन्यूएबल सोलर पॉवर पार्क योजना के तहत 12 सौ मेगावॉट क्षमता की जालौन में सोलर पावर पार्क की स्थापना जा रही है,जिसे यूपीनेडा एवं एनएचपीसी लिमिटेड के संयुक्त उपक्रम बुंदेलखंड सौर ऊर्जा लिमिटेड द्वारा स्थापित किया जा रहा है।

जहां एक ओर शुष्क और गर्म जलवायु,पानी की कमी और पठारी क्षेत्र होने के कारण बुंदेलखंड खेती,उद्योग और विकास की दृष्टि से पिछड़े होने का दंश झेल रहा है,वहीं दूसरी ओर यही कमी इसको नवीकरणीय सौर उर्जा के बेहतर उत्पादन को लिए अनुकूल माहौल भी प्रदान करता है। यही कारण है कि बुंदेलखंड में खाली जमीन की उपलब्धता और मौसम के साफ रहने के कारण प्रचुर मात्रा में उपलब्ध सौर ऊर्जा से यहां पर सोलर प्लांट लगाने को निजी कंपनियां आकर्षित हुई हैं। उपयुक्त जलवायु के चलते बुंदेलखंड में सौर ऊर्जा प्लांटों की स्थापना काफी पहले प्रारंभ हो गई थी।

वर्ष 2016 में पनवाड़ी,महोबा और हमीरपुर में लगाए गए निजी सौर ऊर्जा प्लांटों से लगभग 200 मेगावॉट बिजली की आपूर्ति की जा रही है। बुंदेलखंड के सातों जिलों बांदा,चित्रकूट, हमीरपुर, महोबा, जालौन, झांसी और ललितपुर में अब तक लगभग साढ़े 500 मेगावाट क्षमता के सोलर प्लांट निजी कंपनियों के माध्यम से स्थापित किए जा चुके हैं। यूपीनेडा के आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश में बड़ी सौर परियोजनाएं मात्र 18 जिलों में चल रही हैं जिनमें सात जिले बुंदेलखंड के ही हैं। ज्यादातर परियोजनाएं बुंदेलखंड के सूखाग्रस्त इलाकों में है,जहां की जमीन खेती के दृष्टिकोण से उन्नत नहीं है। यूपीनेडा के अनुसार राज्य में स्थापित 949 मेगावाट की ग्रिड से जुड़ी सौर परियोजनाओं में से 553 मेगावाट की परियोजनाएं बुंदेलखंड में हैं। सरकार ने बुंदेलखंड में उपयुक्त जलवायु और क्षेत्रीय स्थिति के दृष्टिगत यहां सौर विद्युत परियोजनाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चार हजार मेगावॉट सौर ऊर्जा उत्पादन के लिए ग्रीन एनर्जी कॉरीडोर का निर्माण करने की योजना तैयार की है,जिस पर लगभग 55 सौ करोड़ रुपए का निवेश होगा।

भारत सरकार की अल्ट्रा मेगा रिन्युएबल सोलर पॉवर पार्क योजना के तहत 12 सौ मेगावॉट क्षमता की जालौन में सोलर पावर पार्क की स्थापना जा रही है,जिसे यूपीनेडा एवं एनएचपीसी लिमिटेड के संयुक्त उपक्रम बुंदेलखंड सौर ऊर्जा लिमिटेड द्वारा स्थापित किया जा रहा है। इसी योजना के तहत 600-600 मेगावॉट क्षमता की सोलर पॉवर पार्क की झांसी और ललितपुर में स्थापना की जा रही है। वर्तमान में विश्व में लगभग 80 प्रतिशत लोग जीवाश्म ईंधन यानि डीजल-पेट्रोल का उपयोग कर रहे हैं जिसका परिणामस्वरूप ग्लोबल वार्मिंग,जलवायु परिवर्तन,ओजोन संकट का खतरा सामने आ रहा है। इसके विकल्प के रूप में अपनाए जाने वाले नवीकरणीय ऊर्जा के बेहतर उपयोग के लिए विश्व में लगभग 4.5 अरब डॉलर के निवेश की आवश्यकता है जिसके लिए विकासशील और विकसित देश सक्षम नहीं है। हालांकि भारत एशिया में तीसरे और दुनिया में पांचवें स्थान पर नवीकरणीय ऊर्जा का उत्पादन कर रहा है। फिर भी यहां कुल ऊर्जा खपत में जीवाश्म ईंधन से 75.5 प्रतिशत,परमाणु शक्ति से 2.8 प्रतिशत,सौर ऊर्जा से 4.2 प्रतिशत,पवन ऊर्जा से 4.6 प्रतिशत,पनबिजली से 10.7 प्रतिशत,बायोमास 0.5 प्रतिशत ऊर्जा का उपयोग हो रहा है।

वस्तुत: सौर ऊर्जा एक नवीकरणीय स्रोत है जिसका अर्थ है कि संसाधनों की समाप्ति के बिना अनियत काल तक इसका उत्पादन किया जा सकता। असल में सौर ऊर्जा को ऊर्जा का सबसे स्वच्छ रूप माना जाता है,क्योंकि इसमें जीवाश्म ईंधन की तरह कोई कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन नहीं होता है।

भारत के अधिकांश क्षेत्र में वर्ष में 250-300 धूप निकलने वाले दिनों सहित प्रतिदिन प्रति वर्गमीटर 4-7 किलोवाट घंटे का सौर विकिरण प्राप्त होता है। इसके बावजूद उपलब्ध क्षमता की तुलना में देश में सौर ऊर्जा का दोहन बहुत ही कम है। वस्तुत उष्णकटिबंधीय देश होने के नाते भारत में सौर ऊर्जा के दोहन की अपार संभावनाएं है। इसमें हिमालय के पहाड़, बुंदेलखंड के पठार,राजस्थान रेगिस्तान, गुज़रात के कच्छ सहित अन्य प्रदेशों के पहाड़ी और बंजर जमीन उपयोगी साबित हो सकते हैं। इसी के दृष्टिगत सरकार ने भारत की नवीकरणीय ऊर्जा की स्थापित क्षमता को वर्ष 2030 तक पांच सौ गीगावाट तक विस्तारित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। देश के ग्रामीण इलाकों के दूरदराज क्षेत्रों तक स्वच्छ और सस्ती बिजली पहुंचाने के लिए वर्ष 2019 में प्रधानमंत्री सोलर पैनल योजना शुरू की गई थी,लेकिन वर्ष 2024 तक सौर ऊर्जा के 40 गीगावाट लक्ष्य की तुलना में उत्पादन मात्र 11 गीगावाट का ही हो पाया है। लक्ष्य प्राप्ति के लिए भारत सरकार ने पीएम सूर्योदय योजना प्रारंभ की है जिससे लोगों को न केवल 24 घंटे मुफ्त बिजली मिलेगी,बल्कि हरित ऊर्जा के लक्ष्य की पूर्ति में भी सहायता मिलेगी। इस योजना के अंतर्गत रुफ टाप सोलर (आर टी एस) योजना का सरलीकरण कर हरेक घर की छत पर सोलर पैनल लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

देश के लगभग 25 करोड़ घरों के छतों पर 637 गीगावाट सौर संयंत्र स्थापित कर सकने की क्षमता है। संस्था टेरी के अनुसार जहां सौर ऊर्जा से उत्पादित बिजली की लागत 2.50 से 3.50 रुपये प्रति यूनिट है,वहीं ग्रिड आधारित बिजली की लागत छह से सात रुपये है। मार्च 2019 में केंद्र सरकार ने कृषि क्षेत्र में डीज़ल को खत्म करने,किसानों को पानी और ऊर्जा सुरक्षा प्रदान करने,उनकी आय बढ़ाने और पर्यावरण प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए पीएम कुसुम योजना की शुरुआत की जिसके अंतर्गत 30 अप्रैल 2023 तक भारत में कुल 219,674 सौर सिंचाई पंप स्थापित किए गए हैं। उत्तर प्रदेश में मात्र 20688 पंप लगाए गए हैं जिनमें से 5589 बुंदेलखंड क्षेत्र हैं। सौर सिंचाई पंप बुंदेलखंड में किसानों को खरीफ सीजन के बाद फसल उगाने में मदद कर रहे हैं जिससे इन क्षेत्रों से पलायन रुक रहा है। सौर ऊर्जा संयंत्रों की रख-रखाव के लिए 30 हजार युवकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा और उन्हें 'सूर्य मित्र' का नाम दिया गया है। प्रोत्साहन प्रावधानों के तहत ऑनलाइन सिंगल विंडो क्लीयरेंस की व्यवस्था के साथ ही सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए स्टॉम्प ड्यूटी और इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी में शत-प्रतिशत छूट का प्रावधान किया गया है,लेकिन छोटे शहरों और गांवों में आरटीएस योजना ज्यादा सफल नहीं हो सकी है,क्योंकि यहां बिजली कटौती ज्यादा होती है। वैसे भी आरटीएस योजना के लिए एकमुश्त पैसे देना भी निम्न मध्यवर्गीय परिवारों के लिए आसान नहीं है। कुसुम-बी योजना में 36,842 स्वीकृत सौर पंपों की तुलना में मात्र 12,773 पंप ही लगे। कुसुम-सी योजना में 4 लाख पंप की तुलना में एक भी पंप नहीं लग पाया है। वैसे भी सोलर पंप योजना बुंदेलखंड की परिस्थितियों के दृष्टिगत ज्यादा उपयुक्त नहीं है,क्योंकि यहां भू-जल स्तर पहले से ही कम है। सोलर पंप के चलते ज्यादा भूजल दोहन होने पर भूमि के स्वास्थ्य पर खराब असर पड़ेगा,लेकिन अन्ना पशुओं की समस्या से ग्रस्त बुंदेलखंड में सोलर चालित फेंसिंग उनके फसलों को अन्ना पशुओं और वनरोजों से बचाने में उपयोगी साबित हो सकता है।

वस्तुतः सौर ऊर्जा एक नवीकरणीय स्रोत है जिसका अर्थ है कि संसाधनों की समाप्ति के बिना अनियत काल तक इसका उत्पादन किया जा सकता। असल में सौर ऊर्जा को ऊर्जा का सबसे स्वच्छ रूप माना जाता है,क्योंकि इसमें जीवाश्म ईंधन की तरह कोई कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन नहीं होता है। जब तक सूर्य मौजूद है तब तक पृथ्वी पर यह प्रचुर मात्रा में उपलब्ध भी होता रहेगा। इतना ही नहीं इस ऊर्जा को बैटरियों में संग्रहित भी किया जा सकता है,लेकिन वर्तमान में सौर पैनलों की साफ- सफाई एक समस्या के रूप में सामने आ रही है जिसमें प्रति वर्ष लगभग 10 बिलियन गैलन जल का उपयोग किये जाने का अनुमान है। बुंदेलखंड जैसे पानी की कमी से जूझ रहे क्षेत्र के लिए यह एक चुनौती है। यदि जलरहित सफाई की जाती है तो एक तरफ यह श्रमसाध्य कार्य है,दूसरी ओर इससे पैनलों की सतहों पर अपरिवर्तनीय खरोंच लगने का खतरा भी उत्पन्न होता है जिससे पैनलों की दक्षता कम हो सकती है। फिर भी सौर ऊर्जा बुंदेलखंड के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है, जिसका न तो पर्यावरण पर कोई असर पड़ने वाला है और न ही यहां के जल संसाधन या खेती पर कोई विपरीत असर पड़ेगा।

## प्रसंगवश

# मुझे कैसा डर

रूस में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की तानाशाही से संघर्ष करते जनयोद्धा, वकील एलेक्सी नवेलनी की बीते शुक्रवार साइबेरिया की जेल में मृत्यु हो गई। वे मात्र 47 वर्ष के थे। उन्हें जेल में जहर देकर मारने की आशंका है। वे 19 साल की सजा काट रहे थे। पुतिन की पार्टी यूनाइटेड रशिया को नवेलनी 'ठगों की पार्टी' बताते थे। मास्को में नवेलनी की पत्नी यूलिया ने कहा कि पुतिन को इसकी सजा जरूर मिलेगी। उन्होंने कहाः' मैं वैश्विक बिरादरी से रूस की शैतानी सरकार के खात्मे की अपील करती हूं।' मां ल्यूडमिला ने कहा कि मैं 12 फरवरी को बेटे से जेल में मिली थी,वो स्वस्थ और खुश था।



के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

एक सफल वकील के रूप में अपनी पहचान नवेलनी ने कायम की। उन्होंने 2008 में एक ब्लॉग लिखकर सरकारी कंपनियों के घोटालों को उजागर किया था। वह 2013 में मास्को के मेयर पद के लिए खड़े हुए थे और दूसरे नंबर पर आए थे। बाद में उन्होंने राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ने की कोशिश की,लेकिन आपराधिक मुकदमों की वजह से उन पर रोक लगा दी गई। उन्होंने इन मुकदमों को राजनीति से प्रेरित बताया था। रूस के खुफिया एजेंटों ने 2020 में नवेलनी को साइबेरिया में घातक जहर नोविचोक देकर मारने की कोशिश की थी। जर्मनी में इलाज के बाद उन्हें चेताया गया था कि उनका रूस लौटना सुरक्षित नहीं होगा। नवेलनी ने किसी की नहीं सुनी और कहा कि ' मैं रूस लौटूंगा,जर्मनी में राजनीतिक प्रवासी नहीं बनूंगा।' नवेलनी कहते थेः'मुझे कैसा भय? डर तो उनको (पुतिन) लगना चाहिए।' याद आते हैं रूसी संपादक और नोबेल पुरस्कार से नवाजे गए पत्रकार दिमित्री मुरातोव। पुतिन के अन्याय का वह भी शिकार रहे। उन दिनों जेल में नजरबंद एलेक्सी नवेलनी पर दिमित्री मुरातोव ने कहा था : 'इस नोबेल पुरस्कार का असली हकदार नवेलनी ही हैं। वह जेल में पुतीन द्वारा दी जा रही असह्य यातना का शिकार है।' नोबेल समिति से उनका आग्रह था कि अंतर्राष्ट्रीय यातना विरोधी न्याय प्राधिकरण का गठन हो। मानव की आत्मा की आजादी सुनिश्चित करने हेतु उनकी घोषणा थी कि उन्हें मिला पारितोष मानव मुक्ति के लिए संघर्षरत हर पत्रकार के नाम है।

# सभी धर्मों और किसानों का सम्मान करते थे शिवाजी

हिंदू संगठन और उनके अनुषांगिक संगठन शिवाजी महाराज को हिंदू प्रतापी के तौर पर स्थापित करते हुए केसरिया ध्वज लहराते हुए उनकी जयंती के कार्यक्रम मनाते हैं। हालांकि वे धर्मनिरपेक्ष थे वीर,पराक्रमी,चरित्वान थे, उन्होंने अपने कौशल के दम पर स्वराज बनाया। उनके चरित्र में भेदभाव नहीं था। वे अपने विरोधियों के धर्म और स्त्रियों का सम्मान करने वाले महाराज थे। शिवाजी की सेना में मुसलमान थे,महार थे, मराठे, शूद्र थे, जब औरंगजेब ने आगरा में शिवाजी को नजरबंद किया तब उनको आजाद कराने में मदारी मेहतर की बड़ी भूमिका थी। उनके गुप्तचर मामलों के सचिव मौलाना हैदर अली थे और तोपखाने की कमान इब्राहिम गर्दी के हाथों में थी।

शिवाजी महाराज का जन्म 19 फरवरी 1630 को शिवनेरी किला में महाराष्ट्र के पुणे में हुआ। पिता शाहजी भोंसले तथा माता जीजाबाई थीं। आज जब भारत में किसान अपनी मांगों के लिए आंदोलनरत हैं, ऐसे शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर,उनकी किसानों के प्रति आस्था तथा किसानों के लिए कल्याणकारी नीति याद करने का दिन है। वो गरीबी का दौर था,जब सूखे का दंश झेल रहे किसान हलकान थे। सिंचाई के साधन दुर्लभ थे,तब भी इतिहास में उनके शासन में किसी किसान ने कर अदायगी या कर्ज न चुका पाने के कारण आत्महत्या की हो,का उदाहरण नहीं मिलता। आज देश प्रजातांत्रिक है,हजारों किसान बैंकों का कर्ज न चुका पाने के कारण आत्महत्या कर रहें हैं। लोकतांत्रिक सरकारें पूंजीपतियों के कर्ज तो माफ करती हैं,लेकिन ऐसी नीति नहीं बनाती जिससे अन्नदाताओं का जीवन सुखमय हो सके। उनके कार्यकाल के दौरान किसान नीति पूंजीवाद और व्यापारिकता के परक ही नहीं थी, बल्कि आम किसानों के हितों को बढ़ावा देने वाली थी। एक बार उनके गुप्तचर ने सूचना दी शाहिस्ते खां पुणे की ओर बढ़ रहा है,तब उन्होंने सुरजेराव जेठे को कहा किसानों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया जाए,किसी भी नुकसान पर उनकी नाराजगी मानी जाए। किसानों का हित साधना पुण्य है, मुसीबत में छोड़ देना पाप है।



सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

1676 में भयंकर अकाल पड़ने पर शिवाजी ने अपने अधिकारियों को निर्देश दिया कि उन किसानों को बैल दे दो जिनके बैल सूखे के कारण मर गए हैं। यदि किसी के पास भोजन की व्यवस्था नहीं है तो उन्हें एक खांडी या दो खांडी दे दो इससे हमारे खजाने पर बोझा पड़ेगा,लेकिन पुनर्प्राप्ति के लिए किसानों से जल्दबाजी न करें जब वे सक्षम हो जाए तो मूल राशि लें ब्याज न जोड़ें। इस कार्य को अविलंब लागू किया जाए।

1676 में भयंकर अकाल पड़ने पर शिवाजी ने अपने अधिकारियों को निर्देश दिया कि उन किसानों को बैल दे दो जिनके बैल सूखे के कारण मर गए हैं। यदि किसी के पास भोजन की व्यवस्था नहीं है तो उन्हें एक खांडी या दो खांडी दे दो इससे हमारे खजाने पर बोझा पड़ेगा,लेकिन पुनर्प्राप्ति के लिए किसानों से जल्दबाजी न करें जब वे सक्षम हो जाए तो मूल राशि लें ब्याज न जोड़ें। इस कार्य को अविलंब लागू किया जाए। शिवाजी राजे इस बात का बहुत ध्यान रखते थे कि उनके राज्य में कोई भूखा न सोये। जानवरों तक का ख्याल रखा जाता था। किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण की व्यवस्था थी। किसान की उपज का वाजिब मूल्य मिले इसका ख्याल रखा जाता था। किसानों के कर बहुत कम थे।

आज किसान अपनी फसल के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी के लिए आंदोलनरत हैं जिनके मार्ग अवरुद्ध किए जा रहे हैं। पिछलीबार प्रधानमंत्री ने अपनी तपस्या की कमी माना था। सरकार गंभीरता पूर्वक हल निकालेगी यह सोचकर किसानों का आंदोलन समाप्त हुआ,लेकिन किसानों का लंबे इंतजार के बाद सब्र जबाब दे रहा था। अब सामाजिक न्याय के किसान नेता पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित किया गया। एक और किसान नेता जिनका कद भी बहुत सम्मानीय है, सर छोटूराम। उनका कहना था कि यदि दुनिया में कोई धंधा ऐसा है जिसकी नेक कमाई है तो वह यही किसान है।

यदि दुनिया में कोई ऐसा व्यक्ति है तो संतोष जीवन का ज्वलंत उदाहरण है जिसके सीने में श्रद्धा है,हाथ उदार हैं,दिल पवित्र है,नियत का उजाला है,पशु का मित्र है। शिवाजी महाराज, सर छोटूराम, चौधरी चरण सिंह पर श्रद्धा रख सरकार को चाहिए किसानों के साथ खुले दिल से बात कर,उनकी मांगों पर विचार करें।

## सोशल फोरम

# पतिव्रता और पतिवृत्ता में अंतर

पति कितना ही शातिर हो या कितने ही उच्च पद पर आसीन हो,इस त्रिज्या को पार नहीं कर सकता। यदि किसी तरफ से बढ़ाने की कोशिश करता है तो वृत्त की शक्ल पिचकी हंडिया की तरह हो जाती है।

पतिव्रता और पतिवृता में क्या अंतर है? हालांकि इसको लिखते हुए भीतर डर है,लेकिन होली के पूर्वागमन का प्रभाव होने लगा है। इसलिए सभी सन्नारियों से प्रार्थना है कि इस लिखे को उसी भावना से प्रेरित माना जाए। पुराने समय में अच्छा पति पाने के लिए कन्याएं सोलह सोमवार का व्रत रखती थी (अब इसका चलन नहीं है, क्योंकि या तो अच्छे पतियों का अभाव हो गया है या जरूरत नहीं रह गई)। पतिव्रत एक अपरिहार्य और कठिन तपस्या हुआ करती थी।



रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

भले ही पति परदेश में हो, साल भर बाद घर आ पाता हो,लेकिन पत्नी उसकी यादों में पूरा साल निकाल दिया करती और जब पति के छुट्टी आने की चिट्ठी आती तो घर द्वार सजने लगते। यह मात्र एक उदाहरण है। अब पतिवृता का उदाहरण-पत्नी जी ने अच्छी कमाई या पद धारक किसी पुरुष की प्राप्ति बिना किसी व्रत आदि के कर ली और अब उनको 24×7 यही चिंता रहती है कि उनके पति का पैसा कौन-कौन खा रहा है या पति किसी दूसरे के चक्कर में तो नहीं पड़ रहा है या मौज मस्ती तो नहीं कर रहा है आदि के कारण उनको एक वृत्त की रचना पति के चतुर्दिक करनी पड़ती है। इस वृत की त्रिज्या,व्यास,केन्द्र और स्पर्श रेखा का चयन करना पड़ता है। इस प्रकार की नारी को कहते हैं पतिवृता, जो रेखागणितीय सिद्धांतों में पारंगत हैं। उनको भली भांति ज्ञात है कि वृत्त का एक निर्धारित क्षेत्रफल होता है, जो उसकी त्रिज्या पर निर्भर करता है और यह त्रिज्या कितनी होनी चाहिए इसका निर्धारण पतिवृता पत्नी करती हैं।

पति कितना ही शातिर हो या कितने ही उच्च पद पर आसीन हो,इस त्रिज्या को पार नहीं कर सकता। यदि किसी तरफ से बढ़ाने की कोशिश करता है तो वृत्त की शक्ल पिचकी हंडिया की तरह हो जाती है। इसे कहिए पतिवृता का पारिवारिक गणित।

-फेसबुक वॉल से

# पारदर्शिता की ओर कदम बढ़ाता एक ऐतिहासिक फैसला

उच्चतम न्यायालय ने लोकसभा चुनाव से ठीक पहले एक बड़ा फैसला सुनाकर वित्त वर्ष 2017-2018 में शुरू की गई विवादित इलेक्टोरल बांड स्कीम को रद्द कर दिया गया है,जो यकीनन पारदर्शिता की ओर कदम बढ़ाता एक ऐतिहासिक फैसला है। सुप्रीम कोर्ट के हिसाब से इलेक्टोरल बांड स्कीम असंवैधानिक है। यह सूचना के अधिकार का उल्लंघन करती है और भाषण व अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर भी हस्तक्षेप करती है।



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

इलेक्टोरल बांडों के माध्यम से प्राइवेट कंपनियों का सरकारों से अनुचित लाभ कमाने की बात किसी से छुपी नहीं है।

एक बड़े फैसले के तहत मुख्य न्यायाधीश जस्टिस चंद्रचूड़ के नेतृत्व में गठित की गई पांच जजों की बेंच ने स्टेट बैंक को 12 अप्रैल 2019 से अब तक खरीदे गए इलेक्टोरल बांड के खरीदारों के नाम और राजनीतिक दलों की ओर से खर्च और भुगतान की गई धनराशि आदि सभी विवरणों को 6 मार्च तक निर्वाचन आयोग के साथ साझा करने का आदेश दिया है। साथ ही निर्वाचन आयोग को भी निर्देशित किया गया है कि वह स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से प्राप्त सभी जानकारियों को 13 मार्च तक अपनी वेबसाइट पर अपलोड करे,जो इलेक्टोरल बांड अभी तक भुनाए नहीं गए हैं,उनकी तय धनराशि बैंक दानकर्ता को वापस लौटाएगा। वैसे भारतीय रिजर्व बैंक और निर्वाचन आयोग इलेक्टोरल बांड योजना को पहले ही अपारदर्शी करार दे चुके हैं। इलेक्टरोरल बांड स्कीम में आम नागरिक, विपक्षी दल और चुनाव आयोग को जानकारी प्राप्त करने से रोकने के पूरे प्रावधान थे,पर सरकारी बैंकों के पास पूरा रिकॉर्ड था कि बांड किसने खरीदा और किस पार्टी को दान में दिया। पिछले 6-7 सालों में इस योजना के तहत कुल छह हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का धन सभी राजनीतिक पार्टियों को मिला है। वर्तमान सरकार के वर्ष 2016 में नोटबंदी के बाद तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली ने अगले ही वर्ष 2017-18 में वित्त विधेयक के माध्यम से इलेक्टोरल बांड योजना को लांच किया था जिसके लिए कई कानूनों में आवश्यक बदलाव भी किए गए थे।

मौजूदा इलेक्टोरल बांड स्कीम की प्रक्रिया पूर्णतः गोपनीय थी अर्थात् इनके खरीदारों को भी खरीद घोषित करने की और दूसरी तरफ राजनीतिक दलों को प्राप्त धन के स्रोत की जानकारी देने की कोई भी बाध्यता नहीं थी। चंदा देने वाला अपनी पहचान गोपनीय रखते हुए बैंक से एक करोड़ तक के इलेक्टोरल बांड खरीद सकता था और अपनी पसंद की राजनीतिक पार्टी को डोनेट कर सकता था। निश्चित तौर पर यह आपसी संबंधों और स्वार्थ पर आधारित प्रक्रिया कही जा सकती थी।

इलेक्टोरल बांडों के माध्यम से प्राइवेट कंपनियों का सरकारों से अनुचित लाभ कमाने की बात किसी से छुपी नहीं है। कंपनियां किसी भी राजनीतिक दल को चंदा देकर उसे अपने दबाव में ला सकती हैं और उसके सत्ता पर आने पर अपने हिसाब से काम निकलवा सकती हैं। जबकि उच्चतम न्यायालय का कहना है कि नागरिकों को जानने का अधिकार है कि सरकार का पैसा कहां से आता है और कहां जाता है। आज राजनीतिक संरक्षण के बल पर हर जगह माफिया सक्रिय हैं। खनन और रियल एस्टेट की बात तो छोड़िए, इन्होंने शिक्षा और सरकारी भर्ती प्रक्रिया को भी प्रभावित किया है। सरकारी नौकरियां दिन प्रतिदिन कम होती जा रही हैं और प्राइवेट सेक्टर में भी आए दिन छटनी देखने को मिल रही है। जिस देश में करोड़ों बेरोजगार युवा हैं,शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल है,वहां चुनावों के दौरान पानी की तरह पैसा बहाना आम नागरिक के जख्मों में नमक छिड़कने जैसा ही है। एक तरफ नेताओं की संपत्ति में वर्ष दर वर्ष बढ़ोतरी होती जा रही है,दूसरी तरफ जनता महंगाई की मार झेल रही है। एक सरकारी कर्मचारी अपनी वार्षिक आय का 30 प्रतिशत तक आयकर में खर्च कर देता है,वहीं पार्टियों को मिलने वाले इस चंदे और आमदनी पर कोई कर भी नहीं लगता। इन राजनीतिक पार्टियों को भी सूचना के अधिकार के दायरे में लाना जरूरी है। यूं तो राजनीतिक दलों के नेता आए दिन एक दूसरे को नीचा दिखाने और शर्मिंदा करने वाले अपशब्द बोलने से भी नहीं चूकते,लेकिन जब जब उनके हित प्रभावित होते हैं तो सब एकजुट हो जाते हैं। इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि इन्हें जनता के हित की कितनी परवाह है। हालांकि विपक्षी दल सत्ता पक्ष पर निशाना साथ रहे हैं और सत्ता पक्ष इसे अब भी पारदर्शी बता रही है,लेकिन आम जनता यह जानती है कि सभी राजनीतिक पार्टियों का चरित्र लगभग एक सा ही होता है।

# कैलास मानसरोवर की मुक्ति कब

हनुमान जी द्वारा लंका में सीता जी की खोज करते हुए 'मंदिर मंदिर प्रति कर सोधा' कहा गया है। मंदिर का अर्थ घर भी है और भगवान का घर भी। इधर लोकसभा चुनावों को आसन्न देख हमारे प्रधानमंत्री भी ऐसा ही कर रहे हैं। अभी अयोध्या के राम मंदिर में उनके द्वारा कृत प्राण प्रतिष्ठा की सुर्खियां कम नहीं हुई थीं कि वे संयुक्त अरब अमीरात के अबूधाबी के पास बनाए गए एक मंदिर के उद्घाटन में पहुंचे। अब इसकी खबरें मीडिया में चल रही हैं। आगे मथुरा की श्रीकृष्ण जन्मभूमि और काशी की ज्ञानवापी के इस्लामिक निर्माणों से मुक्ति एजेंडे में है,जैसा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बाकायदा घोषित कर चुके हैं।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

इस क्रम में याद दिलाना चाहूंगा कि भगवान शंकर के मूल निवास कैलास और मानसरोवर की चीन से मुक्ति कब कराई जाएगी? ये पुराण प्रसिद्ध भारतीय क्षेत्र हैं और अर्से से चीन इन पर कब्जा किए है। इनकी मुक्ति की बात ही नहीं हो रही है। ये वह जगहें हैं जिनका गहरा संबंध उन राम और कृष्ण से है जिनकी जन्भभूमि मुक्ति एजेंडे में ली गई। हिंदुओं के 'महादेव' मान्य भगवान शंकर श्रीराम के आराध्य हैं। राम ने रामेश्वरम् शिवलिंग की स्थापना करवाई थी और अंत में महापथ पर जाते हुए वे मानसरोवर भी गए थे। महर्षि वाल्मीकि कहते हैं- 'बदरीकाश्रमे रामःकेदारेशं विलोक्य सः। महापथं ततो गत्वा ययौ तन्मानसं सरः'।। यही नहीं भगवान कृष्ण अपने अभीष्ट की प्राप्ति के लिए कैलास पर्वत पर तप हेतु गए थे। 'शिव महापुराण' की 'उमा पंचम संहिता-अध्याय एक में कथा आई है। जब श्रीकृष्ण कैलास पर्वत पर पहुंचे तो उनको वहां उपमन्यु ऋषि तप करत मिले। उपमन्यु ने कृष्ण जी को शिव महिमा बतलाई और ' ॐ नमःशिवाय' मंत्र 16 मास तक वहां जपने को कहा। कृष्ण जी ने वैसा ही किया,तब सोलह मास बाद माता पार्वती सहित भगवान शंकर ने उन्हें दर्शन और अभीष्ट वरदान दिए। ऐसे में भोलेनाथ के इस पवित्र भारतीय स्थल की मुक्ति का नाम भी न लेना अखरने वाली बात है। उनकी भक्ति का तो एक पूरा महीना (सावन)हिंदू लोग निर्धारित किए हैं।

महा शिवरात्रि का महत्व कौन नहीं जानता? सनातनी लोग हर मास में शिव जी का प्रदोष व्रत रखते हैं। उनके आभूषण सर्पों तक की पूजा का एक अलग पर्व होता है। अतः उन्हें कमतर न आंका जाए। मोदी जी स्वयं उन्हीं की राजधानी काशी से चुनाव लड़ते हैं और गत लोकसभा चुनाव के फौरन बाद केदारनाथ जाकर योग किया था जिसकी फोटो वायरल हुई थी। यह भगवान शंकर का ही ज्योतिर्लिंग है। ऐसे में आशा की जाती है कि मोदी शीघ्र ही कैलास और मानसरोवर का भी चीनी कब्जा छुड़ाकर हिंदुओं के लिए वहां की निर्बाध यात्रा,पूजन अर्चन का मार्ग प्रशस्त करेंगे।

## एक नजर

### प्रधानमंत्री को ज्ञापन देने जाएंगे सपाई

**संभल अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं सदस्य प्रदेश कार्यकारिणी फिरोज खां ने बताया कि 19 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन पर उन्हें ज्ञापन दिया जाएगा। सुबह 10 बजे पक्का बाग स्थित कार्यालय से सपा कार्यकर्ता रवाना होंगे। जिसमें प्रधानमंत्री से संभल से गजरौला रेल लाइन, रोडवेज बस अड्डा निर्माण, पश्चिमी यूपी में हाईकोर्ट बेंच स्थापना, उच्च शिक्षा की व्यवस्था, इबादतगाहों के निर्माण को अनुमति और किसानों को राहत देने की मांग उठाई जाएंगी।

### विद्यालय प्रबंधक पर अभद्रता का आरोप

**कुढ़फतेहगढ़/चन्दौसी, अमृत विचार :** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव धर्मपुर कुईया निवासी प्रेमप्रकाश पुत्र दयाराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शनिवार को तड़के तीन बजे उसे व गांव के ही फूलासी को एक विद्यालय के प्रबंधक ने गाली-गलौच की और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया। विरोध करने पर मारपीट पर उतारू हो गया।

## यातायात पुलिस ने बनाया प्लान, कुछ मार्गों पर भारी वाहनों पर लगाई रोक

# प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर कई मार्गों पर यातायात प्रतिबंधित




कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा श्री कल्कि धाम शिलान्यास किए जाने को लेकर यातायात पुलिस ने यातायात को लेकर प्लान तैयार किया है। जिसमें कई प्रमुख मार्गों पर वाहनों का आवागमन पूरी तरह से प्रतिबंधित किया है जबकि कुछ मार्गों पर भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगाई गई है। संबंधित प्वाइंटों पर पुलिस मुस्तैद कर दी गई है।

यातायात प्रभारी अनुज मलिक ने बताया कि संभल से जोया मार्ग पर वाहनों का यातायात पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। सिर्फ ऐंचौड़ा कम्बोह में शिलान्यास कार्यक्रम पर रैली में जाने वाले वाहन ही गुजरेंगे। इसी तरह सैदनगली से

▸▸ **संबंधित प्वाइंटों पर पुलिस मुस्तैदी से है तैनात**

मनोटा मार्ग पर भी यातायात पर प्रतिबंध लगाया गया है। रैली से संबंधित बसें और अन्य वाहन ही इस मार्ग से गुजरेंगे। जोया मार्ग पर भोलेश्वर पर बैरियर लगाया गया है। यहां से रैली में जाने वाले वाहन ही गुजर सकेंगे। दूसरी तरफ भारी वाहनों को लेकर भी रूट डायवर्जन किया गया है। मुरादाबाद मार्ग पर सिरसी से संभल की तरफ भारी वाहन नहीं जाएंगे। इन वाहनों को सिरसी से बिलारी होकर निकाला जाएगा। गवां से संभल की तरफ वाहन नहीं चलेंगे। वाहनों को गवां से बहजोई, आदमपुर और चंदौसी की तरफ निकाला जाएगा। वहीं संभल से चंदौसी मार्ग पर भी भारी वाहनों के आवागमन पर पूरी तरह से रोक लगाई गई है। यातायात प्रभारी ने बताया कि रूट डायवर्जन प्वाइंटों पर पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।

## कार्यक्रम स्थल से पहले वाहनों के लिए बनाई गईं 34 पार्किंग

कार्यालय संवाददाता, संभल

▸▸ **सबसे पहले बसों को कराया जायेगा पार्क, उसके बाद सामान्य कारों की पार्किंग की होगी व्यवस्था**

▸▸ **तीसरी पार्किंग में वीआईपी व प्रेस के वाहन खड़े कराए जाएंगे, अंत में वीवीआईपी पार्किंग रहेगी**

**अमृत विचार :** ऐंचौड़ा कम्बोह में स्थित श्री कल्कि धाम के शिलान्यास कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन सुनने को पहुंचने वाले भाजपा कार्यकर्ताओं व अन्य लोगों के वाहनों के लिए कार्यक्रम स्थल से पहले पार्किंग व्यवस्था की गई है। वाहनों को पार्क करने के लिए 30 पार्किंग और 4 इमरजेंसी पार्किंग बनाई गई हैं।

आयोजन स्थल पर मनोटा या फिर सैदनगली की तरफ से जाने पर सबसे पहले बसों की पार्किंग की व्यवस्था रहेगी। जिसमें भाजपा कार्यकर्ताओं व अन्य श्रद्धालुओं को लेकर आने वाली बसों को पार्क कराया जाएगा। दूसरे नंबर पर कार्यक्रम में आने वाले सामान्य लोगों की कारों को खड़ा कराने के लिए पार्किंग बनाई गई है। तीसरी पार्किंग मीडिया और वीआईपी के वाहनों की पार्किंग के लिए बनी है। चौथे नंबर की पार्किंग में केवल वीवीआईपी के वाहनों को खड़ा कराया जाएगा। इस पार्किंग के से कार्यक्रम स्थल के बीच सभी वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। किसी भी तरह का वाहन सड़क पर नहीं दौड़ेगा। सड़क पर सिर्फ लोगों की पैदल आवाजाही हो सकेगी।

### छोटे रास्तों पर भी लगाए गए बैरियर

**संभल अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसभा स्थल से पहले ही संतों के ठहरने के लिए टेंट सिटी बनाई गई है। टेंट सिटी से पहले मदाला व देहपा की तरफ से आने वाले छोटे रास्तों पर भी पुलिस का पहरा रहेगा। आयोजन स्थल से काफी पहले ही बैरियर लगा दिये गये हैं। वाहनों को रोक दिया जाएगा। पुलिसकर्मी वाहनों को आगे नहीं बढ़ने देंगे।

### इस मार्ग पर यातायात पूर्ण प्रतिबंधित

**संभल अमृत विचार :** श्री कल्कि धाम शिलान्यास कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को देखते हुए कड़े सुरक्षा इंतजाम किये गये हैं। ऐंचौड़ा कम्बोह से सतुपुरा होते हुए जोया की तरफ जाने वाले मार्ग को कंटिजेंसी मार्ग घोषित किया गया है। इस मार्ग पर वाहनों और लोगों की आवाजाही पर पूर्ण रूप से पाबंदी रहेगी। इस मार्ग पर जगह-जगह पुलिस की तैनाती के साथ ही पेट्रोलिंग कर निगरानी की जायेगी।

## प्रधानमंत्री की सुरक्षा को बेहद कड़े प्रबंध, चप्पे-चप्पे पर नजर

कार्यालय संवाददाता, संभल

▸▸ **एसपीजी की देखरेख में सुरक्षा एवं निगरानी के लिए 100 से अधिक अधिकारियों की लगाई ड्यूटी**

▸▸ **अर्द्धसैनिक बल के जवानों के साथ ही कई जनपदों का पुलिस बल तैनात**

**अमृत विचार :** श्री कल्कि धाम के शिलान्यास के लिए आ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा का खाका खींचकर बेहद कड़े पुलिस प्रबंध किये गये हैं। परिक्षेत्र के पुलिस अधिकारियों के अलावा जोन और उसके बाहर से 100 से अधिक अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। वहीं केंद्रीय खुफिया एजेंसी के साथ स्थानीय एजेंसियां भी पूरी तरह से सक्रिय हैं।

संभल के ऐंचौड़ा कम्बोह में आज 19 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कल्कि धाम का शिलान्यास किया जाएगा। कई दिनों से डीएम मनीष बंसल और एसपी कुलदीप सिंह गुनावत तैयारियां कराने में जुटे हैं। तीन दिन से प्रधानमंत्री के कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा का जिम्मा एसपीजी ने संभाल रखा है। सुरक्षा को लेकर कड़े इंतजाम किए गए हैं। प्रोटोकॉल के मुताबिक प्रधानमंत्री की सुरक्षा के लिए बाहर से भी अधिकारी बुलाए गए हैं। इनमें आठ से ज्यादा आईपीएस स्तर के एसपी, 38 एएसपी और 80 से ज्यादा डिप्टी एसपी ड्यूटी पर लगाये गए हैं। एसपीजी की निगरानी में सुरक्षा का खाका तैयार किया गया है। मुरादाबाद परिक्षेत्र के सभी जिलों के अलावा जोन से भी अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

### खास सुरक्षा में मंच तक जाएंगे प्रधानमंत्री

**संभल अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर सबसे खास सुरक्षा इंतजाम हेलीपैड से लेकर मंच तक किए गए हैं। एसपीजी की निगरानी में स्थानीय पुलिस के अधिकारियों की पूरी स्थिति पर नजर रहेगी।

### मंडल में पहला गर्ल्स डे बोर्डिंग स्कूल खुलेगा

**चन्दौसी, अमृत विचार:** पांच करोड़ की लागत से बने जीनियस गर्ल्स स्कूल में रोजगार व बच्चियों को आधुनिक शिक्षा देकर देश के विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का संकल्प लिया गया है। इसके लिए मंडल में पहला गर्ल्स डे बोर्डिंग स्कूल खुलेगा।

जीनियस गर्ल्स स्कूल में क्लास किंडन गार्डन, नर्सरी से 12 तक सीबीएसई बोर्ड पैटर्न से चलाया जाएगा। जो आसपास के मंडलों में पहला गर्ल्स डे बोर्डिंग स्कूल होगा। स्कूल में ट्रस्टी बोर्ड के अलावा संपूर्ण स्कूल स्टाफ, हाउस कीपर व सुरक्षा गार्ड तक महिला वर्ग से होगा। स्कूल ट्रस्टी बोर्ड ने पढ़ने वाली प्रत्येक छात्रा को अपनी ओर से पौष्टिक भोजन, यूनिफार्म निशुल्क देने का वचन दिया है। स्कूल बसों में सीसीटीवी कैमरे व जीपीएस सिस्टम रहेगा। 19 फरवरी को संभल जिले की इन्वेस्टमेंट समिट में व्यापारी पवन कुमार गुप्ता को प्रदेश के विकास में आर्थिक योगदान की योजना प्रस्तुत करने को आमंत्रित किया गया है।

# प्रधानमंत्री आज कल्कि धाम के गर्भगृह में आधार शिला स्थापित करेंगे

## हेलीकॉप्टर सोमवार को सुबह 10.25 बजे आयोजन स्थल के निकट बने हेलीपैड पर लैंड होगा

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** संभल के ऐंचौड़ा कम्बोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक घंटे से ज्यादा समय तक मौजूद रहेंगे। कल्कि धाम शिलान्यास का कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आधारशिला रखने के साथ ही 10 मिनट में संपन्न हो जाएगा।

कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हेलीकॉप्टर सोमवार को सुबह 10.25 बजे आयोजन स्थल के निकट बने हेलीपैड पर लैंड हो जाएगा। यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व वरिष्ठ अधिकारियों के साथ ही पांच संत प्रधानमंत्री का स्वागत करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10.30 बजे पूरब के द्वार से गर्भगृह में प्रवेश करेंगे। इसके बाद उत्तर दिशा को मुंह कर प्रधानमंत्री कल्कि धाम की आधारशिला को स्थापित करेंगे। 10.39 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरब दिशा से ही गर्भगृह से बाहर आ जाएंगे। इसके बाद वह गर्भगृह की परिक्रमा कर कल्कि धाम के मॉडल का अवलोकन करेंगे। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने बताया कि प्रधानमंत्री 10.41 बजे मंच की तरफ प्रस्थान करने के बाद 10.45 बजे मंचासीन हो जाएंगे। मंच पर पांच मिनट तक उनके स्वागत का कार्यक्रम चलेगा। 10.50 बजे से 11 बजे तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व आचार्य प्रमोद कृष्णम का स्वागत, भाषण होगा और फिर प्रधानमंत्री कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। इससे पहले कल्कि धाम शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान कन्या गुरुकुल विद्यालय चोटीपुरा की 108 कन्याएं शंख ध्वनि कर स्वस्तिवाचन गायन करेंगी।



कल्कि धाम शिलान्यास स्थल जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शिला स्थापित करेंगे। ● अमृत विचार

### गुप्त पूजन के बाद शिलान्यास स्थल पर पहुंचीं शिलाएं

**संभल, अमृत विचार :** ऐंचौड़ा कम्बोह में श्री कल्कि धाम शिलान्यास कार्यक्रम को लेकर गुप्त पूजन के बाद नौ शिलाएं शिलान्यास स्थल पर पहुंच गई हैं। जहां 19 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शिला स्थापित की जाएगी। श्री कल्कि पीठ स्थल पर राजस्थान से आईं नौ शिलाओं का गुप्त पूजन चल रहा था। रविवार को शिलाओं का गुप्त पूजन संपन्न हो गया। जिसके बाद शिलाओं को विधि विधान के साथ श्री कल्कि धाम शिलान्यास स्थल पर पहुंचाया गया। सोमवार को सुबह 7 .30 बजे से गर्भगृह में शिलाओं का पूजन किया जाएगा। जिसके लिए उज्जैन से विद्वान पंडित बुलाए गए हैं। पूजन 9 .30 बजे तक चलेगा। नौ शिलाओं के मध्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शिला को स्थापित करेंगे।



शिलाओं को सिर पर रखकर लेकर जाते संत, साथ में मौजूद कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम। ● अमृत विचार



कल्कि भक्ति में नाचते गाते शिलाओं के साथ कल्कि धाम शिलान्यास स्थल पर जाते श्रद्धालु।

# कला प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा, मिले पुरस्कार

संवाददाता, बबराला

**अमृत विचार :** बीबीएस पब्लिक स्कूल में इंटर स्कूल में कला प्रतियोगिता में नगर क्षेत्र के 10 स्कूलों के चयनित 50 छात्र छात्राओं ने भाग लेकर प्रतिभा दिखाई।

आर्ट कंपटीशन में सरस्वती कन्या इंटर कॉलेज, लोहिया कान्वेंट स्कूल, विद्याकुंज इंटरनेशनल स्कूल, रामा कान्वेंट स्कूल, यारा फर्टिलाइजर डीएवी स्कूल, गंगोत्री पब्लिक स्कूल, एसओ मेमोरियल स्कूल, डीएएम पब्लिक स्कूल गुन्नौर, केंद्रीय विद्या निकेतन सिहावली के साथ ही मेजबान बीबीएस पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्राइमरी वर्ग (नर्सरी से कक्षा दो) में प्रकृति, सब जूनियर वर्ग में (कक्षा तीन से पांच तक) में वृक्ष व पर्यावरण, जूनियर वर्ग में (कक्षा छह से आठ तक) पृथ्वी संरक्षण, सीनियर वर्ग (कक्षा 9 से 12) में कन्या संरक्षण विषय पर छात्र छात्राओं ने एक से बढ़कर एक पेंटिंग बनाकर प्रतिभा दिखाई। प्राइमरी वर्ग में बीबीएस स्कूल की रिजा, सब जूनियर वर्ग में यारा डीएवी की तनिष्का कमल, जूनियर वर्ग में बीबीएस स्कूल की वैष्णवी और सीनियर वर्ग में सरस्वती कन्या इंटर कॉलेज की प्रिया गुप्ता प्रथम रहीं। इनके साथ ही द्वितीय, तृतीय और सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए। प्रतियोगिता के निर्णायक रिटायर्ड प्रिंसिपल गंगाराम यादव ने कहा कि कला का जीवन से गहरा संबंध है। ईश्वर द्वारा निर्मित प्रत्येक वस्तु कला का एक अद्भुत उदाहरण है। विद्यालय प्रबंधक सुमित यादव ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से बच्चों की प्रतिभा सामने आती है। इस दौरान डॉ. राहुल यादव, डॉ. फराह हाशमी, उमेश गुप्ता, आयुषी, पूजा, आदि रहे।



कला प्रतियोगिता की विजेता छात्रा को पुरस्कार देते अतिथि व अन्य। ● अमृत विचार

### कार की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**बबराला, अमृत विचार :** गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र में बबराला अनूपशहर मार्ग पर कार की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। डॉक्टर ने उपचार देकर गंभीर घायल को अलीगढ़ रेफर कर दिया।

बुलंदशहर जिले के गांव जहांगीराबाद निवासी विपिन रविवार की देर शाम बाइक पर सवार होकर बबराला आ रहा था। गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र में बबराला अनूपशहर मार्ग पर गांव केवलपुर तिपेडा के पास कार ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर के लगते ही विपिन सड़क किनारे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं मौका मिलते ही चालक कार लेकर भाग गया। हादसे के बाद मौके पर इकट्ठा हुए आसपास के लोगों ने घायल विपिन को उपचार के लिए एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर पहुंचाया।

## छप्पर में लगी आग से कपड़ों समेत हजारों का सामान जला

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

▸▸ **चूल्हा जलता छोड़ कर पति के साथ जंगल चली गई थी महिला**

**अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र में चूल्हे से निकली चिंगारी से छप्पर ने आग पकड़ ली और देखते देखते ही घर में रखे कपड़े, चारपाई समेत हजारों रुपये का सामान जल गया। लोगों ने कड़ी मशक्कत कर पानी डालकर आग को बुझाया।

क्षेत्र के गांव ओबरी निवासी मोमीन की पत्नी जुमेरा ने रविवार को दोपहर में खाना बनाकर चूल्हा जलता छोड़ दिया और पति के साथ जंगल चली गई। इस बीच चूल्हे से निकली चिंगारी से पास में रखे फूस में आग लग गई। आग फैली तो छप्पर भी चपेट में आ गया। आग की लपटें देखकर मोमीन के बेटे तौहीद व तौसीफ ने शोर मचाया। शोर सुनकर मौके पर मुहल्ले के लोग इकट्ठा हो गए। लोगों ने पानी से आग को बुझाया लेकिन तब तक घर में रखी चारपाई, लिहाफ, गद्दे और कपड़े जलकर राख हो गए। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मोहम्मद आदिल ने आग की घटना की सूचना राजस्व विभाग को दी।



पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास करते लोग। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप



अंडरपास निर्माण के लिए प्रदर्शन करते किसान। ● अमृत विचार

### अंडरपास निर्माण के लिए धरने पर डटे किसान

**संभल, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले किसानों का धरना 26वें दिन भी जारी रहा। किसानों ने अंडरपास निर्माण की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। गांव भटौला में धरनास्थल पर रविवार को किसानों ने प्रदर्शन के दौरान नारेबाजी की। किसानों ने कहा कि प्रशासन ने अंडरपास बनवाने का आश्वासन दिया है लेकिन अभी तक स्वीकृति पत्र नहीं मिला है। जब तक यह नहीं मिल जाता तब तक धरना जारी रहेगा। इस दौरान गनपत, रामकिशन, जयप्रकाश, कृपाली, राहिद, विनोद कुमार, अनोखे लाल, सुरेश, दिलशाद हुसैन, जसवंत, चंद्रप्रकाश शर्मा आदि रहे।



मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में उपचार के लिए पहुंचे मरीज। ● अमृत विचार

### 3384 मरीजों का निःशुल्क उपचार

**संभल, अमृत विचार :** जनपद के 28 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और 4 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर लगे मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 3384 मरीजों का नि :शुल्क उपचार हुआ। वहीं 176 लाभार्थियों के आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाए गए। स्वास्थ्य केंद्रों पर लगे मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 40 डॉक्टरों और 125 पैरामेडिकल स्टाफ ने ड्यूटी की। मेले में 1320 पुरुषों, 1256 महिलाओं और 808 बच्चों का नि :शुल्क उपचार किया। 285 लोगों की एंटीजन किट से कोविड जांच की तो सभी निगेटिव पाए गए। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 176 लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनाए गए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर परिवार नियोजन संबंधी परामर्श और सामग्री के लिए अलग से काउंटर लगे। आयुष विभाग के डॉक्टरों ने सहयोग किया। मेले का सीएमओ डॉ .तरन्नुम रजा, एसीएमओ डॉ .पंकज कुमार विश्नोई, एसीएमओ डॉ .कुलदीप कुमार आदिम, अपर शोध अधिकारी महेश गौतम, डीपीएम एनएचएम संजीव कुमार राठौर, डीसीपीएम अरबाब मेहंदी, नगरीय स्वास्थ्य समन्वयक मुकेश चंद्र शर्मा आदि ने निरीक्षण किया।

### मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में 22 मरीजों का किया उपचार

**बनियाठेर/चन्दौसी, अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरौली द्वारा थाना बनियाठेर के गांव अकरौली स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें नरौसी सीएचसी की चिकित्सक डॉ . आस्था वार्ष्णेय ने मरीजों का उपचार किया और दवाएं वितरित कीं। साथ ही मरीजों को बदलते मौसम में एहतियात बरतने की सलाह दी। स्वास्थ्य मेले में 22 मरीजों का उपचार कर दवाएं वितरित की गईं। इस दौरान फार्मासिस्ट ललित मोहन, वार्ड ब्याय सुनील कुमार व संजय कुमार थे।

### बाइकों की आमने सामने भिड़ंत में 3 लोग घायल

**संभल/असमोली, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र में असमोली लोधीपुर मार्ग पर दो बाइकों की भिड़ंत में तीन लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

थाना क्षेत्र के गांव बेला निवासी विक्की अपने तहेरे भाई चंद्रकेश के साथ बाइक पर सवार होकर रविवार की शाम छह बजे शादी समारोह का सामान लेने थाना क्षेत्र के गांव टांडा कोठी जा रहा था। टांडा कोठी के पास पहुंचते ही सामने से आ रही दूसरी बाइक ने चंद्रकेश की बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में चंद्रकेश, विक्की और टांडा कोठी निवासी मजदूर ताहिर घायल हो गए। हादसे के बाद आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। सूचना मिलने पर चालक भी एंबुलेंस लेकर मौके पर पहुंच गया। घायल चंद्रकेश, विक्की और ताहिर को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

**मांग** | कल्कि धाम का शिलान्यास करने आ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जनता को उम्मीद

# मोदी जी, दे दीजिए रेल लाइन, ताकि घूमे संभल के विकास का पहिया

भीष्म देवल/गौरव वर्मा, संभल

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर संभल से गजरौला रेल लाइन विस्तार की 40 साल पुरानी मांग पुरजोर तरीके से उठ रही है। संभल वालों को प्रधानमंत्री से रेल लाइन की सौगात देने की बड़ी उम्मीद है। अगर ऐसा हुआ तो न सिर्फ संभल से दिल्ली का सफर आसान होगा बल्कि संभल में विकास का पहिया घूमने पर कारोबार भी बढ़ेगा।

मुगलकाल में पृथ्वीराज चौहान की राजधानी रहे संभल का बड़ा ऐतिहासिक महत्व है। 68 तीर्थ और 19 कूपों की नगरी संभल को एशिया की सबसे बड़ी मैंथा मंडी भी कहा जाता है। यहां के सरायतरीन का हैंडीक्राफ्ट कारोबार देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी धूम मचा रहा है। इस सबके बावजूद संभल वालों के लिए दिल्ली अभी दूर है। वर्षों से रोडवेज बस अड्डा किराये के भवन में संचालित है तो रोडवेज बसों का भी टोटा है। दिल्ली जाने के लिए रोडवेज बस ही एकमात्र साधन है।

बात रेल मार्ग की करें तो संभल से मुरादाबाद के लिए केवल एक ट्रेन ही आती जाती है। संभल से गजरौला तक रेल लाइन की कनेक्टिविटी नहीं है। ऐसा नहीं है कि रेल लाइन को लेकर आवाज न उठी हो लेकिन करीब 40 वर्षों से उठी रही मांग पूरी नहीं हो सकी है। हालांकि पिछले कार्यकाल में भाजपा सांसद सत्यपाल सैनी ने संभल हातिम सराय रेलवे स्टेशन का कायाकल्प कराया तो संभल से बिलारी तक रेल लाइन विद्युतीकरण का काम भी हुआ लेकिन गजरौला तक रेल लाइन विस्तार को लेकर प्रयास नाकाफी रहे। अब 19 फरवरी को संभल ऐंचौड़ा कम्बोह में श्री कल्कि धाम का शिलान्यास करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आ रहे हैं तो संभल वाले पुरजोर तरीके से संभल से गजरौला रेल लाइन की मांग उठा रहे हैं।

यहां की आबादी को प्रधानमंत्री से बड़ी उम्मीदें हैं। अगर प्रधानमंत्री ने संभलवालों की झोली में रेल लाइन की सौगात डाली तो यहां विकास को पंख लगेंगे। न सिर्फ गजरौला होकर दिल्ली जाना आसान होगा बल्कि रेल मार्ग के जरिये दिल्ली से माल को यहां लाने में भी व्यापारियों को काफी सहूलियत मिलेगी।




संभल हातिमसराय रेलवे स्टेशन।

▸▸ **40 वर्षों से उठ रही संभल-गजरौला रेल लाइन की मांग**

▸▸ **संभल हातिम सराय रेलवे स्टेशन का हुआ कायाकल्प, विद्युतीकरण भी हुआ**

### माल के आवागमन में मिलेगी सहूलियत

**संभल अमृत विचार :** रेल लाइन मिल जाने से संभल में बन रहे मैंथा उत्पाद, हैंडीक्राफ्ट आइटम, जींस का माल दिल्ली तक पहुंचाने में सहूलियत मिलेगी। बड़े व्यापारियों का माल भी आसानी से दिल्ली से संभल आ सकेगा। बताते चलें कि अभी तक माल को दिल्ली तक पहुंचाने और वहां से संभल लाने का काम बसों और प्राइवेट वाहनों से होता है। जिसमें बड़ा खर्च आता है।

### दिल्ली जाने के लिए रोडवेज बस ही विकल्प

**संभल अमृत विचार :** हाईटेक युग में जहां एक शहर से दूसरे शहर को जोड़ने के लिए केंद्र सरकार की ओर से रेल लाइनों का जाल बिछाया जा रहा है, वहीं संभल इससे वंचित है। यहां से गजरौला तक रेल लाइन नहीं है तो दिल्ली तक जाने के लिए सिर्फ रोडवेज बस ही विकल्प है। दिनभर तमाम लोग प्रमुख चौराहों पर रोडवेज बसों के इंतजार में भटकते नजर आते हैं। रोडवेज बस मिल भी जाती है तो किराये को लेकर जेब पर ज्यादा बोझ पड़ता है।

### विभिन्न संगठन उठा रहे रेल लाइन विस्तार की मांग

**संभल अमृत विचार :** संभल से गजरौला रेल लाइन की मांग को लेकर विभिन्न संगठन आवाज बुलंद कर रहे हैं। इनमें राष्ट्रीय भ्रष्टाचार दमन परिषद, मानव विकास जनसेवा समिति, जिला संघर्ष समिति समेत कई संगठनों की ओर से समय-समय पर पोस्टकार्ड अभियान चलाने के साथ ही प्रदर्शन और ज्ञापन के कार्यक्रम किए जाते रहे हैं। संगठनों के पदाधिकारियों का कहना है कि रेल लाइन संभल का हक है। अगर प्रधानमंत्री ने रेल लाइन दी तो यह संभल की तरक्की में मील का पत्थर साबित होगा।

**एक नजर**

### इंटर तक के विद्यालयों में आज रहेगा अवकाश

**संभल, अमृत विचार :** आज जनपद संभल के ऐंचोडा कंबोह में कल्कि धाम शिलान्यास कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को देखते हुए जिला प्रशासन ने सभी बोर्ड के विद्यालयों में अवकाश घोषित किया है। जनपद के कई प्रमुख मार्गों पर वाहनों की आवाजाही रोकी गई है और कई रास्तों पर रूट डायवर्जन किया गया है। इसके चलते अध्यापकों और छात्र-छात्राओं को स्कूल पहुंचने में परेशानी को देखते हुए यह फैसला किया गया है। अवकाश के संबंध में जिलाधिकारी मनीष बंसल द्वारा जारी आदेश में कहा गया है विद्यालय चाहे तो ऑनलाइन शिक्षण कार्य कर सकते हैं। वही यह भी साफ किया गया है कि जिन विद्यालयों में परीक्षाएं संचालित हो रही हैं वह यथावत संपन्न होंगी।

### मामूली बात पर मारपीट में दो युवतियां घायल

**संभल, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला चौधरी निवासी एक व्यक्ति का मुहल्ला के ही युवक के साथ लड़की घर से भगाकर ले जाने को लेकर दो महीने से विवाद चल रहा है। आरोप है कि इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में रविवार को फिर से विवाद हो गया। जिसमें गाली गलौज के बाद युवक ने अपने परिजनों के साथ मिलकर मारपीट की। जिससे दो युवतियां घायल हो गईं। जिसके बाद परिजन युवतियों को लेकर कोतवाली पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी।

### सट्टा पर्ची के साथ एक पकड़ा

**संभल, अमृत विचार :** हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के गांव पोटा में पर्ची से ग्रामीणों को सट्टा खिलाने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने गांव पोटा निवासी अजयपाल को हिरासत में ले लिया। तलाशी लेने पर पुलिस को अजयपाल के पास से पेन, डायरी, सट्टा पर्ची और 860 रुपये बरामद किए।

### बेटे की मौत के तीसरे दिन मां ने भी तोड़ा दम

**कैला देवी, अमृत विचार :** बीमारी की खबर मिलने के बाद बेटा अरविंद हरियाणा से मां शांति देवी को देखने एक सप्ताह पहले घर आया था। घर आने के पांच दिन बाद गुरुवार को रात को कमरे में सोते समय अरविंद की मौत हो गई थी। अरविंद की मौत होने की जानकारी परिजनों को शुक्रवार की सुबह हुई। बेटे अरविंद की मौत के बाद से मां शांति देवी की भी मौत हो गई।

# किसी को प्रश्न पत्र आसान लगा तो किसी ने की माथा पच्ची

## सात परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में हुई पुलिस भर्ती परीक्षा, गणित व रीजनिंग के सवालों में लगा अधिक समय

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के सात परीक्षा केंद्रों पर पुलिस भर्ती परीक्षा दूसरे दिन रविवार को भी शांति पूर्ण संपन्न हो गई। किसी भी परीक्षा केंद्र से किसी प्रकार की कोई शिकायत नहीं मिली। हर परीक्षा केंद्र के बाहर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। वहीं अभ्यर्थियों को प्रश्न पत्र हल में माथा पच्ची करनी पड़ी। प्रश्न पत्र में पूछे गए गणित व रीजनिंग के सवालों ने अभ्यर्थियों को उलझाए रखा।

रविवार को दूसरे दिन भी शहर के सात परीक्षा केंद्र सेक्रेड हार्ट कान्वेंट स्कूल, राजेश कुमार सरस्वती इंटर कॉलेज, सिल्वर स्टोन कान्वेंट स्कूल, एसएम इंटर कॉलेज, बीएमजी इंटर कॉलेज, चन्दौसी इंटर कॉलेज, एफआर इंटर कॉलेज में दो पारियों में पुलिस भर्ती परीक्षा संपन्न कराई गई। जिसमें पहली पाली सुबह दस बजे से दोपहर 12.5 बजे तक, दूसरी पाली अपराह्न तीन बजे से शाम 5.05 बजे तक हुई। परीक्षा केंद्र पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया। जिससे किसी प्रकार कोई गड़बड़ी नहीं हो सकी। प्रश्न पत्र में पूछे गए सवालों से कई अभ्यर्थी परेशान रहे।



एसएम इंटर कॉलेज में पुलिस भर्ती परीक्षा देकर परीक्षा केंद्र से बाहर आते अभ्यर्थी।



प्रश्न पत्र तो आसान आया था, मगर हिंदी के सवाल अधिक बड़े होने से समझ में नहीं आ रहे थे। जिन्हें हल करने में समय अधिक लग रहा था। जिससे कुछ प्रश्न हल नहीं हो सके। **-छाया, बैरीखेड़ा**



प्रश्न पत्र कठिन होने से परीक्षा अच्छी नहीं हो सकी। जिन सवालों के जवाब आते थे, उनको हल कर दिया गया। जो नहीं आते थे, उन्हें छोड़ दिया। बेवजह हल करने की कोशिश नहीं की। **-पूनम, गुन्नौर**



संभल में पुलिस भर्ती परीक्षा देने पहुंचे परीक्षार्थियों की कतारें। ● अमृत विचार

### कड़ी सुरक्षा के बीच पुलिस भर्ती परीक्षा संपन्न

**संभल, अमृत विचार :** जनपद में पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन 21 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों ने उत्साहपूर्वक परीक्षा दी। परीक्षा केंद्रों से बाहर आए परीक्षार्थियों के चेहरे खिले दिखे। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा एवं निगरानी के कड़े प्रबंध रहे। जनपद के 21 केंद्रों पर उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा में 9840 परीक्षार्थियों को हिस्सा लेना था। शनिवार की तरह रविवार को सुबह परीक्षा केंद्रों के बाहर परीक्षार्थियों की लंबी कतारें लग गईं। परीक्षा केंद्रों के मुख्य द्वार पर ही परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र देकर प्रवेश दिया गया। परीक्षार्थियों ने पहली और दूसरी पाली में उत्साहपूर्वक पुलिस भर्ती परीक्षा दी। जब परीक्षार्थी परीक्षा देने के बाद केंद्रों से बाहर आए उनके चेहरों पर खुशी दिखी। कई परीक्षार्थियों ने आपस में परीक्षा को लेकर चर्चा करते हुए सफलता की उम्मीद जताई।



महामृत्युंजय मंदिर में सुंदरकांड पाठ करते भूमानंद सेवा ट्रस्ट के पदाधिकारी।

# सुंदरकांड पाठ की चौपाईयों का लयवद्ध किया वाचन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट के द्वारा रविवार को संयुक्त चिकित्सालय स्थित महामृत्युंजय मंदिर में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम केजी शर्मा व राजेश शंखधार ने गणेश वंदना, सरस्वती वंदना, हनुमान चालीसा व बजरंग बाण का वाचन किया। तत्पश्चात अजय सक्सेना व राजू शर्मा ने सुंदरकांड पाठ की चौपाईयों का लयवद्ध वाचन किया। केजी शर्मा ने मेरी लगी बालाजी संग प्रीत ये दुनिया क्या जानें, उमा श्रीवास्तव ने कई जन्मों से बुला रही हूं कोई तो रिश्ता जरुर होगा आदि एक के बाद एक भजनों की प्रस्तुति से वातावरण भक्तिमय कर दिया। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर जेएन मिश्रा, रविशंकर शर्मा, वाईके शर्मा, राजीव शर्मा, संजीव शर्मा, कल्पना वार्ष्णेय, रमेश ग्रेवाल, सुरेश चंद्र शर्मा, टीसी शर्मा, सूरज पाराशरी, केके रस्तोगी, राकेश चौबे, मनोज शर्मा, गुलशन अरोरा, सच्चिदानंद शर्मा आदि रहे।



ऐंचौड़ा कम्बोह में प्रधानमंत्री की जनसभा के लिए तैयार किया गया पंडाल। ● अमृत विचार

### कूड़ा जलाने के आरोप में मारपीट, तीन लोग घायल

**चन्दौसी, अमृत विचार:** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव बिचेटा में कूड़ा जलाने को लेकर बड़े भाई ने अपने छोटे भाई व उसके परिवार के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की। मारपीट में एक महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर तीनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना की तहरीर थाने में दी गई है।

गांव बिचेटा निवासी कृपाल सिंह पुत्र मोहन सिंह अपने पुत्र मुकेश व उसकी पत्नी सुमन के साथ खेत पर मकान बनवाकर रहा है। रविवार की सुबह कृपाल का बड़ा भाई अपने पुत्रों के साथ छोटे भाई के घर पहुंचा और कूड़ा जलाने का आरोप लगाते हुए गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपियों ने कृपाल के साथ मारपीट शुरू कर दी। पिता को बचाने आए मुकेश व उसकी पत्नी को भी लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया।

# रामकृष्ण परमहंस के जीवन पर प्रकाश डाला

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत के द्वारा रविवार को स्वामी विवेकानंद के गुरू स्वामी रामकृष्ण परमहंस की जयंती नीलम हॉस्पिटल में समारोह पूर्वक मनाई । कार्यक्रम में उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया।

सर्वप्रथम मुख्य अतिथि अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने संत रामकृष्ण परमहंस के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर नमन किया। कहा कि स्वामी रामकृष्ण परमहंस मानवीय मूल्यों के पोषक अदभुत संत, आध्यात्मिक गुरु, विचारक, चिंतक, स्वामी विवेकानंद जी के सदगुरु थे। स्वामी परमहंस जी का मानना था कि मानव सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा है। वह कहते थे कि अशिक्षा के कारण मानव की चेतना निचले स्तर पर रहती है। मनुष्य काम, क्रोध, लोभ, मोह, क्रूरता, स्वार्थी कर्मों में लिप्त रहता है। वास्तविक विद्या मनुष्य को चेतन के ऊंचे स्तर पर ले जाती है। संत रामकृष्ण परमहंस का जन्म 18 फरवरी 1836 को बंगाल प्रांत स्थित कामारपुकुर ग्राम में हुआ था। उनके शिष्य स्वामी विवेकानंद ने बाद में रामकृष्ण मिशन की स्थापना की। अध्यक्षता डॉ. महेश कुमार गुप्ता व संचालक डॉ. अरविन्द कुमार गुप्ता ने किया। इस अवसर पर डॉ. निशा गुप्ता, डॉ. नीलम गुप्ता, डॉ. नितिन कौशिक, पंकज वार्ष्णेय, अंकित वार्ष्णेय, विकास यादव, अवधेश कुमार, रीतेश मौर्य ने विचार व्यक्त किए। तमाम लोगों की भागीदारी रही।



रामकृष्ण परमहंस की जयंती मनाते समिति के पदाधिकारी व सदस्य। ● अमृत विचार

**▸▸ महापुरुष स्मारक समिति ने समारोह पूर्वक मनाई जयंती**

# एसपीजी ने डाला डेरा, पीएम का कड़ी सुरक्षा में चेंजओवर आज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**▸▸ संभल से आने के बाद एयरपोर्ट से जाएंगे लखनऊ, खुफिया एजेंसियां भी अलर्ट**

**▸▸ त्रिशूल एयरपोर्ट के आसपास के इलाके को छावनी में किया गया तब्दील**

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सोमवार को त्रिशूल एयरपोर्ट पर चेंजओवर होना है। इसको लेकर एसपीजी ने डेरा डाल रखा है।

एयरपोर्ट के आसपास बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों की तैनाती कर दी गई है। प्रधानमंत्री जिले के कुछ जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर सकते हैं। वह संभल से आने के बाद यहां से लखनऊ के लिए रवाना होंगे।

दरअसल, संभल के ऐचोड़ा कंबोह के कल्कि धाम शिलान्यास समारोह में प्रधानमंत्री शामिल होंगे।

पहले संभावना थी कि यहां एयरपोर्ट पर चेंजओवर के बाद प्रधानमंत्री संभल रवाना होंगे, लेकिन अब वह सीधे समारोह में शामिल होंगे। वहां रुकने के बाद 12.25 से 12.30 के बीच त्रिशूल एयरपोर्ट पर आएंगे। 5 से 10 मिनट के चेंजओवर के बाद प्रधानमंत्री यहीं से लखनऊ के लिए रवाना हो जाएंगे।

वह लखनऊ में जीबीसी (ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी) में शामिल होंगे।

पीएम के कार्यक्रम को लेकर तीन दिन से पुलिस-प्रशासनिक तैयारियां चल रहीं थीं। एसपीजी भी डेरा डाले है। एयरपोर्ट के आसपास के इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया गया है।

### धमोरा के राजकीय इंटर कॉलेज में सॉल्वर पकड़ा

**रामपुर, अमृत विचार:** धमोरा स्थित राजकीय इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र में रविवार को पुलिस भर्ती परीक्षा की पहली पाली में बॉयोमेट्रिक के दौरान फिंगर प्रिंट नहीं मिलने पर बिहार का सॉल्वर दिलीप पकड़ा गया। सॉल्वर शाहबाद क्षेत्र निवासी अभ्यर्थी राजीव की जगह परीक्षा देने आया था। शहजादनगर थाने में दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

रविवार को बॉयोमेट्रिक उपस्थिति के दौरान दिलीप के फिंगर प्रिंट नहीं मिलने पर जांच टीम को शक हुआ। इसके बाद पुलिस उसे पकड़कर थाना शहजादनगर ले आई। जहां सॉल्वर से सख्ती से पूछताछ की गई, तो उसने बताया कि वह गांव मोहलिया निवासी अभ्यर्थी राजीव पुत्र नानक सिंह की जगह परीक्षा देने आया था। आरोपी दिलीप बिहार के जिला जमोई थाना झाझा गांव खुरिप्रासा का रहने वाला है।

# उतरते समय फिसला पैर, ट्रेन की चपेट आकर महिला की मौत

संवाददाता, कछला(बदायूं )

**▸▸ कछला स्थित भागीरथी घाट पर स्नान करने आ रही थीं बरेली की मधु**

**अमृत विचार :** गंगा स्नान करने कछला स्थित भागीरथी घाट पर आ रही महिला का ट्रेन से उतरते समय पैर फिसल गया। वह ट्रेन की चपेट में आ गई। वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें सीएचसी ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बरेली के सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बिहारीपुर निवासी मधु मिश्रा पत्नी संतोष कुमार मिश्रा अपने पड़ोस में रहने वाली सीमा मिश्रा, पुष्पा, मंजू मिश्रा समेत छह लोगों के साथ गंगा स्नान करने के लिए पैसेंजर ट्रेन से कछला आई थीं। कछला स्टेशन पर ट्रेन से उतरते समय मधु का पैर फिसल गया और वह ट्रेन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। साथी महिलाएं उन्हें उझानी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले गईं। जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। महिलाओं ने उनके परिजनों को सूचना दी। महिलाओं ने बताया कि मधु धार्मिक प्रवृत्ति की महिला थी।

### युवक ने फंदा लगाकर दी जान

**कुंवरगांव, अमृत विचार :** थाना कुंवरगांव क्षेत्र के गांव मोंगर निवासी अंकित पुत्र राममूर्ति किसान था। वह अपने परिवार से अलग रहता थे। रविवार दोपहर उनका शव घर के कमरे में फंदे पर लटका मिला। उसकी पत्नी ने शव देखा तो चिल्लाने लगीं। ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। उसका शव फंदे से नीचे उतारा। तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

### आधार कार्ड केंद्र पर वसूली का आरोप

**टांडा, अमृत विचार:** नगर स्थित निजी आधार कार्ड केंद्र पर लोगों का आर्थिक शोषण किया जा रहा है। नए आधार कार्ड बनवाने व पुराने आधार कार्ड में संशोधन करने के नाम पर मनमाना शुल्क वसूल किया जा रहा है। शुल्क न देने पर कार्य करने से मना कर दिया जाता है। पीड़ित लोगों ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर केंद्र संचालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

नगर स्थित उप डाकघर में संचालित आधार केंद्र पर कई माह से मशीन में खराबी के चलते कार्य नहीं हो पा रहा था। कस्बा व आसपास के लोग बड़ी संख्या में डाकघर पहुंचते हैं। यहां सभी लोगों का काम नहीं हो पता, मजबूरी में वे निजी आधार केंद्र पर जाते हैं। जहां नए आधार कार्ड बनाने के नाम पर 250 से 300 रुपये तक वसूल किए जा रहे हैं। पत्र पर मोहम्मद तौसीफ, मोहम्मद जुबैर आलम, मोहम्मद राशिद, रियाज, आफताब, जीशान के हस्ताक्षर हैं।

# बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में किशोरी की मौत

संवाददाता, बिल्सी(बदायूं )

**▸▸ बदायूं-बिजनौर राजमार्ग पर गांव सिद्धपुर चित्रसैन के पास हादसा**

**अमृत विचार :** बदायूं-बिजनौर राजमार्ग स्थित गांव सिद्धपुर चित्रसैन के पास रविवार शाम दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में एक किशोरी की मौके पर मौत हो गई जबकि तीन लोग घायल हो गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार करने के बाद चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के गांव उलैया निवासी प्रेमलता और उसकी चचेरी बहन निधि (17) रिश्तेदार बिनावर क्षेत्र के गांव उझैली निवासी मुलायम सिंह के साथ शादी का मेकअप कराने के लिए बाइक से बिल्सी आ रही थीं। इसी बीच गांव खैरी निवासी अकरम बाइक से आ आ रहा था। शाम लगभग छह बजे सिद्धपुर चित्रसैन के पास दोनों बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। दोनों बाइक पर सवार चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सीएचसी ले जाया गया। जहां निधि ने दम तोड़ दिया। तीनों घायलों को चिकित्सक ने रेफर कर दिया। उपनिरीक्षक महेंद्र सिंह ने बताया कि हादसे में किशोरी की मौत हुई थी।

### परीक्षा देने जा रहे दो भाई सड़क हादसे में घायल

**बिल्सी, अमृत विचार :** बदायूं-बिजनौर राजमार्ग स्थित गांव सतेती चौराहे के पास रविवार सुबह टेंपो और बाइक की भिड़ंत हो गई। आरक्षी भर्ती परीक्षा देने जा रहे बाइक सवार दो भाई घायल हो गए। दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### किशोरी से तमंचे के बल पर दुष्कर्म, चार पर रिपोर्ट दर्ज

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र में दस दिन पहले युवक ने घर में घुसकर तमंचे के बल पर किशोरी से दुष्कर्म किया। किशोरी के पिता ने शिकायत की तो आरोपी और उसके परिजनों ने गाली गलौज करते हुए फोटो वायरल करने की धमकी दी। पुलिस ने इस मामले में युवक समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण ने शनिवार को थाने में दी तहरीर में कहा कि 8 फरवरी की रात को गांव का ही सुमित घर में घुस आया और पत्नी के साथ सो रही नाबालिग बेटी को तमंचे के बल पर घर से उठा कर ले गया। आरोप लगाया कि घर से बाहर ले जाकर किशोरी के साथ दुष्कर्म किया और फोन से फोटो भी खींच लिए। घर पहुंचकर किशोरी ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। किशोरी की बात सुनकर ग्रामीण युवक के घर शिकायत करने के लिए पहुंचा। तब युवक और उसके परिजनों ने गाली गलौज की। युवक ने फोटो वायरल करने की धमकी दी।

**अनदेखी** | लापरवाही से चलाते हैं ई रिक्शा, रहता है हादसे का खतरा

# नाबालिग चला रहे ई रिक्शा, नहीं हो रही कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** शहर में तीन हजार से ई-रिक्शा का संचालन हो रहा है। ई-रिक्शा चलाने वालों में नाबालिग भी शामिल हैं। यह तेज गति से ई-रिक्शा चलाते हैं, जिससे आए दिन हादसे होते रहते हैं। प्रशासन इन पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा।

शहर में जिस सड़क पर देखो ई-रिक्शा ही नजर आता है। शहर में जाम लगने का कारण भी ई-रिक्शाओं केअधिक संचालन को माना जा रहा है। जबकि नाबालिगों द्वारा भी ई-रिक्शा का संचालन किया जा रहा है। नाबालिग लापरवाही से ई रिक्शा चलाते हैं । जिससे हादसे होने का खतरा बना रहता है। कभी-कभी ई-रिक्शा पलट जाता है और उसमें सवार लोग घायल हो जाते हैं। यातायात पुलिस व परिवहन विभाग भी इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं करता। शिकायतों के बाद यातायात पुलिस कुछ ई-रिक्शाओं का चालान काट कर इतिश्री कर लेती है। चालकों के पास ई-रिक्शा संचालन का लाइसेंस भी नहीं होता है।



चन्दौसी में ई-रिक्शा चला रहा किशोर। ● अमृत विचार

शहर में समय-समय अभियान चलाकर नाबालिग द्वारा ई-रिक्शा चलाने पर चालान काटे जाते हैं। अब मौसम कुछ ठीक हुआ है। शीघ्र ही शहर में अभियान चलाया जाएगा। नाबालिगों को ई-रिक्शा चलाने से रोकने का प्रयास किया जाएगा। **-अनुज मलिक, प्रभारी, यातायात पुलिस**

### ई-रिक्शा के अधिक संचालन से लग रहा जाम

**चन्दौसी, अमृत विचार :** शहर में ई-रिक्शा की बाढ़ सी आ गई है। शहर में जाम लगने का मुख्य कारण ई-रिक्शा का अधिक संचालन भी माना जा रहा है। ई-रिक्शा चालक संकरी गलियों में ई-रिक्शा लेकर गुजरते हैं, जिससे जाम के हालात बन जाते हैं। सड़कों पर ई-रिक्शा खड़ा करके सवारी का इंतजार करने से भी जाम लग जाता है।

### सीबीएसई की परीक्षाएं आज से प्रारंभ

**रामपुर, अमृत विचार :** सीबीएसई की परीक्षाएं सोमवार से प्रारंभ हो रही हैं। प्रथम दिन 12वीं के परीक्षार्थी हिंदी विषय की परीक्षा देंगे। परीक्षाएं 19 फरवरी से दो अप्रैल तक होंगी। सीबीएसई की सिटी कोऑर्डिनेटर डॉ. सुमन तोमर ने बताया कि केंद्रों पर 10 बजे पहुंचना अनिवार्य होगा। परीक्षा 10:30 बजे से शुरू होगी, दोपहर 1:30 बजे तक चलेगी। परीक्षा कक्ष में 24 परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था की गई है।

जनपद में 13 परीक्षा केंद्र बने हैं। इसमें सेंट मेरी स्कूल, ग्रीनवुड सीनियर सेकेंड्री स्कूल, सेंट एंथनी स्कूल, सनवे स्कूल, सेंट पॉल्स स्कूल, दयावती मोदी एकेडमी, व्हाइट हॉल पब्लिक स्कूल, ब्रह्मदत्त सरस्वती स्कूल बिलासपुर, आरएएन बिलासपुर, न्यू एज बिलासपुर, होली चाइल्ड स्कूल बिलासपुर, लीड इंडिया इंटरनेशनल, केंद्रीय विद्यालय सीआरपीएफ शामिल हैं।

# विषाक्त पदार्थ खिलाकर करते थे लूट, दो बदमाश गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**▸▸ एसएसपी की संस्तुति और डीएम के अनुमोदन के बाद तीनों पर की गई गैंगस्टर की कार्रवाई**

**अमृत विचार:** नई दिल्ली निवासी युवक समेत तीन लोग गिरोह बनाकर चालकों को विषाक्त पदार्थ खिलाकर जगह-जगह लूट और चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। तीनों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत 16 फरवरी को रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने रविवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उन्हें कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। तीसरे आरोपी की तलाश की जा रही है।

वजीरगंज क्षेत्र के गांव सिंगथरा निवासी दिलीप सिंह पुत्र नरेंद्र पाल सिंह, नई दिल्ली के थाना शास्त्री पार्क क्षेत्र के मोहल्ला सुदामापुरी गामडी निवासी दिनेश चंद्र यादव पुत्र रिशीपाल और कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र के मोहल्ला लोची नगला निवासी मिलन सक्सेना पुत्र श्याम बाबू सक्सेना संगठित गिरोह चलाते हैं। उनका मुखिया दिलीप सिंह है। गिरोह खाने की चीजों में विषाक्त पदार्थ मिलाकर ई-रिक्शा चालकों को खिलाते थे और फिर लूटपाट करते थे। नकब लगाकर चोरी की घटनाओं में भी शामिल रहे।

जानकारी मिलने के बाद थाना वजीरगंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने उनका गैंगचार्ट तैयार कर एसएसपी की संस्तुति ली। जिसके बाद जिलाधिकारी का अनुमोदन प्राप्त कर तीनों आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई है।

प्रभारी निरीक्षक ने तीनों के खिलाफ 16 फरवरी को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। टीम ने रविवार को मुखबिर की सूचना पर दिलीप सिंह और मिलन सक्सेना को गिरफ्तार कर लिया। टीम में प्रभारी निरीक्षक, उपनिरीक्षक सुनील कुमार, जगवीर सिंह, सिपाही राधे रमन सिंह, पंकज कुमार शामिल रहे।

### आरोपियों पर पहले भी दर्ज हो चुकी हैं धोखाधड़ी, लूट आदि की रिपोर्ट

आरोपियों के खिलाफ पूर्व में थाना वजीरगंज में धोखाधड़ी, लूट, नशीला पदार्थ देने, चोरी, कूटरचना और थाना कुंवरगांव में चोरी, आपराधिक बल प्रयोग करने आदि के आरोप में रिपोर्ट दर्ज हो चुकी हैं। जानकारी होने के बाद भी भय के कारण लोग उनके खिलाफ कुछ बोल नहीं पाते थे।

## एक नजर

### ट्रक की चपेट में आने से महिला की मौत

**खटीमा, अमृत विचार :** रविवार सुबह घरों में झाड़ू पोंछा करने निकली सड़ासड़िया निवासी महिला को ट्रक ने टक्कर मारकर गंभीर रूप घायल कर दिया। उसे 108 वाहन से नागरिक अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सड़ासडिया निवासी सीमा देवी (40) पत्नी स्व. भजन लाल लोगों के घरों में झाड़ू-पोछा कर बच्चों का भरण पोषण कर रही थी। रोज की भांति रविवार सुबह लगभग साढ़े पांच बजे सीमा काम के लिए जा रही थी। वह सड़ासडिया पुल के पास पहुंची ही थी कि सितारगंज की ओर से आ रहे प्लाई लदे ट्रक संख्या-एचआर 58बी-6908 ने महिला को टक्कर मार दी और दूर तक घसीटता ले गया। इस दौरान ट्रक अनियंत्रित हो गया और प्लाई सड़क पर बिखर गई जिससे सड़क पर जाम की स्थिति बन गई। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने घटना की सूचना तत्काल आपातकालीन सेवा 108 व पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# ट्रक से टकराई कार, महिला समेत दो लोगों की जान गई

## हरिद्वार में बेटी की शादी में शामिल होने जा रहे थे, पिता व बुआ गंभीर घायल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- तीन की हालत गंभीर, बच्ची का हाथ उखड़ा, डीएम और एसएसपी ने जाना हाल

**अमृत विचार :** बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र में बड़ा बाईपास पर पुल के पास कार ट्रक से टकरा गई। हादसे में महिला समेत दो लोगों की जान चली गई। कार सवार शादी समारोह में शामिल होने हरिद्वार जा रहे थे। बिथरी पुलिस ने घायलों को पीलीभीत बाईपास स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर तीन घायलों को एक निजी मेडिकल कॉलेज में रेफर कर दिया।

सीतापुर के थाना महमूदाबाद के गांव मीरानगर निवासी आलोक कुमार वर्मा उर्फ नवीन ने बताया कि उनकी छोटी बहन की शादी हरिद्वार में 19 फरवरी को है। रविवार को मेंहदी और हल्दी का कार्यक्रम था। जिसमें शामिल होने के लिए वह, उनके पिता देवेन्द्रनाथ, चाचा प्रदीप कुमार (50) के अलावा बाराबंकी के थाना फतेहपुर के गांव धमसड़ निवासी बुआ राजेश्वरी देवी, बुआ के बेटे रामप्रकाश की पत्नी रेखा (45) और रेखा की बेटी अदिति मीरानगर से रात 11.15 बजे कार से हरिद्वार के लिए निकले। रविवार सुबह करीब 3.40 बजे कार बिथरी पुल के पास ट्रक से टकरा गई। हादसे में रेखा और प्रदीप की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके पिता देवेन्द्रनाथ, बुआ राजेश्वरी देवी के सिर में गंभीर चोट लगी। वहीं भतीजी अदिति का दायां हाथ कोहनी से अलग गया। उनके सिर में भी चोट आई है।

> डीएम के साथ मेडिकल कॉलेज पहुंचकर घायलों का हाल जाना और डॉक्टरों को उचित इलाज के दिशा निर्देश दिए। सीसीटीवी दिखवाकर ट्रक का पता किया जा रहा है।
>
> **-घुले सुशील चंद्रभान,** एसएसपी

### एक मिनट में खुशियां मातम में बदलीं

आलोक ने बताया कि उनकी छोटी बहन लखनऊ हाई कोर्ट में वकील है। उसकी शादी हरिद्वार के युवक से हो रही है। शादी समारोह में शामिल होने के लिए सभी लोग खुशी खुशी घर से निकले थे लेकिन एक मिनट में खुशियां मातम में बदल गईं। कुछ रिश्तेदार ट्रेन से हरिद्वार पहुंच गए तो कई बस से चले गए। हादसा होने से सभी कार्यक्रम रद कर दिए हैं। 19 फरवरी को शादी तो होगी, लेकिन सांकेतिक रूप से।

## दंगे के लिए फंडिंग का अंदेशा, मामले में नामजदों के खाते भी खंगाले जाएंगे

# मलिक के बैंक खातों से दंगे के कनेक्शन तलाश रही पुलिस

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- मलिक के साथ बेटा, पत्नी और बहू के खातों को भी खंगाल सकती है पुलिस
- जल्द ही फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा दंगे में ताबड़तोड़ गिरफ्तारियों के बाद अब पुलिस दंगे के कनेक्शन तलाशने में जुट गई। मसलन, इस दंगे को सुनियोजित बताया जा रहा है और माना जा रहा है कि दंगे के लिए फंडिंग भी की गई। दंगे और फंडिंग के बीच जुड़ी कड़ी तलाशने के लिए पुलिस दंगे के मास्टर माइंड अब्दुल मलिक और उससे जुड़े कई लोगों के खाते खंगाल सकती है।

फिलहाल तो 8 फरवरी को बनभूलपुरा में हुए दंगे का मास्टर माइंड अब्दुल मलिक अपने बेटे अब्दुल मोईद समेत फरार है। मलिक की पत्नी और बहू का भी घटना के बाद से कोई पता नहीं है। मामले से जुड़े वसीम उर्फ हप्पा, रईस उर्फ दत्तू, तस्लीम और एजाज भी पुलिस की पहुंच से दूर है। इन सभी की संपत्ती कुर्क की कार्रवाई भी पूरी हो चुकी है और 50 से अधिक आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। गिरफ्त में आए सभी लोग स्थानीय हैं, लेकिन दंगे में बाहरियों के भी शामिल होने का अंदेशा है। चूंकि दंगे को सुनियोजित कहा जा रहा है और बाहरियों के शामिल होने के अंदेशे पर फंडिंग की संभावना प्रबल है।

सूत्रों के मुताबिक अब्दुल मलिक और मोईद के साथ-साथ उसकी पत्नी व अन्य परिजनों के बैंक खातों को खंगाला जाएगा। दंगे से पहले किसके खाते से कितना लेन-देन और किससे हुआ, यह पता लगाया जाएगा। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि आरोपियों की लगातार ट्रेसिंग की जा रही है। जल्द ही फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# हजारों दंगाई, करना होगा अलग जेल का इंतजाम

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- हल्द्वानी उप कारागार पहले से ओवरलोड, लगातार बढ़ रही दंगाइयों की संख्या
- दंगाइयों की लगातार गिरफ्तारी से उपकारागार में सुरक्षा को लग सकती है सेंध

**अमृत विचार :** दंगाइयों की गिरफ्तारी लगातार जारी है। पुलिस रजिस्टर में पांच से छह हजार दंगाई हैं, जिनकी गिरफ्तारी अभी बाकी है और ये जेल प्रशासन के लिए चिंता की बात है। पहले ही ओवरलोड हल्द्वानी उप कारागार इतनी बड़ी संख्या में दंगाइयों का भार उठाने के काबिल नहीं है। ऐसे में दंगाइयों को अब अन्य जेलों में ले जाना होगा।

बता दें कि बनभूलपुरा दंगे में पुलिस अब तक 58 लोगों की गिरफ्तारी कर चुकी है। अभी नामजदों की गिरफ्तारी बाकी है और दंगे का मास्टर माइंड अब्दुल मलिक भी बेटे मोईद समेत फरार है। हल्द्वानी उप कारागार में बंदियों और कैदियों की रखने की क्षमता करीब 700 की है। उस पर इस जेल में बंदियों और कैदियों की संख्या कभी भी 1500 से कम नहीं होती। इन सबके बीच जेल लाए जा रहे दंगाइयों को अलग बैरक नंबर दो में रखा जा रहा है।

> जेल में फिलहाल दो नई बैरकें तैयार हो चुकी हैं और एक निर्माणाधीन है। संख्या बढ़ती है तो जेल मुख्यालय से बातचीत कर कैदी-बंदियों की शिफ्टिंग की जाएगी।
>
> **-प्रमोद पांडे,** जेल अधीक्षक, हल्द्वानी उप कारागार



यूपी पुलिस की परीक्षा देकर स्कूल से बाहर निकलते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

# परीक्षा के दौरान समय का पता न लगने से अभ्यर्थियों को परेशानी

संवाददाता, हापुड़

**अमृत विचार :** रविवार को उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा केंद्र से बाहर आए परीक्षार्थियों में अधिकतर चेहरे पर खुशी थी। उन्होंने पेपर को सरल बताया लेकिन कई ने परीक्षा के दौरान समय का पता न लग पाने की परेशानी बताई। परीक्षा का समय दो घंटे का था, लेकिन पांच मिनट प्रश्न पत्र वितरण व अन्य कार्य के लिए परीक्षार्थियों को ज्यादा दिए गये।

रविवार को जिले के 6 केंद्रों पर यूपी पुलिस सिपाही भर्ती की परीक्षा हुई। जिसमें पिलखुवा के सर्वोदय इंटर कॉलेज पर 504 परीक्षार्थियों में से 486 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा केंद्र से निकलते हुए हुई बातचीत में परीक्षार्थियों ने बताया कि जीएस व रीजनिंग में जहां उन्हें समस्या आई वही, मैथ की परीक्षा के कुछ प्रश्न कठिन लगे। सुरक्षा की दृष्टि से हाथ में घड़ी बांधकर भी परीक्षा कक्षा में नहीं जा सकते थे। इस लिए समय का पता नहीं चल सका।

## साड़ के हमले में घायल हुए ग्रामीण की मौत

**लालकुआं, अमृत विचार :** पूर्वी घोड़ानाला बिंदुखत्ता क्षेत्र में साड़ के हमले के बाद ग्रामीण रामस्वरूप की मौत हो गयी। रामलीला मैदान स्थित अपने मकान की देखरेख के बाद पूर्वी घोड़ानाला निवासी रामस्वरूप साइकिल से घर आ रहे थे। मैदान में साड़ ने उन पर हमला कर दिया, जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने हो हल्ला कर साड़ को भगाया और उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद घर भिजवाया, लेकिन बीते रोज उनकी मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार 75 वर्षीय रामस्वरूप ने साड़ द्वारा किए गए हमले के दौरान उसका डटकर मुकाबला किया था। उक्त घटना को लेकर लोगों में दहशत व्याप्त है। क्षेत्र में लगातार आवारा जानवरों की ओर से जहां ग्रामीणों की फसलों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है वहीं राह चलते लोगों पर भी हमला किया जा रहा है जिसके चलते ग्रामीणों को खासी दहशत व्याप्त है।

# सदभावना से सामाजिक एकता का विकास संभव

संवाददाता, हापुड़

**अमृत विचार :** रेलवे रोड प्लाजा में उड़ान सपनों की नया जीवन संस्था द्वारा सामाजिक विकास में सदभावना की भूमिका पर सेमिनार आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि आरफा खातून जीआईओ हेड उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मंच संचालिका मनीषा गुप्ता द्वारा देशभक्ति गीत प्रस्तुत करके किया गया। सह संयोजिका सिमरन कौर ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि आरफा खातून ने कहा कि प्रत्येक धर्म सदभावना पर आधारित है। राष्ट्रीय निर्माण में भाईचारा क़ायम कर सदभावना के भाव उत्पन्न् करें।

युवा कल्याण अधिकारी अंजू चौधरी ने समाज में सद्भावना के प्रसार हेतु महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम संयोजिका शहवार ने उपस्थित बालिकाओं व महिलाओं को समझाते हुए कहा कि सेमिनार का उद्देश्य जनसाधारण में राष्ट्रीय, सामाजिक एकता के लिए जागरूकता उत्पन्न करना है। शिवा प्राथमिक पाठशाला की प्रधानाचार्य सुमन रानी अग्रवाल ने कहा कि सदभावना से ही सामाजिक एकता का विकास संभव है। इस अवसर पर कई बालिकाओं ने भी प्रतिभाग किया।

सेमिनार में उपस्थित सभी अतिथियों व बालिकाओं का डायरी व पेन देकर सम्मानित किया गया। सेमिनार के समापन पर सभी अतिथियों, बालिकाओं व महिलाओं को जाति भेदभाव मिटाकर राष्ट्रीय निर्माण में भाईचारा क़ायम कर सदभावना की भूमिका की शपथ दिलाई गई।




सेमिनार में मौजूद अतिथि व प्रतिभागी। ● अमृत विचार

- सामाजिक विकास में सदभावना की भूमिका पर सेमिनार

# फावड़े से की पत्नी की हत्या रोकने पर बेटे पर भी हमलावर

संवाददाता, गजरौला (पीलीभीत)

- गजरौला थाना क्षेत्र के ढेरम मडरिया गांव में हुई वारदात, पिता ने कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार:** महज बीमार बेटे के पास सोने के लिए जाने की बात कहने पर नाराज हुए पति ने पत्नी की फावड़े से वार करके हत्या कर दी। बेटे ने बचाने का प्रयास किया तो उस पर भी हमलावर हो गया। इसके बाद मोबाइल और फावड़ा लेकर आरोपी पति भाग गया। पिता की ओर से हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस आरोपी पति की तलाश में जुटी रही। मगर देर शाम तक गिरफ्तारी नहीं हो सकी।



घटना गजरौला क्षेत्र की है। ग्राम कल्याणपुर की रहने वाली 34 वर्षीय आशा देवी पुत्री चिरौंजीलाल की शादी करीब 13 साल पहले पड़ोस के ही ढेरम मडरिया गांव निवासी झाझन लाल पुत्र देवीदीन से हुई थी। उसके दो बच्चे 11 वर्षीय दीपक और आठ वर्षीय रोहित हैं। शनिवार रात खाना खाकर दंपती घर में सोने चले गए। जबकि ससुर देवीदीन बाहर छप्पर में दोनों बच्चों को लेकर सो रहे थे। रविवार तड़के करीब तीन बजे पति झाझन लाल ने पत्नी आशा को पीटना शुरू कर दिया। फिर फावड़े से सिर में वार कर दिया। आशा के चीखने की आवाज सुनकर बाहर सो रहे ससुर व बच्चे भीतर पहुंचे। उस वक्त महिला चारपाई पर लहूलुहान हालत में पड़ी थी। बड़े बेटे दीपक ने बचाने का प्रयास भी किया लेकिन आरोपी ने बेटे पर भी हमलावर हो गया। इसके बाद आरोपी झाझन लाल फावड़ा और मोबाइल लेकर भाग गया। जानकारी मिलने पर मायके वाले भी आ गए। आनन-फानन में महिला को जिला अस्पताल लेकर आए। यहां से रेफर किए जाने पर बरेली ले गए। वहां निजी अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। मायके वाले शव वापस ले आए और सूचना पुलिस को दी। सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी, एसओ गजरौला रूपा बिष्ट ने मौका मुआयना कर जानकारी की।

> पति ने पत्नी की फावड़ा मारकर हत्या की है। मायका पक्ष की ओर से मृतका के पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी की धरपकड़ के लिए टीमें लगाई हैं।
>
> **- दीपक चतुर्वेदी,** सीओ सिटी

# परास्नातक और नर्सिंग की परीक्षा कल से होंगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- परीक्षा के लिए नौ जिलों में बनाए गए हैं 115 केंद्र, बरेली में 19
- दो खंड में तीन लघु और दो दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हल करने होंगे

**अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय की परास्नातक विषम सेमेस्टर की परीक्षा मंगलवार से शुरू होगी। परीक्षा के लिए नौ जिलों में 115 केंद्र बनाए गए हैं। इसके अलावा बीएससी नर्सिंग और पैरामेडिकल की परीक्षा भी मंगलवार से शुरू होंगी। बरेली कॉलेज में करीब तीन हजार छात्र परीक्षा में शामिल होंगे।

एमए, एमएससी और एमकॉम प्रथम और तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा 2:30 बजे से 4:30 बजे की पाली में होगी। परीक्षा में प्रश्नपत्र 70 अंकों का होगा। प्रश्नपत्र में दो खंड होंगे। जिसमें खंड अ में छात्रों को तीन लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर देने होंगे। प्रत्येक प्रश्न के 10 अंक होंगे। इसके अलावा खंड ब में दो दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर देने होंगे। प्रत्येक प्रश्न के 20 अंक होंगे। बरेली में 19 केंद्र परीक्षा के लिए बनाए गए हैं। जिसमें बरेली कॉलेज भी शामिल है। नर्सिंग और पैरामेडिकल की परीक्षा के लिए नौ जिलों में 16 केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें बरेली में दो केंद्र बनाए गए हैं। बरेली कॉलेज में परास्नातक के अलावा नर्सिंग की परीक्षा का भी केंद्र बनाया गया है।

## रद्दी के गोदाम में लगी आग, कोई जनहानि नहीं

**काशीपुर, अमृत विचार :** एक रद्दी के गोदाम में लगी आग पर अग्निशमन दल ने बमुश्किल काबू पाया। आग से कोई जनहानि नहीं हुई है। शनिवार को मुरादाबाद रोड़ पर ग्राम सरवरखेड़ा स्थित एक रद्दी के गोदाम में अचानक आग लग गई। लोगों ने तुरंत इसकी सूचना फायर स्टेशन काशीपुर को दी। जिस पर अग्निशमन अधिकारी गोविंद राम के नेतृत्व में दो फायर यूनिट घटनास्थल पर पहुंची। बताया कि वहां कबाड़ की रद्दी के गोदाम में आग फैल रही थी। जिस पर तत्काल फायर यूनिट ने मोटर फायर इंजन से दो होज लगाकर पंपिंग कर आग बुझाना शुरू किया। वाहन में पानी समाप्त होने पर हाई प्रेशर पंप से एक हॉज रील लगाकर पंपिंग कर आग पर पानी डालकर आग को पूर्ण रूप से बुझाया गया। बताया कि आग से कोई जनहानि नहीं हुई है।

# पुलिस का है रुतबा, इसलिए महिला प्रधान ने दी भर्ती परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- ठिरिया ठकुरान की महिला प्रधान रागिनी बनना चाहती हैं सिपाही

**अमृत विचार :** ठिरिया ठकुरान, सीबीगंज की महिला प्रधान रागिनी पुलिस में भर्ती होने के अपने अधूरे सपने को पूरा करना चाहती हैं। इसके लिए उन्होंने पुलिस भर्ती परीक्षा दी है। रागिनी का कहना है वह सिपाही बनना चाहती हैं, क्योंकि पुलिस का रुतबा ही अलग होता है।

रविवार को परीक्षा देने पहुंचीं रागिनी (32) ने बताया कि उनकी शादी 20 साल की उम्र में हो गई थी। उनके पति अजयपाल एक निजी विद्यालय में शिक्षक हैं। पुलिस में भर्ती होने के लिए वह प्रधान की जिम्मेदारी और परिवार की देखरेख के बाद भी रोजाना चार घंटे के करीब पढ़ाई करती हैं। जब गांव में कोई मामला होता है और पुलिस पहुंचकर जल्द मामला निपटा देती है तो लगता है कि पुलिस सबसे बड़ा विभाग है।

### पति ने शुरू से दिया हौसला

रागिनी ने बताया कि बताया कि पति की गांव और आसपास के गांव में लोगों से अच्छी पहचान है। गांव में प्रधान पद के लिए महिला सीट रिजर्व थी, इसलिए पति ने उन्हें चुनाव लड़ाया और चुनाव में जीत गईं। उनके पति ने उनका हर एक मौके पर हौसला बढ़ाया है।

# ओएमआर शीट में गलती होने पर कक्ष निरीक्षक व केंद्र व्यवस्थापक जिम्मेदार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** इस बार माध्यमिक शिक्षा परिषद ने हाईस्कूल के प्रश्न पत्रों के प्रारूप में बदलाव किया है। इसमें प्रश्नपत्र 70 अंकों के होंगे। प्रश्नों के उत्तर ओएमआरशीट पर देने होंगे। प्रश्नपत्रों को दो खंडों में बांटा गया है। पहला खंड 50 अंकों का होगा। दूसरे में छात्रों से विस्तृत वर्णनात्मक सवाल पूछे जाएंगे। इस खंड के प्रश्नों का उत्तर छात्रों को उत्तर पुस्तिकाओं पर देने होंगे। ओएमआर शीट भरने में छात्र कोई गलती न करें इसके लिए सतर्कता बरती जाएगी। ओएमआर शीट को सावधानी पूर्वक भरवाने की जिम्मेदारी कक्ष निरीक्षकों और केंद्र व्यवस्थापकों की होगी। अगर इसमें गलती हुई तो केंद्र व्यवस्थापक और कक्ष निरीक्षक को दोषी माना जाएगा।

डीआईओएस देवकी सिंह ने बताया कि सभी केंद्र व्यवस्थापकों को इस संबंध में पत्र भेज कर निर्देश दिए गए हैं।






# उद्योगपतियों का महाकुंभ बनाएगा नया विश्व कीर्तिमान


## 10 लाख 23 हजार 537 करोड़ की 14 हजार 619 परियोजनाओं का भूमिपूजन करके पीएम मोदी रचेंगे नया इतिहास

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार :** अयोध्या में दिव्य दीपोत्सव के बाद प्रदेश में एक और नए कीर्तिमान की नींव सोमवार को उद्योगपतियों के महाकुंभ में रखी जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसे ही रिमोट दबाएंगे, प्रदेश 10 लाख 23 हजार 537 करोड़ रुपये की 14 हजार 619 परियोजनाओं का एक साथ भूमिपूजन करने वाला विश्व का पहला राज्य बन जाएगा। इसी के साथ पलायन का दंश झेलने को मजबूर हजारों युवाओं को जहां जीवन-यापन का नया रास्ता खुलेगा, वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा राज्य को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प भी पूरा होना आसान दिखेगा।

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी-4) के जरिए प्रदेश की तरक्की के इस महाआयोजन की सफलता में देश-विदेश के बड़े उद्योगपति ही नहीं, ओडीओपी में निवेश करने वाले जिला-जवार के उद्यमियों की मेहनत भी है। पिछले साल इंवेस्टर समिट में 33.50 लाख करोड़ के निवेश प्रस्तावों के हुए एमओयू का मजाक उड़ाने वाले राज्य की विधानसभा से लेकर देश की संसद तक थे। नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सपना दिखाने और बेचने वाला बाबा तक कहा, मगर तेजी से बदली निवेश नीतियों ने फार्च्युन-500 कंपनियों को भी प्रदेश में निवेश के लिए ऐसा लालायित किया कि इसका आकार बढ़कर 40 लाख करोड़ तक हो गया। हाल ही में राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान और फिर चर्चा में हिस्सा लेते हुए भी विपक्ष ने निवेश प्रस्तावों को कागजी कहकर इसे धरातल पर उतरने को लकेर तमाम आशंकाएं जताई और तंज कसे थे।

लेकिन, सोमवार को इसकी पहली ग्राउंड सेरेमनी में ही 10 लाख 23 हजार 537 करोड़ रुपये की 14 हजार 619 परियोजनाओं का एक साथ भूमिपूजन के महाआयोजन की तैयारी और उद्योगपतियों के आ रहे विमानों को देख अचंभित हैं। समूचा शहर दुल्हन की सजा है, रंग-बिरंगी लाइटों के साथ रंग-बिरंगी फूलों की हरियाली और महक मनमोह ले रही है। एयरपोर्ट से कार्यक्रम स्थल तक सोमवार को मेहमान उद्योगपतियों के स्वागत में जगह-जगह 350 से अधिक सांस्कृतिक कार्यक्रम अलग की आभा बिखेरेंगे। मुख्यमंत्री बनते ही योगी आदित्यनाथ ने वर्ष 2017 में जैसे अयोध्या में दिवाली के एक दिन पहले लाखों दीप जलाकर विश्व रिकार्ड बनाया और इसे साल-दर-साल अपना ही रिकार्ड तोड़ते जा रहे हैं। ऐसे ही ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी भी प्रधानमंत्री के हाथों विश्व रिकार्ड का तमगा हासिल करने के बाद साल-दर साल आगे बढ़ती गई तो प्रदेश की अर्थव्यवस्था समूचे विश्व को ललचाएगी। लोगों की तरक्की देखने लायक होगी। अर्थशास्त्र के जानकार कहते हैं कि विश्व में कोई ऐसा उदाहरण नहीं है, जहां इतने बड़े पैमाने पर उद्योग एक साथ लग रहे हों। सोमवार को धरातल पर कार्यक्रम की सफलता नया इतिहास रचेगी।



ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी-4) के लिए सजा लखनऊ। ● अमृत विचार

### लक्ष्य से आगे निकले बरेली मुरादाबाद, शाहजहांपुर, रामपुर और बाराबंकी समेत 19 जिले

प्रदेश के सभी 75 जनपदों में लगने वाली परियोजनाओं में 19 जिले ऐसे हैं, जहां निवेश लक्ष्य से ज्यादा उद्यम धरातल पर उतरेंगे। इसमें एटा ने साढ़े तीन गुना यानि 354 प्रतिशत, सीतापुर ने 145 प्रतिशत, शाहजहांपुर ने 127 प्रतिशत, सोनभद्र ने 121 प्रतिशत, चंदौली ने 117 प्रतिशत, मुजफ्फरनगर और मुरादाबाद ने 114 प्रतिशत, मीरजापुर ने 113 प्रतिशत, हरदोई ने 111 प्रतिशत, अमेठी ने 108 प्रतिशत, बाराबंकी ने 108 प्रतिशत, फतेहपुर, गोंडा ने 105 प्रतिशत, बरेली ने 104 प्रतिशत, रामपुर ने 103 प्रतिशत, बहराइच ने 101 प्रतिशत और लखीमपुर खीरी, भदोही व बिजनौर ने 100 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया है।


### इन बड़े उद्योगपतियों का रूख आज तय करेगा अर्थव्यवस्था का भविष्य

लखनऊ में स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 19 से 21 फरवरी को होने वाली जीबीसी-04 में टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन, रिलायंस के अध्यक्ष मुकेश अंबानी, अदानी ग्रुप के अध्यक्ष गौतम अडानी, आदित्य बिरला ग्रुप के अध्यक्ष कुमार मंगलम बिड़ला, आईटीसी के अध्यक्ष सुजीव पूरी ,भारती एंटरप्राइजेज के अध्यक्ष सुनील भारती मित्तल, महिंद्रा एंड महिंद्रा के अध्यक्ष आनंद जी महिंद्रा, अपोलो हॉस्पिटल के वाइस चेयरपर्सन शोभना, गोदरेज ग्रुप के निदेशक फिरोजशाह गोदरेज, हिंदुजा ग्रुप के धीरज हिंदुजा समेत तमाम बहुराष्ट्रीय कंपनियों के सीईओ, प्रबंबन और इनवेस्टर्स सहयोगी देशों के प्रतिनिधि तय करेंगे कि प्रदेश में निवेश को लेकर कितने उत्सुक हैं। सरकार से क्या-क्या और सुविधाएं चाहते हैं। यहां की सबसे बड़ी दिक्कतें कानून-व्यवस्था, लैंड बैंक और आधारभूत ढांचा देने में सरकार सफल हो रही है।

# राहुल की न्याय यात्रा से बदलेगा प्रदेश का राजनीतिक माहौल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में निकल रही कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा से उत्तर प्रदेश का भी राजनीतिक माहौल बदलने की कोशिशें हैं। बुंदेलखंड के बजाय पश्चिमी उप्र. में न्याय यात्रा ले जाने के राजनीतिक कारण हैं। पार्टी नेताओं को फीडबैक मिला है कि अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्र में न्याय यात्रा के जाने से वहां के लोगों की दिलचस्पी पार्टी में बढ़ेगी।



दरअसल, कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का रूट तीन बार बदल चुका है। शनिवार को वाराणसी के बाद भदोही होते हुए यह यात्रा प्रयागराज जानी थी, लेकिन राहुल गांधी अपने संसदीय क्षेत्र वायनाड निकल गए थे। रविवार को वह सीधे प्रयागराज पहुंचें। ऐसे में वाराणसी से लेकर भदोही तक स्वागत और जनसभा कराने की पार्टी कार्यकर्ताओं की तैयारी धरी रह गई। आगे का रूट भी बदल गया है। पहले जहां यह यात्रा कानपुर से हमीरपुर होते हुए झांसी के रास्ते मध्य प्रदेश जानी थी, इसे कानपुर में दो दिन के लिए स्थगित कर दिया गया है। अब 24 से यह यात्रा अल्पसंख्यक बहुल मुरादाबाद, संभल के रास्ते आगरा होते हुए राजस्थान की सीमा में प्रवेश करेगी।

### राहुल की न्याय यात्रा में अखिलेश यादव के शामिल होने पर संशय

लखनऊ। राहुल की न्याय यात्रा में फिलहाल अखिलेश यादव के शामिल होने पर संशय है। सपा की तरफ से कहा गया है कि पहले सीट बंटवारे पर स्पष्ट फैसला होना चाहिए। सोमवार को राहुल गांधी की यात्रा से अमेठी के सपा कार्यकर्ताओ को भी कार्यक्रम से दूरी बनाने के लिए कहा गया। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा सोमवार को अमेठी और मंगलवार को रायबरेली आ रही है। पूर्व में सपा की तरफ से कहा गया था कि अखिलेश यादव राहुल की यात्रा में अमेठी या रायबरेली में शामिल होंगे। लेकिन यात्रा में शामिल होने का अखिलेश का कार्यक्रम अभी नहीं बना है। रायबरेली और अमेठी के पार्टी के जिलाध्यक्षों को अभी तैयारी के लिए नहीं कहा गया है। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस से सीटो पर बंटवारा तय हो जाने के बाद ही अखिलेश का यात्रा में शामिल होने के कार्यक्रम बनेगा। सपा नेताओं का कहना है कि कल दोपहर तक सीट का बंटवारा होने की उम्मीद है। सपा उप्र में कांग्रेस को 15 से 16 सीट देने को तैयार है लेकिन कांग्रेस 21-22 सीट मांग रही है। विवाद सीटों की संख्या के साथ-साथ कुछ मुस्लिम बाहुल्य सीटों पर है, जिस पर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी दोनों लड़ना चाहते हैं।



### जाति जनगणना देश का एक्सरे : राहुल गांधी

**प्रयागराज, अमृत विचार :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को यहां भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जाति जनगणना देश का एक्सरे है ।इससे दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। स्वराज भवन से निकलकर इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पास लक्ष्मी टाकीज चौराहे पर उन्होंने कहा किजाति जनगणना आपका (युवाओं) का हथियार है और आपको पता लगाना है कि आपकी आबादी कितनी है और दूसरे नंबर पर पता लगाना है कि देश के धन पर आपकी कितनी हिस्सेदारी है। उन्होंने कहा कि इस देश में 73 प्रतिशत जातियों के पास कितना धन है? जाति जनगणना देश का एक्सरे है। इससे सब पता लग जाएगा तथा दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।

# आठ पिछड़े जिलों में एक लाख 57 हजार 651 करोड़ के लगेंगे उद्योग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में प्रदेश के आकांक्षात्मक जिलों का भी महत्वूपर्ण योगदान है। इससे राज्य सरकार काफी गदगद है। आकांक्षात्मक जिलों की 1,57,651 करोड़ से अधिक की परियोजनाएं शुरू होगी। यह लक्ष्य का 102 प्रतिशत से अधिक है।

सरकार ने जीबीसी के माध्यम से प्रदेश के आठ आकांक्षात्मक जिलों को 1,53,400 करोड़ की परियोजनाओं को धरातल पर उतारने का लक्ष्य दिया था। इन जिलों को विकास की मुख्य धारा में लाने के लिए मुख्यमंत्री योगी ने पूरी टीम लगाई थी। जीबीसी 4.0 में गौतमबुद्धनगर में सर्वाधिक 223887.77 करोड़ की परियोजनाओं का शुभारंभ होने जा रहा है। इसके बाद दूसरे स्थान पर आकांक्षात्मक जिला सोनभद्र में सर्वाधिक 1,21,220.62 करोड़ की परियोजनाएं मूर्त रूप लेने जा रही हैं। सोनभद्र को एक लाख करोड़ का लक्ष्य दिया गया था। इस लक्ष्य के सापेक्ष आकांक्षात्मक जिले ने 121.22 प्रतिशत हासिल कर लिया है। इस निवेश से ना सिर्फ पूर्वांचल बल्कि प्रदेश के विकास को भी रफ्तार मिलेगी। इसी तरह कभी नक्सल गतिविधियों का गढ़ माने जाने वाले चंदौली जिले में 23,457.61 करोड़ की परियोजनाओं का शुभारंभ होगा। चंदौली को बीस हजार करोड़ का लक्ष्य दिया गया था, जिसके सापेक्ष जनपद ने 117.29 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया है। वहीं आकांक्षात्मक जिलों में शामिल फतेहपुर में 1687.05 करोड़ की परियोजनाएं धरातल पर उतरेंगी, जबकि जनपद को 1600 करोड़ का लक्ष्य दिया गया था। इस तरह फतेहपुर जनपद ने लक्ष्य का 105.44 प्रतिशत योगदान दिया है। इसके साथ ही तराई वाले जिले बहराइच में 2548.74 करोड़ की परियोजनाएं शुरू होगी।

## अयोध्या में बुजुर्ग श्रद्धालु की मौत

**अयोध्या, अमृत विचार :** रामलला का दर्शन-पूजन करने आये एक तमिलनाडु प्रान्त निवासी बुजुर्ग श्रद्धालु की उपचार के दौरान मेडिकल कालेज में मौत हो गई, जबकि हादसे का शिकार एक महिला श्रद्धालु को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बताया गया कि तमिलनाडु प्रांत निवासी 70 वर्षीय रामासुरूपमनि अपने प्रांत के अन्य श्रद्धालुओं के साथ दर्शन पूजन के लिए अयोध्या आया था। शनिवार को सीने में तेज दर्द और अचानक तबियत बिगड़ने के बाद उसको दर्शननगर मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान रविवार सुबह उसकी मौत हो गई। मेडिकल कालेज के चिकित्सक का कहना है कि एक साल पहले उसकी एंजियोग्राफी हुई थी। शव को मोर्चरी में रखवा पोस्टमार्टम के लिए मेमो पुलिस को भेजवाया गया है।

# अक्षय ऊर्जा का हब बनेगा प्रदेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ **सौर ऊर्जा और पंप्ड स्टोरेज प्रोजेक्ट में सर्वाधिक निवेश करेंगे अडाणी सहित अन्य उद्योग समूह**

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उद्यम प्रदेश बनाने की राह पर अग्रसर प्रदेश सोमवार को अबतक के सबसे बड़े निवेश के भूमि पूजन का गवाह बनेगा। इस दौरान अक्षय ऊर्जा/ नविकरणीय ऊर्जा से जुड़ी यूपीनेडा की 182 परियोजनाएं भी शुरू होंगी। ये परियोजनाएं 1.3 लाख करोड़ से अधिक की है। सबसे अहम बात ये है कि योगी राज में बुंदेलखंड नई ऊर्जा का नया ''ऊर्जांचल'' बनने जा रहा है। यहां अक्षय ऊर्जा से संबंधित 15 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाएं धरातल पर उतरने जा रही हैं।

उत्तर प्रदेश न्यू एंड रिन्यूवेबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी (यूपीनेडा) के निदेशक अनुपम शुक्ला के अनुसार जीबीसी 4.0 में सौर ऊर्जा, बायो ऊर्जा, पम्प्ड स्टोरेज प्रोजेक्ट (पनबिजली से संबंधित) और ग्रीन हाइड्रोजन से जुड़ी 182 परियोजनाएं उत्तर प्रदेश में ऊर्जा के क्षेत्र में बड़े बदलाव का वाहक बनेंगी। उन्होंने बताया कि जीबीसी के लिए विभाग को 1.25 लाख करोड़ का टार्गेट मिला था। विभाग ने टार्गेट से अधिक 104 प्रतिशत का लक्ष्य अचीव करते हुए 1.30 लाख करोड़ की परियोजनाओं को धरातल पर उतारने में कामयाबी हासिल की है।

**सौर ऊर्जा सेक्टर में 55,806 करोड़ का निवेश :** अक्षय/ नविकरणीय ऊर्जा से जुड़े सेक्टर की बात करें तो सोलर एनर्जी के क्षेत्र में 42 परियोजनाएं 55,806 करोड़ का निवेश करेंगी, वहीं बायो एनर्जी से जुड़ी 131 परियोजनाएं 7,299.35 करोड़ का इन्वेस्टमेंट करने जा रही हैं। इसी प्रकार जीबीसी 4.0 में पंप्ड स्टोरेज प्रोजेक्ट्स (पनबिजली से संबंधित) के लिए 8 कंपनियां आ रही हैं, इनकी ओर से 66,955 करोड़ का निवेश किया जाएगा। वहीं ग्रीन हाइड्रोजन का 1 प्रोजेक्ट भी प्रदेश में लगने जा रहा है। इसके लिए कंपनी की ओर से 150 करोड़ का निवेश किया जाएगा।

बड़े प्रोजेक्ट्स की बात करें तो जालौन में एनएचपीसी द्वारा 6000 करोड़, चित्रकूट में 4000 करोड़ की सौर ऊर्जा और हाइड्रो परियोजना, ललितपुर में 5000 करोड़ की परियोजनाएं धरातल पर उतरेंगी। 15 हजार करोड़ की ये परियोजनाएं प्रदेश के उसी बुंदेलखंड रीजन में लगने जा रही हैं, जिसे आजादी के 70 साल बाद तक प्रदेश का सबसे पिछड़ा इलाका माना जाता रहा है।

# कानपुर सेंट्रल पर धक्का-मुक्की, तीन यात्री घायल, महिला का पैर टूटा

**पुलिस भर्ती परीक्षा**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार :** सेंट्रल स्टेशन में रविवार को भी परीक्षार्थियों का जबर्दस्त रेला रहा। प्लेटफार्म चार-पांच, छह-सात पर ट्रेन में चढ़ने व उतरने के दौरान धक्का-मुक्की हुई। इस बीच दिल्ली से आए तीन यात्रियों के बोगी और प्लेटफार्म के बीच पैर फंस जाने के कारण घायल हो गए। चीखने-चिल्लाने पर पहुंची आरपीएफ व जीआरपी ने भीड़ को धकिया कर दूर किया और यात्रियों को बाहर निकाला।

एक महिला का पैर टूट गया। दिल्ली, प्रयागराज, झांसी रूट की ट्रेनों में खासी भीड़ रही। धक्का-मुक्की करते हुए परीक्षार्थी आरक्षित कोचों में घुस गए। रविवार की शाम परीक्षार्थी अपने घरों को लौटने के लिए प्लेटफार्मों पर डेरा जमाए थे। इसी बीच दिल्ली से चलकर सेंट्रल स्टेशन पहुंची महाबोधि एक्सप्रेस प्लेटफार्म पर रुक भी नहीं पाई थी, तभी भीड़ चढ़ने लगी। प्लेटफार्म पर उतरने वाले यात्री गेट पर खड़े थे। इसी बीच धक्का-मुक्की में दिल्ली से आए जगदीश तिवारी व बगल वाली बोगी में शानू तिवारी का पैर प्लेटफार्म और बोगी के बीच फंस गया। इसी बीच एक यात्री ने बताया कि एक महिला का पैर भी टूट गया है। हालांकि महिला को उसके परिजन लेकर जा चुके थे।

वहीं भीड़ के कारण एक महिला का पर्स ट्रैक पर गिर गया, जो काफी देर पड़ा रहा। पुलिस परीक्षा के दूसरे दिन रविवार को सेंट्रल पर परीक्षार्थियों की जमकर भीड़ रही। वहीं सेंट्रल के साथ गोविंदपुरी स्टेशन पर भी सैंकड़ों परीक्षार्थी मौजूद रहे। झांसी, प्रयागराज व दिल्ली रूट की ट्रेनों में जमकर मारामारी रही। आरक्षित कोचों में भी परीक्षार्थी बैठे नजर आए। जीआरपी, आरपीएफ व रेलवे कर्मी दिनभर इंतजाम में जुटे रहे। कोच में घुसने के लिए मारामारी मची रही।



कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर उमड़ी भीड़।

# असली मुद्दों से ध्यान हटाने को यूसीसी का मुद्दा उछाल रही है भाजपा : डिंपल

एजेंसी

**मैनपुरी :** समाजवादी पार्टी (सपा) सांसद डिंपल यादव ने शनिवार को समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर टिप्पणी करते हुए कहा कि सरकार वोट बांटने और असली मुद्दों से ध्यान भटकाने" के लिए यूसीसी का मुद्दा उछाल रही है। अपने संसदीय क्षेत्र मैनपुरी में एक कार्यक्रम में शामिल होने आयी डिंपल ने संवाददाताओं द्वारा यूसीसी के बारे में पूछे जाने पर कहा कि संविधान में कहा गया है कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है। मेरा मानना है कि मौजूदा सरकार वोट बांटने के लिए ऐसी स्थितियां बना रही है।



प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल ने भी सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी जैसी जायज मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे किसानों पर रबर की गोलियों और पैलेट का इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आपने देखा होगा कि हमारे किसान कैसे विरोध कर रहे हैं और उन पर कैसे हथियारों का इस्तेमाल किया जा रहा है। सपा सांसद ने कहा कि सरकार किसानों पर सोनिक थ्रस्टर्स का इस्तेमाल करने की भी योजना बना रही है। हमने देखा है कि मीडियाकर्मी वहां बुलेट प्रूफ जैकेट और हेलमेट पहने हुए हैं, जो अच्छी बात है क्योंकि स्थिति बहुत संवेदनशील है। लेकिन किसान खुद को बचाने के लिए ऐसी कोई चीज नहीं पहने हैं। उन्होंने कहा कि किसानों पर लगातार पैलेट और रबर की गोलियों से हमला किया जा रहा है। इसलिए यह निर्दयी सरकार लोगों को वास्तविक मुद्दों से भटकाने के लिए यूसीसी जैसे मुद्दे ला रही है।

## वर्ग पहेली-347

**बाएं से दाएं**

1. 1. अत्यंत निर्धन, कंगाल 2. भुखमरी से पीड़ित, दुर्भिक्ष-पीड़ित 3. जिसका सब कुछ लुट गया हो 4. पराश्रित, परावलंबी।

4. 1. ज़ोर से डांटना, झिड़कना, लानत-मलामत करना 2. वस्तु आदि की धूल झटकना, झाड़ना 3. निचोड़े हुए कपड़े को झटके से ऊपर से नीचे हिलाना।

5. 1. सुंदर एवं रमणीय देश 2. किसी कार्य के निष्पादन के लिए उपयुक्त स्थान।

6. 1. दोनों हथेलियों के टकराने या आघात से उत्पन्न ध्वनि, ली 2. लकड़ी, कांसे आदि का बना हुआ एक वाद्य, मजीरा, झींका, झांझ।


**ऊपर से नीचे**

1. 1. छोटी कील 2. कांटा 3. मछली फंसाने वाली नुकीली अंकुसी या बंसी 4. कुएं में गिरी हुई चीज़ों (बाल्टी आदि) को निकालने के लिए बनाया गया अंकुसियों का गुच्छा। (मु.)-लगाना : मुख्य तार में कंटिया फंसाकर चोरी से या अवैध रूप से बिजली का उपयोग करना।

2. 1. मौके का फ़ायदा उठाने की प्रवृत्ति, मौकापरस्ती 2. अवसर के अनुकूल बरतने की प्रवृत्ति।

3. 1. कीड़ों को मारने वाली दवा 2. फ़सल आदि में छिड़काव के लिए प्रयुक्त की जाने वाली दवा।, कीटाणुओं या कीड़ों को मारने वाला।

5. 1. होश; चेतना 2. स्मरण; याद 3. ज्ञान।



## वर्ग पहेली - 346 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 न | | | 2 क |
| 3 अ | ल | गा | गु | जा | री |
| | | धि | | | ल |
| 4 ज | ठ | रा | म | य | |
| ग | | ज | | | |
| झं | | | 5 का | रं | ड |
| 6 प | र | बा | बा | | |

## सुडोकू -64

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | 7 | | 4 |
| 4 | | | | 7 | | | 5 | |
| | | | 1 | | 3 | | | 8 |
| | | 5 | | 3 | | | 8 | |
| | 4 | | | | | 2 | | |
| | 3 | | | 9 | | 1 | | |
| 3 | | | 9 | | 4 | | | |
| | 2 | 4 | | 6 | | | | 9 |
| 6 | | | | | 7 | | | |

## सुडोकू - 63 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 1 | 3 | 7 | 6 | 8 | 9 | 5 | 2 |
| 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 1 | 8 | 6 |
| 5 | 6 | 8 | 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 8 | 7 | 4 | 5 | 9 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 5 | 1 | 3 | 6 | 2 | 8 |
| 8 | 3 | 5 | 2 | 9 | 6 | 7 | 1 | 4 |
| 6 | 9 | 7 | 1 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 |
| 2 | 8 | 1 | 3 | 5 | 7 | 4 | 6 | 9 |
| 3 | 5 | 4 | 6 | 8 | 9 | 2 | 7 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 19 फरवरी, सोमवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-दशमी 08 .49 तक तत्पश्चात एकादशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पूर्व। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मृगशिरा 10 .33 तक तत्पश्चात आर्द्रा।

**मेष** – आज लोग आपके विचारों से काफी सहमत रहेंगे। प्रेमी के विषय में मन में अनेक तरह के विचार चलते रहेंगे। अपने पिछले अनुभव का लाभ उठाने का प्रयास करें। समाज में आपकी काफी प्रशंसा होगी। नया काम सीखने के लिए समय उत्तम है।

**वृष** – आज अपने क्रोध पर नियंत्रण रखें। बुजुर्ग सदस्यों की राय लेना आपके लिए काफी आवश्यक होगा। विश्वस्त मित्रों से सहायता लेनी पड़ सकती है। घर के लिए आवश्यक सामान खरीदने के लिये आप बाजार जा सकते हैं।

**मिथुन** – आज नए स्रोतों से धन प्राप्त होगा। अविवाहित जातकों को विवाह के लिए रिश्ते मिल सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। फिल्म निर्माण क्षेत्र से जुड़े जातकों के लिए काफी लाभप्रद दिन होगा।

**कर्क** – आज घर के वातावरण में परेशानी आ सकती है। अनावश्यक कार्यों में समय बर्बाद न करें। आपको आराम करना चाहिए। जीवनसाथी से अपनी समस्याओं को साझा करें। सिरदर्द की समस्या रहेगी। बुखार और सर्द-गर्म होने की आशंका है।

**सिंह** – आज रियल एस्टेट और विनिर्माण से जुड़े कारोबार में अच्छा धन लाभ होगा। भाई-बहनों से आपको सहायता मिल सकती है। आपकी आय में शानदार वृद्धि होगी। रोगियों को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा।

**कन्या** – आज अपनी नेतृत्व क्षमता का कुशल प्रयोग करेंगे। नए कारोबार को लेकर जल्दबाजी न करें। ऑफिस में आपके ऊपर अच्छे प्रदर्शन का दबाव रहेगा। मन में किसी अज्ञात कारण से भय हो सकता है। पिता की सेहत का ध्यान रखें।

**तुला** – आज आपका आत्मविश्वास कम हो सकता है। अनावश्यक बातों पर ज्यादा ध्यान न दें। आपको मित्रों और शुभ चिंतकों को परखने का अवसर मिलेगा। विदेश यात्रा का अवसर मिलेगा। अपने प्रेमी को प्रपोज कर सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज आपको गुस्से से बचना चाहिए। यात्राओं से आपको बचना चाहिए। जल्दबाजी में कोई नया प्रोजेक्ट शुरू न करें। मानसिक सुख-शांति का अभाव रहेगा। जॉब में आपको बहुत दबाव झेलना पड़ सकता है। परिजनों से संबंध अच्छे नहीं रहेंगे।

**धनु** – आज कमीशन से जुड़े कार्यों में आपको लाभ मिलेगा। गलत कार्यों से आपको दूर रहना चाहिए। जीवनसाथी से आपको उपहार मिल सकता है। व्यवसाय में बदलाव करने का विचार बना सकते हैं। प्रियजनों से भेंट हो सकती है।

**मकर** – आज कानूनी मामलों में आपको परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। कार्यक्षेत्र में आपको सहकर्मियों से समस्या होगी। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में प्रयत्नशील रहें। हृदय रोगियों को अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

**कुंभ** – आज प्रेम संबंधों को लेकर भावुक हो सकते हैं। जीवनसाथी की कोई जिद पूरी करनी पड़ेगी। विरोधी आपको नीचा दिखाने का प्रयास कर सकते हैं। संतान के स्वास्थ्य की चिंता हो सकती है। विरोधी आपकी छवि खराब करने की कोशिश कर सकते हैं।

**मीन** – आज अस्थमा के रोगियों को स्वास्थ्य में लापरवाही नहीं करनी चाहिए। अनावश्यक खर्चे घर में तनाव का कारण बन सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों में रुकावट आ सकती है। धन से जुड़े मामलों में परेशानी बढ़ सकती है।

## आज की फिल्में

B4U Movies
शिव शक्ति – सुबह : 10 .00
जख्मी सिपाही – रात : 07 .00

Sony Max
सोनू के टीटू की स्वीटी – सुबह : 09 .00
पटेल की पंजाबी शादी – रात : 09 .00

Sony Pix
जुमांजी – सुबह : 09 .40
व्हाइट हाउस डाउन – शाम : 06 .37

Zee Cinema
दीवाना मस्ताना – सुबह : 10 .30
दिल धड़कने दो – रात : 07 .30

Colors Cineplex
चलते चलते – सुबह : 12 .29
भागम भाग – रात : 07 .00

### आज की सुपरहिट फिल्म




कलर्स सिनेप्लेक्स पर रात-07 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

बीवी को डिलीवरी के समय पप्पू हॉस्पिटल में नर्स से बोला।
पप्पू-लड़का हो तो भालू और लड़की हो तो लोमड़ी कहना।
पप्पू की बीवी के जुड़वा बच्चे हुए एक लड़का और एक लड़की।
नर्स बाहर आकर पप्पू से बोली- बधाई हो, चिड़िया घर में दो जानवर आए हैं।

पत्नी – ये रैगिंग किसे कहते हैं?
पति – ये जो तुम हर मैरिज एनिवर्सरी , करवाचौथ और जन्मदिन पर जबरदस्ती गिफ्ट मांगती हो न,उसे ही अंग्रेजी में रैगिंग कहते हैं।

ट्यूलिप फेस्टिवल का लिया आनंद...



नई दिल्ली के शांति पथ, चाणक्यपुरी के लॉन में आयोजित दिल्ली ट्यूलिप फेस्टिवल के दौरान आगंतुकों ने वहां पहुंचकर मनमोहक फूलों का नजारा देखा। इस दौरान लोगों ने ट्यूलिप के फूलों के बीच बैठकर अपनी तस्वीरें भी लीं। ● एजेंसी

## शरद पवार की याचिका पर आज सुनवाई करेगा उच्चतम न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट को असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) घोषित करने के निर्वाचन आयोग के आदेश को चुनौती देने वाली शरद पवार की याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ शरद पवार की याचिका पर सुनवाई कर सकती है। सोलह फरवरी को, शीर्ष अदालत ने याचिका को तत्काल सूचीबद्ध करने पर सहमति जताई थी। बता दें कि निर्वाचन आयोग ने छह फरवरी को घोषणा की थी कि अजित पवार गुट ही असली राकांपा है। निर्वाचन आयोग ने अजित के नेतृत्व वाले गुट को पार्टी का चुनाव चिह्न 'घड़ी' भी आवंटित किया था। जिसके बाद से शरद पवार का गुट आयोग के फैसले के खिलाफ है।

### नई दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय परिषद के अधिवेशन में बोले गृह मंत्री अमित शाह

# नरेंद्र मोदी तीसरी बार सत्ता में लौटेंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को आगामी लोकसभा चुनाव की तुलना महाभारत के युद्ध से की और कहा कि जहां एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की अगुवाई वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) देश के विकास के लिए काम कर रहा है वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस के तहत 'इंडी गठबंधन' परिवारवादी पार्टियों और भ्रष्टाचारियों से भरा पड़ा है।

भाजपा के दो दिवसीय अधिवेशन के आखिरी दिन 'भाजपाः देश की आशा, विपक्ष की हताशा' प्रस्ताव पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए शाह ने वंशवाद और तुष्टिकरण की राजनीति को बढ़ावा देने के लिए विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन की कड़ी



आलोचना की। उन्होंने इन पार्टियों को चलाने वाले परिवारों की दूसरी, तीसरी और चौथी पीढ़ी की ओर इशारा करते हुए कहा कि विपक्ष में टू-जी, थ्री-जी और फोर-जी पार्टियों की भरमार है। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने समाज के सभी वर्गों के विकास के लिए काम किया है और वैश्विक स्तर पर देश का कद बढ़ाया है। कहा कि लोगों के मन में इस बात को लेकर कोई संदेह नहीं है कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार सत्ता में लौटेंगे।

### राम मंदिर का निर्माण राम राज्य की स्थापना का संकेत

भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में रविवार को अयोध्या में राम मंदिर पर एक प्रस्ताव पारित किया गया जिसमें कहा गया कि यह अगले 1,000 वर्षों के लिए भारत में 'राम राज्य' की स्थापना का संकेत है। प्रस्ताव में कहा गया है कि पिछले महीने भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा हुई जो आज 'राष्ट्रीय चेतना' का मंदिर बन गया है और यह 'विकसित भारत' के निर्माण के संकल्पों को पूरा करने में निर्णायक भूमिका निभाएगा। प्रस्ताव में कहा गया है- अयोध्या की प्राचीन पवित्र नगरी में श्रीराम की जन्मभूमि पर भव्य और दिव्य मंदिर का निर्माण देश के लिए एक ऐतिहासिक और गौरवशाली उपलब्धि है। यह एक नए कालचक्र की शुरुआत के साथ अगले 1,000 वर्षों के लिए भारत में 'राम राज्य' की स्थापना का द्योतक है। इसमें कहा गया है कि यह अधिवेशन प्रधानमंत्री के नेतृत्व को दिल से बधाई देता है। प्रस्ताव में कहा गया है कि राम मंदिर भारत की दृष्टि, दर्शन और मार्ग का प्रतीक है। कहा गया- श्रीराम मंदिर सही मायने में राष्ट्रीय चेतना का मंदिर बन गया है और भगवान श्रीराम का मंदिर देखकर हर भारतीय आनंदित है।

उन्होंने सोनिया गांधी, शरद पवार, लालू प्रसाद और एम.के. स्टालिन एवं अन्य का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी गरीबों और देश के विकास के बारे में सोचते हैं जबकि 'इंडिया' गठबंधन के नेता अपने बच्चों को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री बनाने के बारे में सोचते हैं। बैठक में मोदी-मोदी के नारे के बीच उन्होंने कहा कि मोदी के खिलाफ परिवारवादी पार्टियों के सभी 'राजकुमार' एक साथ आ गए हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि केवल शक्तिशाली परिवार से ही कोई व्यक्ति इस शीर्ष पद पर आसीन हो सकता है।

## एक नजर

### 5.5 लाख की मेफेड्रोन के साथ नाइजीरियाई व्यक्ति गिरफ्तार

**ठाणे।** नवी मुंबई में एक नाइजीरियाई नागरिक को कथित तौर पर 55 ग्राम मेफेड्रोन के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, जब्त किये गये प्रतिबंधित मादक पदार्थ की कीमत 5.50 लाख रुपये है। अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना मिलने के बाद अब्दुल रज्जाक हसन को शनिवार को खारघर के सेक्टर 35 में एक आवासीय सोसाइटी के पास से पकड़ा गया। अधिकारी ने बताया- हमने आरोपी के पास से 5.50 लाख रुपये की 55 ग्राम मेफेड्रोन जब्त की।

### कश्मीर, लद्दाख में तैनात होंगी 700 कंपनियां

**जम्मू।** इस वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में सुरक्षा बलों की लगभग 700 कंपनियां तैनात की जाएंगी। सूत्रों ने बताया कि पश्चिम बंगाल (920 कंपनियां) के बाद अर्धसैनिक बलों की सबसे ज्यादा कंपनियां जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में तैनात की जाएंगी। उन्होंने कहा, "लोकसभा चुनाव के सफल संचालन के लिए केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में अर्धसैनिक बलों की 635 कंपनियां तैनात की जाएंगी और लद्दाख में यह संख्या 57 होगी।

## भाजपा के मनोज सोनकर ने मेयर पद से दिया इस्तीफा, आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ मेयर चुनाव विवाद को लेकर राजनीतिक दलों में घमासान मचा हुआ है। अब इसी बीच भाजपा के मनोज सोनकर ने मेयर पद से इस्तीफा दे दिया है। भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा ने इस बात की पुष्टि की है। वहीं सुप्रीम कोर्ट मेयर चुनाव विवाद को लेकर सोमवार को सुनवाई करेगी। वहीं भाजपा आम आदमी पार्टी के तीन पार्षदों को अपने यहां पर शामिल करवा कर अपनी संख्या बढ़ाना चाहती है। फिर से मेयर चुनाव होने पर भाजपा सोनकर को उम्मीदवार नहीं बनाना चाहती है। साथ ही भाजपा कांग्रेस के भी कुछ पार्षदों से संपर्क करने का प्रयास कर रही है।

## दुष्कर्म पीड़िता ने मजिस्ट्रेट पर लगाया यौन शोषण का आरोप

**अगरतला, एजेंसी**

त्रिपुरा में सामने आया मामला

त्रिपुरा में दुष्कर्म पीड़िता ने आरोप लगाया है कि अदालत में एक मजिस्ट्रेट ने अपने कक्ष के अंदर उसका यौन शोषण किया है। एक वरिष्ठ अधिवक्ता ने रविवार को यह जानकारी दी।

वरिष्ठ अधिवक्ता के मुताबिक धलाई जिला एवं सत्र न्यायाधीश गौतम सरकार की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय एक समिति ने इन आरोपों की जांच शुरू कर दी है। पीड़ित महिला ने आरोप लगाया कि यौन शोषण की घटना 16 फरवरी को हुई जब वह उसके साथ हुए दुष्कर्म के मामले के संबंध में अपना बयान दर्ज कराने के लिए कमालपुर के प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट के कक्ष में गई थी। महिला ने अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कमालपुर को दी अपनी शिकायत में कहा-मैं मजिस्ट्रेट के कक्ष में गई थी। जब मैं अपना बयान देने ही वाली थी, तो न्यायाधीश ने मुझे गलत तरीके से छुआ। मैं उनके चैंबर से बाहर निकली तथा वकीलों और अपने पति को इस घटना की जानकारी दी।

## मानव-पशु संघर्ष के मुद्दे से भटककर राजनीति करने का कोई इरादा नहीं

**वायनाड (केरल). एजेंसी**

● भारत जोड़ो न्याय यात्रा छोड़कर राहुल गांधी ने वायनाड पहुंकर स्थिति की समीक्षा की



जंगली जानवरों के हमलों में तीन लोगों की मौत हो जाने को लेकर यहां हुए हिंसक प्रदर्शनों के एक दिन बाद, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने जिले के अधिकारियों के साथ स्थिति का जायजा लिया और उनसे मृतकों के परिजनों को बिना देर किए मुआवजा देने का आग्रह किया। राहुल वायनाड संसदीय सीट का लोकसभा में प्रतिनिधित्व करते हैं। अपने निर्वाचन क्षेत्र में मानव-पशु संघर्ष के समाधान की मांग कर रहे स्थानीय लोगों के विरोध-प्रदर्शन के मद्देनजर वह अपनी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' वाराणसी में अचानक बीच में ही छोड़कर यहां पहुंचे थे। कलपेट्टा में जिले के अधिकारियों के साथ आकलन बैठक के बाद, कांग्रेस सांसद ने संवाददाताओं से कहा कि मानव-पशु संघर्ष के मुख्य मुद्दे से भटककर राजनीति करने का उनका कोई इरादा नहीं है।

हालांकि, राहुल ने वायनाड मेडिकल कॉलेज में सुविधाओं के अभाव का मुद्दा उठाया और कहा कि यह एक गंभीर विषय है। इससे पहले दिन में, उन्होंने पिछले दो महीने में जंगली जानवरों के हमलों की तीन अलग-अलग घटनाओं में जान गंवाने वाले अजी, पॉल और प्रजीश नाम के व्यक्तियों के परिवारों से मुलाकात की। पॉल की बेटी सोना ने पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा कि राहुल ने उन्हें आश्वासन दिया है कि वह उसकी शिक्षा की व्यवस्था करेंगे और वायनाड मेडिकल कॉलेज में सुविधाओं की आवश्यकता पर गौर करेंगे। अजी की बेटी अलना ने भी इस पर्वतीय जिले में मेडिकल उपचार को बेहतर करने की तात्कालिकता पर समान विचार व्यक्त किए। वहीं, बाघ के हमले में जान गंवाने वाले प्रजीश के भाई मजीश ने राहुल से क्षेत्र में सड़क संपर्क बेहतर करने का अनुराध किया ताकि लोग आपात स्थिति में शीघ्रता से अस्पताल पहुंच सकें। बैठक का ब्योरा देते हुए राहुल ने कहा कि उन्होंने जिला प्रशासन से मृतकों और घायलों के लिए घोषित विभिन्न मुआवजे तुरंत वितरित करने को कहा है।

## अटकलों के बीच कमलनाथ के समर्थक विधायक दिल्ली पहुंचे

**भोपाल, एजेंसी**


● कांग्रेस के खराब प्रदर्शन के बाद उन्हें पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पद से हटा दिया गया था



मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और उनके बेटे नुकुल नाथ के कांग्रेस छोड़कर सत्तारूढ़ भाजपा में शामिल होने की अटकलों के बीच उनके (कमलनाथ) समर्थक करीब आधा दर्जन विधायक रविवार को दिल्ली पहुंच गए।

कमलनाथ के करीबी सूत्रों ने बताया कि यहां पहुंचे मध्य प्रदेश के विधायकों में तीन छिंदवाड़ा से हैं जबकि क्षेत्र के अन्य तीन विधायक दिल्ली के लिए रवाना होने वाले हैं। कमलनाथ छिंदवाड़ा से नौ बार सांसद रह चुके हैं और फिलहाल वहां से वह विधायक हैं। गत नवंबर में हुए मप्र विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के खराब प्रदर्शन के बाद उन्हें पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पद से हटा दिया गया था। कमलनाथ के ये समर्थक विधायक फोन कॉल का जवाब नहीं दे रहे हैं। कांग्रेस के अंदरूनी सूत्रों का दावा है कि कमलनाथ के समर्थक एवं पूर्व मंत्री लखन घनगोरिया भी दिल्ली में उनके साथ डेरा डाले हुए हैं। मध्य प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं कमलनाथ के समर्थक दीपक सक्सेना ने छिंदवाड़ा में संवाददाताओं से कहा कि विधानसभा चुनाव में हार के बाद जिस तरह उन्हें प्रदेश पार्टी अध्यक्ष पद से हटाया गया, उससे वह आहत हैं। सक्सेना ने कहा-हम चाहते हैं कि उन्हें पूरा सम्मान मिलना चाहिए। वह जो भी निर्णय लेंगे, हम उसमें उनके साथ रहेंगे। कमलनाथ के अन्य समर्थक और राज्य के पूर्व मंत्री विक्रम वर्मा ने अपने 'एक्स' प्रोफाइल पर 'जय श्री राम' लिखा। पूर्व सांसद वर्मा ने कहा-मैं कमलनाथ का अनुसरण करूंगा। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने दावा किया कि कमलनाथ का धड़ा 23 विधायकों को अपने साथ लाने का प्रयत्न कर रहा है ताकि दल-बदल कानून उनपर लागू न हो।

### मुझे नहीं लगता कि कमलनाथ पार्टी छोड़ेंगे: दिग्विजय



मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमलनाथ के कमल के साथ जाने की अटकलों के बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने आज कहा कि उन्हें नहीं लगता कि कमलनाथ पार्टी छोड़ेंगे। राज्यसभा सांसद श्री सिंह ने यहां मीडिया के सवालों के जवाब में कहा कि कमलनाथ जैसे व्यक्ति ने अपनी शुरुआत कांग्रेस के साथ की थी। वे श्रीमती इंदिरा गांधी के तीसरे पुत्र माने जाते थे। उन्होंने कांग्रेस का हमेशा साथ दिया। वे कांग्रेस के स्तंभ रहे और केंद्र सरकार में मंत्री रहे। संगठन में महामंत्री रहे। प्रदेश अध्यक्ष बने और फिर मुख्यमंत्री भी बने। सारे पद उन्हें मिले हैं। दिग्विजय सिंह ने कहा कि इसलिए उन्हें नहीं लगता कि वे कांग्रेस छोड़ेंगे। दिग्विजय सिंह ने कहा कि जिस तरह ईडी, आईटी और सीबीआई का दबाव सब पर है, वो उन पर (कमलनाथ पर) भी है। लेकिन कमलनाथ का चरित्र ऐसे दबाव में आने वाला नहीं रहा है।

## बंगाल सरकार के तीन मंत्री शिकायतें जानने के लिए संदेशखालि पहुंचे

**कोलकाता।** पश्चिम पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के मंत्रिमंडल के तीन मंत्री रविवार को लोगों से उनकी शिकायतों के बारे में बात करने के लिए संदेशखालि पहुंचे। संदेशखालि में पिछले कुछ दिनों से विरोध-प्रदर्शन का दौर जारी है। भूमि विभाग ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) से जुड़े कुछ लोगों द्वारा कथित तौर पर जमीन कब्जाने को लेकर ग्रामीणों की शिकायतें दर्ज करने के लिए शिविर भी खोला है। मंत्री पार्थ भौमिक, सुजीत बोस और बीरबाहा हांसदा लोगों से उनकी शिकायतों के बारे में बात करने के लिए कालीनगर गांव पहुंचे थे। संदेशखालि से टीएमसी विधायक सुकुमार महता भी उनके साथ थे। बोस ने कहा-हम यहां के लोगों से बात करने आए हैं।

# कारोबार/कृषि

## एक नजर

### विदेशी मुद्रा भंडार 5.24 अरब डॉलर गिरकर 617.23 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में गिरावट आने से 09 फरवरी को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.24 अरब डॉलर कम होकर 617.23 अरब डॉलर रह गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.74 अरब डॉलर बढ़कर 622.5 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 09 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.8 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 546.5 अरब डॉलर पर आ गयी। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 35 करोड़ डॉलर घटकर 47.74 अरब डॉलर रह गया है।

### 2 दिवसीय अनूठा केला उत्सव बुरहानपुर में 20 से

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के बुरहानपुर जिले में अनूठा 2 दिवसीय केला उत्सव मनाया जाएगा। बुरहानपुर जिला प्रशासन के सहयोग से 20 एवं 21 फरवरी को देश के प्रसिद्ध केला वैज्ञानिक और केला उत्पादक किसान केला उत्पादन, निर्यात की संभावनाओं, केला उत्पादकों की आर्थिक समृद्धि एवं से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श होगा। आधिकारिक जानकारी के अनुसार केले की विभिन्न प्रजातियों की प्रदर्शनी मुख्य आकर्षण होगी। केले के प्लांटेशन, प्र-संस्करण, विभिन्न खाद्य पदार्थो का निर्माण, फसल बिक्री की व्यवस्था और भंडारण, केला निर्यात की संभावनाओं को बढ़ाने से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होगी।

# पेटीएम बैंक पर कार्रवाई ने सबका ध्यान खींचा

### प्रौद्योगिकी मंत्री राजीव चंद्रशेखर बोले-हर उद्यमी को नियामकीय अनुपालन का ध्यान देना चाहिए

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा है कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक लि. (पीपीबीएल) पर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की नियामकीय कार्रवाई ने वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) कंपनियों का ध्यान कानून के अनुपालन के महत्व की ओर खींचा है। चंद्रशेखर ने इस बात पर जोर दिया कि नियामकीय अनुपालन कंपनियों के लिए 'वैकल्पिक' नहीं हो सकता, बल्कि यह एक ऐसा पहलू है जिसपर प्रत्येक उद्यमी को पूरा ध्यान देना चाहिए।

चंद्रशेखर ने साक्षात्कार में कहा- पेटीएम पेमेंट्स बैंक का मुद्दा एक ऐसा मामला है जहां एक आक्रामक उद्यमी नियामकीय अनुपालन की जरूरत को महसूस करने में विफल रहा है, और कोई भी कंपनी अनुपालन से बच नहीं सकती है। पेटीएम पेमेंट्स बैंक संकट के बीच मंत्री ने कहा कि कोई भी कंपनी, चाहे वह भारत की हो या विदेश की, बड़ी हो या छोटी, उसे देश के कानून का पालन करना होगा। भारतीय रिजर्व बैंक ने पीपीबीएल को 15 मार्च से नई जमा स्वीकार करने से रोक दिया है, और कंपनी के खिलाफ अपनी कार्रवाई की किसी भी समीक्षा से इनकार कर दिया है। चंद्रशेखर ने कहा कि यह धारणा कि पीपीबीएल पर आरबीआई की कार्रवाई ने फिनटेक क्षेत्र को परेशान कर दिया है, इसका सही चित्रण नहीं है। राजनीतिज्ञों, उद्यमियों और प्रौद्योगिकी दिग्गज इस बात से सहमत नहीं है कि पेटीएम बैंक मुद्दे ने पूरे फिनटेक उद्योग के लिए चिंता बढ़ा दी है। उन्होंने कहा-यह धारणा कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खिलाफ नियामक की कार्रवाई ने फिनटेक को परेशान कर दिया है...मुझे नहीं लगता कि इसका सही चित्रण है।

चंद्रशेखर ने कहा-मुझे लगता है कि इसने फिनटेक उद्यमियों का ध्यान इस तथ्य की ओर खींचा है कि आपको यह भी जानना होगा कि कानून का अनुपालन कैसे करना है। नियामकीय अनुपालन दुनिया के किसी भी देश के लिए 'वैकल्पिक' नहीं है।

### भारत में लगने जा रहे अरबों डॉलर के दो पूर्ण विकसित सेमीकंडक्टर संयंत्रः राजीव चंद्रशेखर



केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रसारण राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि भारत में जल्द ही अरबों डॉलर के दो पूर्ण विकसित सेमीकंडक्टर संयंत्र लगने वाले हैं। इसके अलावा कई चिप असेंबली और पैकेजिंग इकाइयों की स्थापना के लिए भी निवेश प्रस्तावित है। मंत्री ने बताया कि दो परियोजनाओं में आठ अरब डॉलर का एक प्रस्ताव इजराइल की टॉवर सेमीकंडक्टर्स का और दूसरा प्रस्ताव टाटा समूह का है। चंद्रशेखर ने कहा- मुझे आपको बताते हुए खुशी हो रही है और शायद आप पहले व्यक्ति हैं, जिन्हें मैं यह बात रहा हूं। जल्द ही भारत में दो पूर्ण विकसित फैब आने वाले हैं। ये 65, 40 और 28 नैनोमीटर प्रौद्योगिकी में कई अरब के फैब होंगे।

## वित्तीय संस्थानों के भरोसे के बीच रियल्टी धारणा सूचकांक चढ़ा

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनियां और वित्तीय संस्थानों को अगले छह महीनों के दौरान संपत्ति बाजार में तेजी बने रहने की उम्मीद है। नाइट फ्रैंक और नारेडको की रिपोर्ट के अनुसार, उन्हें उम्मीद है कि उच्च मांग की मौजूदा रफ्तार बनी रहेगी। रियल एस्टेट सलाहकार नाइट फ्रैंक और रियल एस्टेट निकाय नारेडको ने रविवार को 2023 की चौथी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर 2023) के लिए रियल्टी धारणा सूचकांक का 39वां संस्करण जारी किया। रिपोर्ट के अनुसार, इस समय धारणा सूचकांक आशावादी क्षेत्र में बना हुआ है, और यह 2023 की तीसरी तिमाही में 59 से बढ़कर चौथी तिमाही में 69 अंक पर पहुंच गया। धारणा सूचकांक डेवलपर्स, निवेशकों और वित्तीय संस्थानों जैसे आपूर्ति पक्ष के हितधारकों के बीच किए गए सर्वेक्षण पर आधारित है।

## बीते साल घरों का निर्माण 8 प्रतिशत बढ़कर 4.35 लाख इकाई पर पहुंचा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● एनारॉक ने देश के सात प्रमुख शहरों के बारे में जारी की रिपोर्ट



देश के सात प्रमुख शहरों में पिछले साल घरों का निर्माण 8 प्रतिशत बढ़कर 4.35 लाख इकाई पर पहुंच गया है। रियल एस्टेट परामर्शक कंपनी एनारॉक ने कहा कि बेहतर बिक्री से रियल एस्टेट कंपनियों के नकदी प्रवाह में सुधार हुआ है।

एनारॉक के आंकड़ों के अनुसार, 2023 में 4,35,045 घरों का निर्माण पूरा हुआ, जबकि 2022 में 4.02 लाख घर बनाए गए थे। आंकड़ों के अनुसार, मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) में पिछले साल 13 प्रतिशत वृद्धि के साथ 1,43,500 घरों का निर्माण पूरा हुआ, जबकि 2022 में यह आंकड़ा 1,26,720 इकाई का रहा था। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र-दिल्ली (एनसीआर) में पिछले साल 32 प्रतिशत वृद्धि के साथ 1,14,280 घरों का निर्माण पूरा हुआ, जबकि 2022 में 86,300 घरों का निर्माण हुआ था। एनारॉक के चेयरमैन अनुज पुरी ने कहा- साल 2023 में आवास बिक्री 2022 के पिछले उच्चस्तर को पार कर गई है। यह 2024 में भी मजबूत बनी रहेगी। पुणे में पिछले साल 23 प्रतिशत गिरावट के साथ 65,000 घरों का निर्माण हुआ, जबकि 2022 में 84,200 घर बने थे। बेंगलुरु, हैदराबाद और चेन्नई में पिछले साल 87,190 घरों का निर्माण पूरा हुआ।

## भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौता वार्ता की प्रगति की उच्चतम स्तर पर समीक्षा हुई

**नई दिल्ली।** भारत और ब्रिटेन के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत अग्रिम चरण में पहुंचने के साथ प्रधानमंत्री कार्यालय ने 16 फरवरी को वार्ता की प्रगति की समीक्षा की। सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बैठक में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल भी मौजूद थे। सूत्रों ने कहा-समझौते के लिए बातचीत अब महत्वपूर्ण चरण में है। उच्चतम स्तर पर अब तक लगभग तीन समीक्षाएं हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देश बाकी मुद्दों पर मतभेदों को दूर करने के लिए काम कर रहे हैं।

## एसईजेड इकाइयों को भी मिलेगा करों की छूट योजना का लाभ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वाणिज्य मंत्रालय ने विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) और निर्यातोंन्मुख इकाइयों (ईओयू) में परिचालन करने वाली इकाइयों के लिए निर्यातित उत्पादों पर शुल्क और करों की छूट योजना (आरओडीटीईपी) के लाभ का विस्तार करने का फैसला किया है।

इस निर्णय के बारे में विदेश व्यापार महानिदेशक (डीजीएफटी) को 16 फरवरी को सूचित किया गया। डीजीएफटी जल्द ही इस मुद्दे पर विदेश व्यापार नीति में संशोधन के लिए एक औपचारिक अधिसूचना जारी कर सकता है। वाणिज्य मंत्रालय के एक कार्यालय ज्ञापन के अनुसार, एसईजेड में भारतीय सीमा शुल्क इलेक्ट्रॉनिक डेटा इंटरचेंज गेटवे (आइसगेट) को लागू करने के बाद आरओडीटीईपी योजना को विशेष आर्थिक क्षेत्रों तक भी बढ़ाया जा सकता है। सरकार ने अगस्त, 2021 में कुल 8,555 उत्पादों के लिए निर्यात प्रोत्साहन योजना के तहत कर रिफंड की दरों की घोषणा की थी। चूंकि उस समय अधिसूचित सूची में एसईजेड और ईओयू को योजना से बाहर रखा गया था, इसलिए उद्योग उन्हें योजना में शामिल करने की मांग कर रहा था।

## हाइब्रिड म्युचुअल फंड जनवरी में आया 20,634 करोड़ रुपये का निवेश

**नई दिल्ली।** हाइब्रिड म्यूचुअल फंड योजनाएं निवेशकों के बीच लोकप्रिय हो रही हैं। इन योजनाओं ने जनवरी, 2024 में 20,634 करोड़ रुपये जुटाए। यह राशि इससे पिछले महीने के मुकाबले 37 प्रतिशत अधिक है। ऋण या बॉन्ड फंड के लिए कराधान कानूनों में बदलाव के बाद वैकल्पिक निवेश विकल्प के रूप में हाइब्रिड म्यूचुअल फंड योजनाएं निवेशकों का ध्यान खींच रही हैं। इन योजनाओं में चालू वित्त वर्ष 2023-24 में अप्रैल-जनवरी के दौरान कुल 1.21 लाख करोड़ रुपये निवेश किए गए।

## एफपीआई ने अब तक 3,776 करोड़ रुपये निकाले

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● इस साल उनकी कुल निकासी 29,519 करोड़ रुपये तक पहुंची



अमेरिकी में बॉन्ड पर प्रतिफल बढ़ने और घरेलू तथा वैश्विक मोर्चे पर ब्याज दर को लेकर अनिश्चितता के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने अब तक भारतीय शेयर बाजारों से 3,776 करोड़ रुपये निकाले हैं। डिपॉजिटरी के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

हालांकि, विदेशी निवेशक ऋण या बॉन्ड बाजार को लेकर उत्साहित हैं और समीक्षाधीन अवधि में उन्होंने बॉन्ड बाजार में 16,560 करोड़ रुपये डाले हैं। आंकड़ों के अनुसार, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने इस महीने अब तक (16 फरवरी तक) शेयर बाजारों से शुद्ध रूप से 3,776 करोड़ रुपये की निकासी की है। इससे पहले उन्होंने जनवरी में शेयरों से 25,743 करोड़ रुपये निकाले थे। इसके साथ, इस साल उनकी कुल निकासी 29,519 करोड़ रुपये तक पहुंच चुकी है। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा-अपेक्षा से अधिक उपभोक्ता मुद्रास्फीति के कारण अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल बढ़ा है जिससे एफपीआई लगातार बिकवाल बने हुए हैं। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट निदेशक - प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि इसके अलावा, ताजा बिकवाली की वजह घरेलू और वैश्विक स्तर पर ब्याज दर को लेकर अनिश्चितता भी है। आंकड़ों के मुताबिक, इससे पहले जनवरी में एफपीआई ने बॉन्ड बाजार में शुद्ध रूप से 19,836 करोड़ रुपये डाले थे।

## खेल डायरी

### शृंखला 3-2 से जीतने का लक्ष्य बनाएगी टीम : बेन

**राजकोट, एजेंसी।** कप्तान बेन स्टोक्स ने रविवार को कहा कि इंग्लैंड की टीम रविवार को भारत से मिली 434 रन की हार के बाद भावनाओं को पीछे छोड़कर बचे हुए दो मैच जीतकर शृंखला 3-2 से अपने नाम करने का लक्ष्य बनायेगी। इंग्लैंड ने हैदराबाद में पहले टेस्ट में 28 रन से जीत हासिल की थी लेकिन विशाखापत्तनम में उसे भारत से 106 रन से हार मिली थी। स्टोक्स ने कहा, मैंने यहां आने से पहले बात की और कहा कि ऐसे हफ्ते मुश्किल होते हैं। इंग्लैंड के लिए मैच हारना ऐसा नहीं है कि आप वहां होना चाहते हो लेकिन व्यक्तिगत रूप से मुझे लगता है कि जीत या हार दिमाग में होती है। उन्होंने कहा, मैंने सुनिश्चित किया कि हर तरह की भावनाएं, सभी तरह की निराशा अब सिर्फ ड्रेसिंग रूम में ही रहेगी और सुनिश्चित करो कि यह यहीं तक सीमित रहे। हमारे दो और मैच बचे हैं और कप्तान के तौर पर मैं बस यही सोच रहा हूं कि इस शृंखला को 3-2 से जीतें। स्टोक्स ने कहा कि लगातार दो बुरी हार के बाद भी इंग्लैंड की टेस्ट क्रिकेट के प्रति योजना में कोई छेड़छाड़ नहीं होगी।

### भारतीय महिला हॉकी टीम ने अमेरिका को शूटआउट में हराया

**राउरकेला, एजेंसी।** आस्ट्रेलिया को हराकर उलटफेर करने के एक दिन बाद भारतीय महिला हॉकी टीम ने रविवार को एफआईएच प्रो लीग मैच में अमेरिका को शूटआउट में 2-1 से मात दी। निर्धारित समय में दोनों टीमें 1-1 की बराबरी पर थीं जिसमें भारत के लिए ड्रैग फ्लिकर दीपिका कुमारी ने 19वें मिनट में और अमेरिका के लिए एशले सीसा ने 45वें मिनट में गोल दागा। शूटआउट में मुमताज खान और सोनिका ने गोल किए जबकि ऑस्ट्रेलिया की क्रोयूस ने गोल किया। भारतीय कोच यानेक शॉपमैन खुश नहीं होंगी क्योंकि सविता पूनिया की अगुआई वाली टीम ने मैच में कई पेनल्टी कॉर्नर भी हासिल किए लेकिन निर्धारित समय में जीत दर्ज नहीं कर सकी।

### तुर्की महिला कप के लिए 23 सदस्यीय टीम घोषित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) ने 21 से 27 फरवरी तक अलान्या में होने वाले तुर्की महिला कप 2024 के लिए रविवार को 23 सदस्यीय महिला सीनियर टीम की घोषणा की। भारतीय टीम सोमवार को तुर्की के लिए रवाना होगी। इससे पहले भारत ने 2019 और 2021 में इस प्रतियोगिता में भाग लिया था। भारत चार देशों के इस टूर्नामेंट में अपना पहला मैच 21 फरवरी को एस्तोनिया के खिलाफ खेलेगा। राउंड रोबिन आधार पर होने वाले टूर्नामेंट में भारत इसके बाद 24 फरवरी को हांगकांग और 27 फरवरी को कोसोवा से भिड़ेगा। तालिका में शीर्ष पर रहने वाली टीम चैंपियन बनेगी।

### आईपीएल की सर्वकालिक टीम के कप्तान चुने गए धोनी



**नई दिल्ली।** करिश्माई भारतीय क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी को रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की सर्वकालिक महान टीम का कप्तान चुना गया। इस टीम का चयन 2008 में शुरू की गई टी20 लीग की सफलता का जश्न मनाने के लिए किया गया। 20 फरवरी को आईपीएल की पहली नीलामी के 16 साल पूरे हो जाएंगे। इस मौके पूर्व दिग्गज क्रिकेटरों और करीब 70 पत्रकारों की मदद से आईपीएल की सर्वकालिक महान टीम का चयन किया। इसके चयन पैनल में वसीम अकरम, मैथ्यू हेडन, टॉम मूडी और डेल स्टेन जैसे पूर्व क्रिकेटर थे। ऑस्ट्रेलिया के डेविड वार्नर और भारत के विराट कोहली को सलामी बल्लेबाज के रूप में चुना गया जबकि 'यूनिवर्सल बॉस' क्रिस गेल को बल्लेबाजी क्रम में नंबर तीसरा स्थान दिया गया है। मध्यक्रम में सुरेश रैना, एबी डिविलियर्स, सूर्यकुमार यादव और धोनी को जगह मिली है जबकि हार्दिक पंड्या, रविंद्र जडेजा और कीरोन पोलार्ड 15 सदस्यीय टीम में तीन ऑलराउंडर है। राशिद खान, सुनील नरेन और युजवेंद्र चहल को स्पिन गेंदबाज के तौर पर चुना गया है जबकि लसिथ मलिंगा और जसप्रीत बुमराह दो तेज गेंदबाज है। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने कहा कि कप्तानी के लिए धोनी के नाम पर सहमति बनना तय था। उन्होंने हर खिताब जीता है। विश्व कप, आईपीएल, आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी। उनमें कप्तानी के नैसर्गिक गुण है और मैदान के बाहर और अंदर उन्होंने चीजों को शानदार तरीके से निपटा है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर और कोच टॉम मूडी ने कहा कि धोनी ने अच्छी टीम के अलावा औसत टीम के साथ भी खिताब जीता है।

# जायसवाल और जडेजा का जलवा, भारत की बड़ी जीत

## यशस्वी ने जड़ा दोहरा शतक और रविंद्र ने लिए 5 विकेट, तीसरे टेस्ट के चौथे दिन ही इंग्लैंड को 434 रन से हराया

### भारत-इंग्लैंड का तीसरा टेस्ट

राजकोट, एजेंसी





**214** रन
236 गेंद
14 चौके
12 छक्के

सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के दोहरे शतक और रविंद्र जडेजा के 5 विकेट की मदद से भारत ने इंग्लैंड को तीसरे टेस्ट मैच में रविवार को चौथे दिन ही 434 रन से करारी शिकस्त देकर अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की और 5 मैचों की शृंखला में 2-1 से बढ़त बनाई। इंग्लैंड की 'बैजबॉल' रणनीति भारत के आगे नहीं चल पाई तथा 557 रन के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए उसकी टीम 39.4 ओवर में 122 रन पर आउट हो गई। जडेजा ने 41 रन देकर 5 विकेट लिए। कुलदीप ने दो जबकि बुमराह और अश्विन ने एक-एक विकेट लिए। भारत की इससे पहले रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत 372 रन की थी जो 2021 में मुंबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ मिली थी। इंग्लैंड के खिलाफ यह किसी भी टीम की दूसरी बड़ी जीत है। भारतीय धरती पर रनों के लिहाज से यह बड़ी जीत का भी रिकॉर्ड है। विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट मैच में 209 रन बनाने वाले जायसवाल ने नाबाद 214 रन की पारी खेली, जिसकी मदद से भारत ने दूसरी पारी 4 विकेट पर 430 रन पर समाप्त की घोषित करके इंग्लैंड के सामने असंभव लक्ष्य रखा। भारत ने पहली पारी में 445 रन बनाकर इंग्लैंड को 319 रन पर आउट किया था। जायसवाल ने 236 गेंद में 14 चौके और 12 छक्के लगाए। इस तरह से उन्होंने एक टेस्ट पारी में सर्वाधिक छक्के लगाने के रिकॉर्ड की बराबरी की। जायसवाल ने सरफराज खान (नाबाद 68) के साथ पांचवें विकेट के लिए 172 रन की साझेदारी की। पहला टेस्ट मैच खेल रहे सरफराज ने मैच में लगातार दूसरा अर्धशतक जमाया। इससे पहले शुभमन गिल ने 91 रन की पारी खेली। इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और पहली पारी में शतक जड़ने वाले बेन डकेट आउट होने वाले पहले बल्लेबाज थे। डकेट ने दावा किया था कि भारत कितने भी रन बनाए इंग्लैंड की टीम उसे हासिल कर सकती है लेकिन वह 4 रन बनाकर रन आउट हो गए। बुमराह ने विश्राम से ठीक पहले जॉक क्राउली (11) को पगबाधा आउट कर दिया। अश्विन को परिवार में आपात चिकित्सा स्थिति से टीम छोड़नी पड़ी थी, लेकिन उन्होंने चौथे दिन चाय के बाद मैदान पर वापसी की। रोहित शर्मा ने दूसरे छोर से जडेजा को गेंद थमाई जिन्होंने ओली पोप (03) को स्लिप में रोहित के हाथों कैच कराया और फिर अगले ओवर में जॉनी बेयरस्टो (04) को पगबाधा आउट किया। इससे इंग्लैंड का स्कोर 4 विकेट पर 28 रन हो गया। जब इंग्लैंड का स्कोर 50 रन था तब जो रूट (07) और कप्तान बेन स्टोक्स (15) भी पवेलियन लौट गए। रूट को जडेजा ने पगबाधा आउट कर अपना तीसरा विकेट लिया जबकि कुलदीप ने स्टोक्स को इसी तरह से आउट करके इंग्लैंड की उम्मीद पर पानी फेर दिया। कुलदीप ने रेहान अहमद (00 को लॉन्ग ऑन क्षेत्र में कैच करा कर इंग्लैंड का स्कोर 7 विकेट पर 50 रन कर दिया। बेन फॉक्स (16) और टॉम हार्टली (16) ने अगले 11 ओवर तक विकेट नहीं गिरने दिया। यह दोनों बल्लेबाज हालांकि 3 गेंद के अंदर पर पवेलियन चले गए। फॉक्स को जडेजा ने विकेटकीपर ध्रुव जुरैल के हाथों कैच कराया जबकि हार्टली को अश्विन ने बोल्ड किया। मार्क वुड (33) ने 16 गेंद की पारी में 6 चौके और 1 छक्का लगाकर हार का अंतर काम किया। जडेजा ने उन्हें जायसवाल के हाथों कैच कराकर अपना पांचवा विकेट लिया। इससे पहले जायसवाल ने इंग्लैंड के गेंदबाजों की धुनाई की।

**557** रन का मुश्किल लक्ष्य भारत ने इंग्लैंड को दिया था

**122** रन पर अंग्रेजों की पुरी टीम सिमटी, नहीं चले बल्ले



### स्कोर बोर्ड

**भारत (पहली पारी-445) दूसरी पारी 430/4 (98 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल नाबाद | 214 | 236 | 14/12 |
| रोहित शर्मा पगबाधा बो रूट | 19 | 28 | 3/0 |
| शुभमन गिल रन आउट | 91 | 151 | 9/2 |
| रजत पाटीदार का रेहान बो हार्टले | 00 | 10 | 0/0 |
| कुलदीप यादव का रूट बो रेहान | 27 | 91 | 3/1 |
| सरफराज खान नाबाद | 68 | 72 | 6/3 |

**अतिरिक्त:** 11, **विकेट पतन:** 1-30, 2-191, 3-246, 4-258, **गेंदबाजी:** एंडरसन 13-1-78-0, रूट 27-3-111-1, हार्टले 23-2-78-1, वुड 10-0-46-0 रेहान अहमद 25-1-108-1

**इंग्लैंड (पहली पारी-319) दूसरी पारी 122/10 (39.4 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जॉक क्राउली पगबाधा बो बुमराह | 11 | 26 | 2/0 |
| बेन डकेट रन आउट | 04 | 15 | 0/0 |
| ओली पोप का शर्मा बो जडेजा | 03 | 14 | 0/0 |
| जो रूट पगबाधा बो जडेजा | 07 | 40 | 1/0 |
| जॉनी बेयरस्टो पगबाधा बो जडेजा | 04 | 03 | 1/0 |
| बेन स्टोक्स पगबाधा बो कुलदीप | 15 | 39 | 1/0 |
| बेन फोक्स का जुरेल बो जडेजा | 16 | 39 | 2/0 |
| रेहान अहमद का सिराज बो कुलदीप | 00 | 05 | 0/0 |
| टॉम हार्टले बो अश्विन | 16 | 36 | 2/1 |
| मार्क वुड का जायसवाल बो जडेजा | 33 | 15 | 6/1 |
| जेम्स एंडरसन नाबाद | 01 | 09 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** 12, **विकेट पतन:** 1-15, 2-18, 3-20, 4-28, 5-50, 6-50, 7-50, 8-82, 9-91, 10-122 **गेंदबाजी:** जसप्रीत बुमराह 8-1-18-1, मोहम्मद सिराज 5-2-16-0, रविंद्र जडेजा 12.4-4-41-5, कुलदीप यादव 8-2-19-2, रविचंद्रन अश्विन 6-3-19-1

### अश्विन टीम से जुड़े, चौथे दिन चाय के बाद मैदान पर उतरे

**राजकोट, एजेंसी।** भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन इंग्लैंड के खिलाफ चल रहे तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के चौथे दिन चाय के विश्राम के बाद मैदान पर उतरे। अश्विन को मैच के दूसरे दिन अपना 500वां विकेट हासिल करने के कुछ देर बाद अपनी मां के बीमार होने के कारण तीसरे टेस्ट मैच को बीच में छोड़ना पड़ा था। आईसीसी के नियमों के मुताबिक अश्विन को मैच के तीसरे दिन अनुपस्थित रहने पर 'पेनल्टी टाइम' का सामना नहीं करना पड़ेगा। आईसीसी के अनुच्छेद 24.3.2 के अनुसार, अगर खिलाड़ी ने अंपायरों की राय में किसी स्वीकार्य कारण से मैदान छोड़ा है तो इस अनुपस्थिति पर जुर्माना नहीं लगेगा। इसमें बीमारी या आंतरिक चोट शामिल नहीं है। रविवार दोपहर राजकोट पहुंचे अश्विन को चाय के विश्राम के दौरान अभ्यास करते देखा गया। इससे पहले बीसीसीआई ने रविवार को दिन के पहले सत्र में बताया था अश्विन टीम से जुड़ेगे।

### टेस्ट मुश्किल है, मैं इसे यादगार बनने को तैयार : यशस्वी

**राजकोट।** करियर के शुरुआती दौर में ही दो दोहरे शतक जड़ने वाले सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने कहा कि टेस्ट 'कठिन' है, लेकिन वह अच्छी शुरुआत को बड़ा बनाने में विश्वास रखते हैं। इस बल्लेबाज ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच की दूसरी पारी में 236 गेंदों में नाबाद 214 रन बनाए। वेस्टइंडीज के खिलाफ जुलाई 2023 में पदार्पण करने वाले जायसवाल का छठा मैच में यह दूसरा दोहरा शतक था। जायसवाल ने राजकोट टेस्ट में एक पारी में किसी भारतीय द्वारा सबसे अधिक छक्के (12) लगाकर रिकॉर्ड बुक में भी नाम दर्ज कराया। जायसवाल ने कहा कि उन्होंने सत्र दर सत्र खेलने की कोशिश की। उन्हें पारी के दौरान पीठ में ऐंठन की समस्या से भी निपटना पड़ा। यह मेरे लिए काफी मुश्किल था क्योंकि शुरू में मैं रन नहीं बना पा रहा था। इसलिए सत्र दर सत्र खेलना पड़ा और परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाना पड़ा। तभी मुझे लगा कि मैं रन बना सकता हूं।

# भारतीय महिलाओं ने स्वर्ण पदक जीतकर रचा इतिहास

## बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप के फाइनल में थाईलैंड की टीम को 3-2 से दी मात

शाह आलम (मलेशिया), एजेंसी



युवा अनमोल खरब ने शानदार प्रदर्शन जारी रखा, जिससे भारतीय महिलाओं ने रविवार को बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप के फाइनल में थाईलैंड को 3-2 से हराकर अपना पहला स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा। पीवी सिंधु की अगुवाई वाली महिला टीम ने अच्छा प्रदर्शन जारी रखा तथा दो बार के कांस्य पदक विजेता थाईलैंड को हराया। भारतीय महिलाओं का इस चैंपियनशिप में यह पहला बड़ा खिताब है, जिससे उसका चीन के चेंगदू में 28 अप्रैल से पांच मई तक होने वाले उबेर कप के लिए मनोबल बढ़ेगा। अनमोल ने कहा कि मैं बहुत खुश हूं कि हमने स्वर्ण पदक जीता क्योंकि यह पहली बार है जब भारत बैडमिंटन एशिया टीम चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीत रहा है। भारत ने इससे पहले इस प्रतियोगिता में दो पदक जीते थे। भारतीय पुरुष टीम ने 2016 और 2020 में कांस्य पदक पाए थे।

थाईलैंड अपनी दो चोटी की खिलाड़ियों रतचानोक इंतानोन और पोर्नपावी चोचुवोंग के बिना प्रतियोगिता में उतरा था जिसका भारत को फायदा मिला। चोटिल होने से चार महीने तक कोर्ट से बाहर रहने वाली सिंधु ने आक्रामक खेल का नजारा पेश किया और पहले एकल में सुपनिडा काटेथोंग को हराकर भारत को 1-0 से बढ़त दिलाई। त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने जोंगकोलफान कितिथाराकुल और राविंडा प्रा जोंगजई की जोड़ी को पराजित कर भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। शनिवार को जापान की नोज़ोमी ओकुहारा के खिलाफ जीत के बाद अश्मिता चालिहा से काफी उम्मीदें थी लेकिन वह दूसरे एकल में बुसानन ओंगबामरुंगफ़ान से हार गई। श्रुति मिश्रा और प्रिया कोन्जेंगबाम की जोड़ी बेन्यापा ऐम्सार्ड और नुनटाकर्न ऐम्सार्ड की जोड़ी से हार गई, जिससे मुकाबला 2-2 से बराबर हो गया। अब भारत को जीत दिलाने का दारोमदार अनमोल खराब पर टिका था जिन्होंने पोर्नपिचा चोइकीवोंग को हराकर भारत को स्वर्ण पदक दिला दिया।

# प्रदेश के खिलाड़ियों के प्रदर्शन ने किया निराश

### रणजी ट्राफी

कार्यालय संवददाता, लखनऊ




**अमृत विचार:** रणजी ट्रॉफी के अंतिम मैच में उत्तर प्रदेश की टीम के खिलाड़ियों ने निराशाजनक प्रदर्शन किया। इलीट ग्रुप-बी में लीग अंतिम मुकाबले में मेजबान उत्तर प्रदेश की टीम छत्तीसगढ़ के खिलाफ बैकफुट पर है। क्रिकेट विशेषज्ञों के अनुसार यह मुकाबला अब ड्रा की तरफ बढ़ गया है। छत्तीसगढ़ की पहली पारी के जबाव में उत्तर प्रदेश की टीम 238 रन पर सिमट गई। ऐसे में छत्तीसगढ़ को बिना खेले 176 रन की बढ़त मिली। तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक छत्तीसगढ़ ने 5 विकेट पर 124 रन बनाए और 300 रन की बढ़त ली है। सोमवार को आखिरी दिन का खेल होना है और छत्तीसगढ़ के 5 विकेट बाकी हैं। रविवार को उत्तर प्रदेश ने 3 विकेट पर 110 रन के आगे खेलना शुरू किया। 128 रन और जोड़कर उत्तर प्रदेश की टीम सिमट गई। नाबाद बल्लेबाज कप्तान नितीश राणा और सौरभ कुमार जल्द आउट हो गए। सौरभ 55 और नितीश राणा 54 रन ही बना सके। बल्लेबाज यश दयाल ने तेज खेल दिखाया। उन्होंने 55 रन की पारी 36 गेंदों पर खेली। शिवम शर्मा 33 रन बनाकर नाबाद रहे। छत्तीसगढ़ के बुट्टे और रवि किरन ने 3-3 और आशीष चौहान को 2 विकेट मिले।

लंच के बाद दूसरी पारी खेलने उतरी छत्तीसगढ़ की टीम के पांच प्रमुख बल्लेबाजों को उत्तर प्रदेश की टीम ने 124 रन के योग पर चला किया। शशांक चंद्राकर ने 42 और आशुतोष सिंह ने 43 रन बनाए। आज का खेल खत्म होने तक पहली पारी में दोहरा शतक जमाने वाले छत्तीसगढ़ के संजीत देसाई 25 और अजय मंडल दो रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। उत्तर प्रदेश के शिवम शर्मा ने 14 रन देकर 3, अटल बिहारी और नितीश राणा को 1-1 विकेट मिला।

# बॉलीवुड हलचल

## 'शक्तिमान' पर चल रहा काम : मुकेश



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता मुकेश खन्ना का कहना है कि अभी शक्तिमान प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है और बहुत जल्द इसकी अनाउंसमेंट की जाएगी। सुपरहिट टीवी सीरियल शक्तिमान में मुकेश खन्ना ने शक्तिमान का किरदार निभाया था। फिल्म शक्तिमान के निर्माण का ऐलान पिछले साल किया गया था। सोनी पिक्चर्स ने फिल्म शक्तिमान का ऐलान किया था और मुकेश खन्ना को इसका क्रिएटिव कंसल्टेंट बनाया था। कहा जा रहा है कि रणवीर सिंह इस बार शक्तिमान का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। मुकेश खन्ना ने कहा, अभी इस प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है। मेरा सोनी पिक्चर्स के साथ कॉन्ट्रैक्ट है और इसलिए इस बारे में ज्यादा बात नहीं कर सकता। हालांकि, इस बारे में हम जल्द ही ऑफिशियल स्टेटमेंट रिलीज करेंगे।

### अमेरिका में टाइम्स स्क्वायर पर नीतू का जलवा



**मुंबई, एजेंसी।** जानीमानी अभिनेत्री नीतू चंद्रा श्रीवास्तव का जलवा अमेरिका में टाइम्स स्क्वायर पर देखने को मिला। नीतू चंद्रा श्रीवास्तव का जलवा पिछले दिनों अमेरिका के टाइम्स स्क्वायर पर उस वक्त देखने को मिला जब वह एक म्यूजिकल प्ले उमराव जान अदा के ट्रेलर की शूटिंग कर रही थी। उस समय न्यूयॉर्क शहर के टाइम स्क्वायर पर स्थित बड़ी-बड़ी स्क्रीन पर सिर्फ नीतू चंद्रा श्रीवास्तव के मनमोहक दृश्य नजर आ रहे थे और इस तरह वो अमेरिका की सरजमीं पर भारत का परचम लहराती नजर आ रही थी। यह ट्रेलर ब्लू वेव एंटरटेनमेंट के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज भी कर दिया गया है। इस म्यूजिकल प्ले के ट्रेलर शूट के बाद नीतू चंद्रा श्रीवास्तव ने अपनी एक्साइटमेंट का इजहार किया और कहा कि यह मेरी जिंदगी का सबसे यादगार लम्हा है, जब टाइम्स स्क्वायर जैसे जगह से दुनिया की नजरे मुझे देख रही थी, लेकिन मुझे खुद पर भरोसा था और मैं इस कॉन्सेप्ट के साथ अपना हंड्रेड परसेंट देने का काम किया।

## यामिनी की 'नमस्ते सासू जी' का फर्स्ट लुक रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** मैड्ज मूवी प्रस्तुत, वर्ल्डवाइड प्रोडक्शन की आने भोजपुरी फिल्म नमस्ते सासू जी का फर्स्ट लुक रिलीज कर दिया गया है। नमस्ते सासू जी में यामिनी सिंह मुख्य भूमिका में है, और उनके साथ गौरव झा और देव सिंह भी नजर आने वाले हैं। निर्माता प्रदीप शर्मा ने कहा कि फिल्म की कहानी ही इसकी यूएसपी है, जिसमें भोजपुरी सिनेमा के दिग्गज अभिनेताओं ने अपना योगदान दिया है। इस फिल्म को काली प्रसाद सिंह ने निर्देशित किया है। फिल्म का निर्माण बड़े पैमाने पर किया गया है। इसलिए उम्मीद है कि दर्शकों को यह फिल्म पसंद आएगी। वही फिल्म को लेकर यामिनी सिंह ने बताया कि यह फिल्म महिला प्रधान कहानी पर आधारित है। इसकी केंद्रीय भूमिकाओं में महिलाओं का अपीरियंस बेहद महत्वपूर्ण है। बावजूद इसके यह फिल्म पूरी तरह से कमर्शियल है। इसमें मेरी भूमिका भी बेहद अलग है और मैं ऐसे निभाने के लिए खूब मेहनत की है। उम्मीद करती हूं कि भोजपुरी के दर्शकों ने मुझे अब तक जिस तरह से प्यार दिया है उससे भी ज्यादा प्यार मुझे इस फिल्म के जरिए मिले। इस फिल्म के गीत संगीत से लेकर संवाद और प्रेजेंटेशन सभी खास हैं। फिल्म का ट्रेलर भी जल्द ही आएगा और यह फिल्म जब भी रिलीज हो तब आपसे आग्रह करुंगी कि आप इसे सिनेमाघर में जाकर देखें। गौरतलब है कि फिल्म नमस्ते सासू जी के निर्माता प्रदीप सिंह, समीर आफताब, विनय सिंह, मोनिका सिंह और प्रतीक सिंह हैं। फिल्म के निर्देशक काली प्रसाद हैं, जबकि कहानी सभा वर्मा ने लिखी है। फिल्म के संगीतकार ओम झा हैं। गीतकार प्यारे लाल यादव, डॉक्टर कर्मेंद्र कुमार सिंह, धर्म हिंदुस्तानी और संतोष कुमार उत्पाती हैं।

## कुछ रीत जगत..., सामाजिक बुराई के खिलाफ आवाज उठाएगा : मीरा



**मुंबई, एजेंसी।** टीवी की अभिनेत्री मीरा देओस्थले का कहना है कि सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होने वाला शो कुछ रीत जगत गंभीर सामाजिक बुराई के खिलाफ आवाज उठाएगा। गुजरात के परिवेश पर आधारित इस शो में दहेज प्रथा के खिलाफ आवाज उठाई गई है। मीरा देओस्थले (नंदिनी) और जान खान (नरेन रतनशी) मुख्य भूमिका में हैं। नंदिनी एक ऐसी लड़की है, जिसे शादी के बाद पता चलता है कि उसकी शादी में दहेज लिया गया है और वह अपनी शादी का दहेज ससुराल वालों से वापस मांगती है। मीरा ने कहा कि महिलाओं को अक्सर कहा जाता है कि यह करना चाहिए, यह नहीं करना चाहिए। नंदिनी का किरदार इस पर सवाल उठाता है और पूछता है कि ऐसा क्यूं करना चाहिए। नंदिनी का किरदार लोगों को जागरूक करता है। जब मुझे शो की नरेशन सुनाई गई तब मेरी आंखो में आंसू आ गए और मैने यह तय कर लिया कि मुझे यह शो करना है। ये फुल ऑफ इंटरटेनिंग शो है जो लोगों को संदेश भी देगा। जान खान के साथ मेरी रोमांटिक केमेस्ट्री लोगों को बेहद पसंद आएगी। शो में 30 से अधिक कलाकारों ने काम किया है।

### मैं दो वर्ष का था तब अमिताभ ने मेरे गाल पर काटी थी चिकोटी : इमरान



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी ने बताया कि वह जब दो वर्ष के थे तब अमिताभ बच्चन ने उनके गाल पर चिकोटी काटी थी और उन्हें आशीर्वाद दिया था। इमरान ने अमिताभ बच्चन के साथ फिल्म चेहरे में काम किया है। उन्हांने बताया, फिल्म चेहरे में काम करने की वजह अमिताभ बच्चन रहे। अमिताभ बच्चन दिग्गज कलाकार और बेहद प्रोफेशनल हैं। चेहरे में मेरा किरदार नेगेटिव था। उनके साथ काम करना शानदार अनभुव रहा। चेहरे के सीन्स में मै अमिताभ बच्चन पर चिल्लाता था, जिस बात का मुझे बेहद बुरा लगा। इमरान ने बताया कि अच्छी स्क्रिप्ट मिलने पर वह अपनी सुपरहिट फिल्में राज, मर्डर और जन्नत की फ्रेंचाइजी में काम करेंगे। उन्होंने कहा कि दर्शक कुछ नया देखना चाहते हैं, यदि अच्छी स्क्रिप्ट मिले तभी वह काम करेंगे। वह दर्शकों को हर बार कुछ नया देना चाहते हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

## एक नजर

### फिलीपींस में भूस्खलन, मरने वालों की संख्या 98 हुई

**मनीला।** फिलीपींस के दक्षिणी प्रांत दावाओ डी ओरो में भूस्खलन से मरने वालों की संख्या 98 हो गयी है। फिलीपींस की मीडिया ने स्थानीय अधिकारियों के हवाले से शनिवार को यह जानकारी दी। फिलस्टार समाचार पोर्टल ने बताया कि कम से कम नौ लोग अभी भी लापता हैं। उल्लेखनीय है कि फरवरी की शुरुआत में हुआ भूस्खलन लगातार बारिश के कारण हुआ था। गांव का एक हिस्सा और एपेक्स माइनिंग के कर्मचारियों को ले जा रही दो बसें मलबे में दब गयी थीं।

### एलेक्सी को श्रद्धांजलि देने के दौरान 400 हिरासत में

**मॉस्को।** रूस में विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी को श्रद्धांजलि देने के दौरान 400 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया है। रूस के एक अधिकार समूह ने यह जानकारी दी। नवलनी (47) की अचानक मृत्यु से रूस के कई लोगों को करारा झटका लगा है। इन लोगों को राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सबसे धुर विरोधी से भविष्य में काफी उम्मीदें थीं। नवलनी को सरकार में भ्रष्टाचार और रूसी शासन प्रतिष्ठान क्रेमलिन के खिलाफ व्यापक प्रदर्शनों के लिए जाना जाता था। नर्व एजेंट के जहर से बचने और कई बार जेल की सजा पाने के बाद भी नवलनी ने पुतिन की आलोचना करना जारी रखा था। रूस के कई शहरों में सैकड़ों लोग इस राजनीतिज्ञ को श्रद्धांजलि देने के लिए शुक्रवार और शनिवार को फूलों और मोमबत्तियों के साथ राजनीतिक दमन के पीड़ितों के स्मारकों पर पहुंचे।

### कोयंबटूर में अमेरिकी उच्च शिक्षा मेला लगेगा

**कोयंबटूर।** तमिलनाडु के शहर चेन्नई में स्थापित अमेरिकी वाणिज्यिक सेवा और अमेरिकी महावाणिज्य दूतावास कोयम्बटूर में कल (सोमवार) को मुफ्त अमेरिकी उच्च शिक्षा मेले का आयोजन करेगा। मेले में अमेरिकी वाणिज्य विभाग, अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रशासन सहित कुल मिलाकर 18 अमेरिकी उच्च शिक्षा संस्थान भाग लेंगे। अमेरिकी महावाणिज्य दूत चेन्नई क्रिस्टोफर होजेस ने कहा कि अमेरिका विश्व स्तर पर अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थी का शीर्ष मेजबान बना हुआ है।

### डेनमार्क तोपखाने का स्टॉक यूक्रेन को करेगा हस्तांतरित

कोपेनहेगन : डेनमार्क के प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिकसन ने कहा है कि डेनमार्क देश के पूरे गोला-बारूद भंडार को यूक्रेन को स्थानांतरित कर देगा। फ्रेडरिकसन ने कहा कि यूरोप में अभी भी गोला-बारूद का भंडार है जिसका ब्लॉक इस समय उपयोग नहीं कर रहा है और इसे यूक्रेन को सौंपना चाहिए। फ्रेडरिकसेन ने म्यूनिख सिक्योरिटी के इतर कहा कि यदि आप यूक्रेनियन से पूछें, तो वे हमसे अब गोला-बारूद, अब तोपखाने मांग रहे हैं। डेनिश पक्ष से, हमने अपनी पूरी तोपखाने दान करने का फैसला किया है।

# इजराइल के हमले में गाजा में 18 लोगों की मौत

**रफह (गाजा पट्टी) एजेंसी**

इजराइल ने शनिवार रात को गाजा में हमले किए, जिससे कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई। चिकित्सा कर्मियों और चश्मदीदों ने रविवार को यह जानकारी दी। इस बीच, अमेरिका ने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र में संघर्ष विराम प्रस्ताव पेश होने पर फिर से वह वीटो शक्ति का इस्तेमाल करेगा। अमेरिका, इजराइल का करीबी सहयोगी है। वह बंधकों को छुड़ाने के लिए इजराइल और हमास के बीच वार्ता का पक्षधर है। रफह में रातभर हुए हवाई हमले में एक महिला और तीन बच्चों सहित छह लोग मारे गए जबकि अन्य हमले में दक्षिणी शहर खान यूनिस में पांच लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा, इजराइली हमले की चपेट में आने से गाजा शहर के एक घर में रहने वाले सात लोगों की जान चली गई। वहीं, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के प्रमुख ने कहा कि दक्षिणी गाजा में सेवा देने वाला मुख्य चिकित्सा केंद्र 'नासिर अस्पताल' पिछले सप्ताह के अंत में इजराइल द्वारा की गई छापेमारी के बाद से संचालित नहीं हो पा रहा है। डब्ल्यूएचओ प्रमुख टेड्रोस अदानोम घेब्रेयेसुस ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि डब्ल्यूएचओ की एक टीम को शुक्रवार या शनिवार को अस्पताल में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि टीम मरीजों की स्थिति और चिकित्सा आवश्यकताओं का आकलन करने के लिए पहुंची थी। उन्होंने कहा कि अस्पताल में अभी भी लगभग 200 मरीज हैं, जिनमें से 20 को अन्य अस्पतालों में तत्काल रेफर करने की आवश्यकता है।

## गाजा में युद्धविराम के लिए वार्ता में कोई विशेष प्रगति नहीं: कतर

**राफा, एजेंसी।** इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम के लिए मध्यस्थता कर रहे देश कतर ने कहा है कि इस दिशा में फिलहाल कोई खास प्रगति नहीं हो पाई है। कतर का यह बयान ऐसे वक्त आया है जब इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने आरोप लगाया है कि हमास के आतंकवादी अपनी 'बेतुकी मांगों' पर अड़े हुए हैं। कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी ने म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में अपने संबोधन में ''मानवीय पहलू'' से जुड़ी समस्याओं का जिक्र किया। नेतन्याहू पर इस बात का बेहद दबाव है कि वह उन बंधकों को सुरक्षित लाएं जिन्हें हमास ने सात अक्टूबर को हमला करने के दौरान कब्जे में लिया था। नेतन्याहू ने कहा कि उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के कहने पर इस सप्ताह की शुरुआत में एक प्रतिनिधिमंडल काहिरा भेजा था लेकिन उन्हें अब दोबारा भेजे जाने का कोई तुक नहीं समझ आ रहा। हमास चाहता है कि गाजा में स्थाई युद्धविराम हो और इजराइल फलस्तीन के उन सभी कैदियों को रिहा करे जो उसकी जेलों में बंद हैं। नेतन्याहू ने मिस्र के साथ लगती गाजा की सीमा पर स्थित शहर राफा में जमीनी हमले रोकने के अंततराष्ट्रीय अनुरोध की भी अनदेखी की है। वह किसी भी सूरत में हमले रोकने के पक्ष में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि हमास पर ''पूर्ण विजय'' के लिए हमले जरूरी हैं। 'एसोसिएटेड प्रेस' के पत्रकारों और अस्पताल के अधिकारियों के अनुसार शनिवार को मध्य गाजा में हवाई हमलों में बच्चों सहित 40 से अधिक लोग मारे गए और कम से कम 50 लोग घायल हुए हैं। इजराइल की सेना ने कहा कि उसने हमास के खिलाफ हमले किये हैं। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि गाजा में अब तक 28,858 लोग मारे गए हैं।

# पीएमएल-एन व पीपीपी के बीच बातचीत बेनतीजा

## पाकिस्तान में गठबंधन सरकार के लिए सत्ता-बंटवारे के फॉर्मूले पर नहीं बनी सहमति

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान में गठबंधन सरकार के लिए सत्ता-बंटवारे के 'फॉर्मूले' को लेकर पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के बीच बातचीत बेनतीजा रही। दोनों पक्षों ने हालांकि चर्चा में "महत्वपूर्ण प्रगति" का दावा किया। एक खबर में यह जानकारी दी गई है।

दोनों दलों की संपर्क एवं समन्वय समितियों (सीसीसी) के बीच शनिवार को हुई तीसरी बैठक बेनतीजा रही और दोनों ने सत्ता-बंटवारे के 'फॉर्मूले' को अंतिम रूप देने के लिए सोमवार को एक और बैठक करने का फैसला किया। बैठक के बाद पीएमएल-एन द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि "मजबूत लोकतांत्रिक सरकार" की आवश्यकता पर बल देते हुए दोनों पक्षों के साथ बातचीत में "महत्वपूर्ण प्रगति" हुई है। एक संयुक्त बयान में कहा गया है, "दोनों पक्षों द्वारा रखे गए प्रस्तावों पर गहन चर्चा की गई, हालांकि पर्याप्त प्रगति हासिल हुई है, लेकिन मौजूदा मामलों को अंतिम रूप देने के लिए और विचार-विमर्श की आवश्यकता है।" नवाज शरीफ के नेतृत्व वाली पीएमएल-एन ने शहबाज शरीफ को प्रधानमंत्री पद के लिए नामित किया है। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी द्वारा समर्थित उम्मीदवारों ने नेशनल असेंबली की 265 में से 93 सीट पर जीत हासिल की।

पीएमएल-एन ने 75 सीट जीतीं जबकि पीपीपी 54 सीट के साथ तीसरे स्थान पर रही। मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) भी 17 सीट के साथ समर्थन देने के लिए तैयार हो गई है। सरकार बनाने के लिए 266 में से 133 सीट की जरूरत है।

## एचआरसीपी ने पाकिस्तान में मतदान के बाद की प्रक्रिया को असंतोषजनक बताया

**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान के मानवाधिकार आयोग (एचआरसीपी) ने आठ फरवरी को हुए आम चुनावों, खासकर मतदान के बाद की प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर चिंता जताई है। समाचारपत्र 'द न्यूज' ने रविवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। देश के 51 निर्वाचन क्षेत्रों में ऑन-साइट निरीक्षण करने वाले एचआरसीपी के चुनाव निगरानीकर्ताओं की ओर से की गयी टिप्पणियों के अनुसार मतदान के दिन इंटरनेट और मोबाइल सेवाओं के राष्ट्रव्यापी निलंबन के साथ-साथ मतदान की जानकारी में अनियोजित परिवर्तन के कारण मतदाताओं को मतदान केंद्रों का पता लगाने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। एचआरसीपी ने शनिवार को जारी अपनी रिपोर्ट में कहा कि इस स्थिति ने विशेष रूप से चलने-फिरने में बाधाओं का सामना करने वाली महिलाओं, विकलांग लोगों, वरिष्ठ नागरिकों और सीमित वित्तीय साधनों वाले मतदाताओं को प्रभावित किया है। विशेष चिंता का विषय चुनाव अधिकारियों द्वारा चुनाव परिणामों की घोषणा में की जा रही लंबी देरी है। मोटे तौर पर कहें तो मतदान प्रक्रिया पारदर्शी और शांतिपूर्ण रही। मतदान कर्मचारी आम तौर पर अच्छी तरह से तैयार और सुसज्जित थे। लगभग सभी मामलों में, मतदान एजेंटों और उम्मीदवारों को मतदान से पहले खाली मतपेटियां दिखाई गईं। साथ ही पीठासीन अधिकारी को मतदाता को देने से पहले प्रत्येक मतपत्र के पीछे मोहर लगाते और हस्ताक्षर करते देखा गया। मतपेटी हर समय सभी की नजर में थी और मतदाताओं को गुप्त रूप से अपने मतपत्रों पर मुहर लगाने की अनुमति थी। मतदान के बाद की प्रक्रिया हालांकि असंतोषजनक थी। चिंता की बात यह है कि उम्मीदवारों, मतदान एजेंटों और पर्यवेक्षकों को परिणामों के अनंतिम समेकन को देखने की अनुमति से वंचित किए जाने की खबरें भी सामने आईं। एचआरसीपी ने एक संसदीय निकाय की देखरेख में 2024 चुनावों के स्वतंत्र ऑडिट की सिफारिश की है। सुरक्षा और ख़ुफ़िया एजेंसियों को चुनावी प्रक्रिया या उसके परिणामों के प्रबंधन में कोई भूमिका नहीं निभानी चाहिए। संसद को कार्यवाहक सरकारी योजना की उपयोगिता पर भी बहस करनी चाहिए। मतदान के दिन, मतदान रुकने के बाद भी, निर्बाध सेल्युलर और इंटरनेट सेवाएं उपलब्ध होनी चाहिए। ईसीपी को चुनाव अधिनियम 2017 के तहत सभी फॉर्म 45, 46, 48 और 49 को प्रकाशित करना होगा। पीड़ित राजनीतिक दलों या उम्मीदवारों से याचिका प्राप्त होने पर, ईसीपी को करीबी मुकाबलों में मतपत्रों की पुनर्गणना का आदेश देना चाहिए, खासकर ऐसे मामलों में जहां अस्वीकृत मतपत्रों की संख्या जीत के अंतर से अधिक हो।

## 'पीटीआई' ने निर्वाचन आयुक्त, प्रधान न्यायाधीश का इस्तीफा मांगा

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी ने चुनाव में 'धांधली' के संबंध में एक वरिष्ठ नौकरशाह के आरोपों के बाद पाकिस्तान के मुख्य निर्वाचन आयुक्त और प्रधान न्यायाधीश के इस्तीफे की मांग की है। रावलपिंडी के पूर्व आयुक्त लियाकत अली चट्ठा ने शनिवार को आरोप लगाया था कि शहर में जो उम्मीदवार चुनाव हार रहे थे, उन्हें जिताया गया। उन्होंने दावा किया कि रावलपिंडी के 13 उम्मीदवारों को गलत तरीके से विजेता घोषित किया गया। उनकी टिप्पणी ऐसे समय आई है जब 'पीटीआई' ने आठ फरवरी के चुनावों में कथित धांधली के खिलाफ देशव्यापी विरोध प्रदर्शन शुरू किया है। चट्ठा ने कहा, ''मैं इन सभी गलत काम की जिम्मेदारी ले रहा हूं और आपको बता रहा हूं कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त और प्रधान न्यायाधीश भी इसमें पूरी तरह से शामिल हैं।'' चुनाव परिणामों में हेरफेर के लिए ''जिम्मेदारी स्वीकार करने'' के बाद चट्ठा ने पद से इस्तीफा दे दिया। खान की अगुवाई वाली 'पीटीआई' के एक प्रवक्ता ने मांग की कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त सिकंदर सुल्तान राजा और प्रधान न्यायाधीश काजी फैज इसा रावलपिंडी के आयुक्त चट्ठा के खुलासे के बाद अपने पदों से इस्तीफा दें। प्रवक्ता ने कहा कि चट्ठा ने स्वीकार किया है कि 70,000 से अधिक वोटों से आगे चल रहे निर्दलीय उम्मीदवारों की जीत को फर्जी मोहरें लगाकर हार में बदल दिया गया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि चट्ठा की गवाही 'पीटीआई' के उस रुख का समर्थन करती है कि लोगों ने बड़ी संख्या में 'पीटीआई' समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों को वोट दिया था।

## पुलिस व इमरान खान की पार्टी के समर्थकों के बीच झड़प

**लाहौर/कराची, एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के समर्थकों की चुनाव में कथित धांधली के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान देशभर के विभिन्न शहरों में पुलिस के साथ झड़प हो गई। 'डॉन' अखबार की खबर में रविवार को बताया गया कि लाहौर में, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के समर्थक विरोध दर्ज कराने के लिए शनिवार को लाहौर प्रेस क्लब और पार्टी के जेल रोड कार्यालय के बाहर एकत्र हुए। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो क्लिप में पुलिसकर्मी जेल रोड पर 'पीटीआई' के कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन में भाग लेने वाले वकील को घसीटते हुए दिखाई दे रहे हैं। 'पीटीआई' के एक अन्य उम्मीदवार अली इजाज बुट्टर को भी बुजुर्ग पुरुषों, महिलाओं और एक बच्चे के साथ गिरफ्तार किया गया है। पंजाब प्रांत के कई शहरों में प्रदर्शनकारियों के इकट्ठा होने से पहले ही पुलिस प्रदर्शन स्थल पर पहुंच गई और पार्टी के कई नेताओं, उम्मीदवारों, कार्यकर्ताओं और समर्थकों को गिरफ्तार कर लिया। 'डॉन' की खबर में कहा गया है कि पार्टी के संस्थापक इमरान खान के आह्वान पर एकत्र हुए 'पीटीआई' कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने नारेबाजी की। कराची में, सैकड़ों 'पीटीआई' कार्यकर्ता और समर्थक शहर के सदर इलाके में पाकिस्तान निर्वाचन आयोग के सिंध कार्यालय के बाहर एकत्र हुए। प्रदर्शनकारियों ने कथित धांधली के खिलाफ नारे लगाए और न्यायपालिका एवं सरकारी संस्थानों से हस्तक्षेप करने और परिणामों में "खामियों" को सुधारने की मांग की।

# पूर्व थाई पीएम थाकसिन पेरोल पर रिहा

**बैंकॉक, एजेंसी**



थाईलैंड के दोषी पूर्व प्रधान मंत्री थाकसिन शिनावात्रा को स्व-निर्वासन से देश लौटने के छह महीने बाद रविवार को पेरोल पर रिहा कर दिया गया। शिन्हुआ के पत्रकारों ने बताया कि थाकसिन को ले जाने वाली एक कार रविवार को स्थानीय समयानुसार सुबह 6:06 बजे बैंकॉक के एक पुलिस अस्पताल से निकली, जहाँ उन्होंने चिकित्सा उपचार करवाया।

थाई प्रधान मंत्री श्रेथा थाविसिन ने पहले कहा था कि थाकसिन की पेरोल पर रिहाई कानून के अनुरूप थी। देश के न्याय मंत्रालय के अनुसार 74 वर्षीय पूर्व प्रधान मंत्री इस महीने पेरोल के लिए स्वीकृत 930 कैदियों में से एक हैं। वह पेरोल के लिए पात्र है क्योंकि उसकी उम्र 70 वर्ष से अधिक है और वह एक गंभीर बीमारी से पीड़ित है। थाकसिन ने 15 साल से अधिक का अपना निर्वासन समाप्त किया और पिछले साल अगस्त में थाईलैंड लौट आए, लेकिन जल्द ही उन्हें हिरासत में ले लिया गया और कई आरोपों में आठ साल की जेल की सजा सुनाई गयी। उनकी वापसी के तुरंत बाद स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के कारण उन्हें बैंकॉक जेल से अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया था। उल्लेखनीय है कि पिछले सितंबर में थाकसिन के शाही क्षमादान के अनुरोध के बाद थाई राजा महा वजिरालोंगकोर्न ने थाकसिन की आठ साल की जेल की सजा को घटाकर एक साल कर दिया था। थाकसिन ने वर्ष 2001 से 2006 तक दक्षिण पूर्व एशियाई देश के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया और वर्ष 2008 से विदेश में स्व-निर्वासन में थे।



मेला

फरीदाबाद : 37वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय क्राफ्ट मेला में उमड़ी दर्शकों की भीड़। • एजेंसी


**कवायद** सोशल मीडिया पर बेचैनी नयी प्रौद्योगिकियों के बारे में नैतिक घबराहट का है अगला दौर

# सोशल मीडिया के आदी युवाओं को लत से मुक्ति दिलाने के रास्ते की खोज

**बोल्डर (अमेरिका) एजेंसी**

कई लोग सोशल मीडिया की लत की तुलना सिगरेट से करते हैं। वे कहते हैं कि सोशल मीडिया पर कितने लाइक मिले इसे देखने की इच्छा एक नयी तरह की 'धूम्रपान की तलब' है। अन्य का मानना है कि सोशल मीडिया पर बेचैनी नयी प्रौद्योगिकियों के बारे में नैतिक घबराहट का अगला दौर है।

हम अनुसंधानकार्ताओं की जोड़ी हैं जो जिसने जांच की कि सोशल मीडिया युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य को कैसे प्रभावित करता है। 75 प्रतिशत से अधिक किशोर हर घंटे अपने फोन को देखते हैं और उनमें से लगभग आधे कहते हैं कि उन्हें ऐसा लगता है कि वे अपने उपकरणों के आदी हो गए हैं। यहां कुछ बाते हैं जो उन्होंने हमें बताई हैं: ''टिकटॉक ने मुझे परेशान कर रखा है।'' ''मैं 1,000 प्रतिशत कहूंगा कि मुझे इसकी लत है।'' ''मुझे पूरी तरह से अहसास है कि यह मेरे दिमाग पर कब्जा कर रहा है, लेकिन मैं इससे दूर नहीं हो पा रहा। इससे मुझे शर्मिंदगी महसूस होती है।'' हो सकता है कि आपकी अपनी भी ऐसी ही भावनाएं रही हों।




### उत्तर की तलाश

सोशल मीडिया के उपयोग पर 2010 के शुरुआती अनुसंधान शरीर पर प्रभाव, खाने की आदतों में विकार और सामाजिक तुलना कर नकारात्मक प्रभाव दिखाते हैं। इसके विपरीत, अन्य अध्ययन सोशल मीडिया के मानसिक स्वास्थ्य लाभों की ओर इशारा करते हैं, जिसमें सामाजिक बेहतरी, मजबूत दोस्ती और विविध दृष्टिकोणों का सुलभ होना शामिल है। फिर भी अन्य अध्ययन परस्पर विरोधी परिणाम पेश करते हैं। वास्तव में, इस विषय पर अनुसंधान करते समय अनिर्णायक या मिश्रित परिणाम एक आवर्ती परिपाटी प्रतीत होती है।

### चार सप्ताह का हस्तक्षेप

हमारे मौजूदा अध्ययन में विभिन्न प्रकार की सोशल मीडिया आदतों वाले 500 से अधिक कॉलेज छात्रों ने हिस्सा लिया। छात्र ने सोशल मीडिया के साथ अपने वर्तमान संबंधों पर विचार करके शुरुआत की और फिर उन परिवर्तनों के लिए लक्ष्य निर्धारित किया जो वे करना चाहते हैं। इसमें बिना सोचे-समझे 'स्क्रॉल' करने में कम समय बिताना, किसी ऐप पर प्रोत्साहित नहीं करना या शयनकक्ष में फोन लेकर न सोना शामिल हो सकता है। चार सप्ताह तक, प्रतिभागी अपने लक्ष्यों को हासिल करने की कोशिश में मिली सफलता की जानकारी देते है। वे 'जर्नलिंग' (डायरी लिखने) और मानक मनोवैज्ञानिक सर्वेक्षणों के माध्यम से अपनी भावनाओं और अनुभवों को बताते हैं।

### सकारात्मक बदलाव में लगता है समय

किसी भी व्यवहार परिवर्तन की तरह, स्वस्थ मीडिया के इस्तेमाल की आदतों को अपनाने के लिए समय, समर्पण और आत्म-चिंतन की आवश्यकता होती है। हमारा अनुसंधान कॉलेज के छात्रों पर केंद्रित है। लेकिन हमारा मानना है कि कार्य और विचार पर केंद्रित एक समान चार-सप्ताह की प्रक्रिया सभी उम्र के लोगों के लिए समग्र कल्याण में उपयोगी हो सकती है। सोशल मीडिया पर अपनी निर्भरता कम करने के लिए आप अभी कुछ व्यावहारिक कदम उठा सकते हैं।



जैसलमेर : पोखरन क्षेत्र में वायु शक्ति-2024 अभ्यास के दौरान करतब दिखाता वायुसेना का सी-17 ग्लोबल मास्टर विमान।

**सुविधा**

# ब्रिटेन ने यूक्रेनियाई नागरिकों की वीजा मियाद बढ़ाई

**लंदन एजेंसी**

ब्रिटेन की सरकार ने रविवार को रूस-यूक्रेन संघर्ष के मद्देनजर देश में शरण लेने आए यूक्रेनियाई नागरिकों के लिए शुरू वीजा योजना की मियाद बढ़ा दी है। इसके साथ ही युद्धग्रस्त देश से आए यूक्रेनियाई नागरिक समान शर्तों पर ही मौजूदा मियाद खत्म होने के बाद भी 18 महीने तक देश में रह सकेंगे।

ब्रिटेन के गृह मंत्रालय ने कहा कि यूक्रेन वीजा योजनाओं में से एक के तहत ब्रिटेन में रहने वाले सभी लोग 2025 की शुरुआत से अतिरिक्त 18 महीनों के लिए यहां रहने के लिए आवेदन कर सकेंगे और अपने पूरे प्रवास के दौरान शिक्षा, रोजगार, अन्य लाभ, स्वास्थ्य देखभाल प्राप्त करने अधिकार प्राप्त कर सकेंगे। इसका अभिप्राय है कि यूक्रेन के लिए शुरू वीजा योजनाओं में से एक के तहत देश में आए यूक्रेनियाई नागरिक अब सितंबर 2026 तक ब्रिटेन में रह सकते हैं। ब्रिटेन में कानूनी आव्रजन और सीमा मामलों की मंत्री टॉम पर्सग्लोव ने कहा, ''इस क्रूर युद्ध की शुरुआत से अबतक के लगभग दो साल के कालखंड में 2,00,000 से अधिक यूक्रेनियाई और उनके परिवार के सदस्य ब्रिटेन आए हैं।

**भूराजनीतिक टकराव**

# अमेरिका की भारत-प्रशांत रणनीति क्षेत्रीय शांति के लिए खतरा

**सोल, एजेंसी**

अमेरिका की भारत-प्रशांत रणनीति "भूराजनीतिक टकराव" को जन्म दे रही है और इससे क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए खतरा उत्पन्न हो रहा है। द. कोरिया की न्यूज एजेंसी कोरियाई सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) द्वारा रविवार को प्रकाशित एक लेख में ये बातें कही गयी हैं। द. कोरिया के विदेश मंत्रालय के अमेरिकी अध्ययन संस्थान के एक शोधकर्ता री जी वोन के लेख में कहा गया है कि रणनीति के शुरू के दो साल बाद वर्तमान स्थिति यह है कि अमेरिकी बिडेन प्रशासन द्वारा बनाये गये "स्वतंत्र, खुले, समृद्ध एवं स्थिर (भारत-प्रशांत ) क्षेत्र के निर्माण में बेरुखी को दिखाई दे रही है। लेख में कहा गया है कि अमेरिका की भारत-प्रशांत रणनीति ने क्षेत्र में "स्वतंत्रता" के बजाय टकराव को जन्म दे दिया है।

### हाउती ने डेनमार्क की जहाज को लक्षित कर तीन मिसाइलें दागीं

**वाशिंगटन, एजेंसी।** यमन में अंसार अल्लाह आंदोलन (हाउती) द्वारा नियंत्रित क्षेत्रों से चार एंटी-शिप मिसाइलें दागी गईं। इनमें करीब तीन के जरिए लाल सागर में डेनमार्क की व्यापारी जहाज एमटी पोलक्स को निशाना बनाया। यह जानकारी अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने रविवार को दी। सेंटकॉम ने बताया कि यमन के ईरानी समर्थित हाउती-नियंत्रित क्षेत्रों से लाल सागर में चार जहाज-रोधी बैलिस्टिक मिसाइलें दागी गयीं। एमटी पोलक्स या क्षेत्र में अन्य किसी जहाज के क्षतिग्रस्त होने या किसी घायल होने की सूचना नहीं है। वहीं, अमेरिकी सेना ने शुक्रवार को यमनी जल क्षेत्र में एक जहाज-रोधी क्रूज मिसाइल और एक मोबाइल मानव रहित सतह जहाज (यूएसवी) के खिलाफ हमले किए।

**एयर शो**

# आईएएफ की सारंग टीम सिंगापुर में दिखाएगी करतब

**सिंगापुर एजेंसी**

भारतीय वायुसेना (आईएएफ) की सारंग एरोबेटिक टीम अगले सप्ताह यहां आयोजित होने वाले सिंगापुर एयरशो-2024 में अपने शानदार 'एयरोबेटिक्स' (हवाई जहाज की कलाबाजी) का प्रदर्शन करने के लिए पूरी तरह तैयार है। एयरशो के आयोजक एक्सपीरिया ने रविवार को यह जानकारी दी। आयोजकों के मुताबिक चांगी प्रदर्शनी केंद्र में 20-25 फरवरी तक आयोजित होने वाले पांच दिवसीय एयरशो में 50 से अधिक देशों और क्षेत्रों की 1,000 से अधिक कंपनियां भाग लेंगी। इस विशाल एयरशो में भारतीय वायुसेना (आईएएफ) की सारंग हेलीकॉप्टर प्रदर्शनी टीम के 71 कर्मियों की एक टीम पांच उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर (एएलएच) 'ध्रुव' के साथ भाग लेगी। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा डिजाइन और परिकल्पित 'ध्रुव' हेलीकॉप्टर सभी प्रकार के मौसम में काम करने के अलावा कई तरह के मिशन में कार्य करने में सक्षम है।

**संबंध**

# जयशंकर व चीन के विदेश मंत्री ने जर्मनी में मुलाकात की

**बीजिंग/म्यूनिख, एजेंसी**

विदेश मंत्री एस. जयशंकर और चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने जर्मनी में म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन से इतर मुलाकात की। म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के वीडियो फुटेज में जयशंकर और वांग को इस कार्यक्रम से इतर एक संक्षिप्त बातचीत करते हुए देखा जा सकता है। इस सम्मेलन में अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और दुनिया भर के अन्य शीर्ष राजनयिक शामिल हुए हैं। भारत और चीन की तरफ से हालांकि दोनों विदेश मंत्रियों के बीच हुई चर्चा के बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। छह महीने से अधिक समय में दोनों नेताओं के बीच यह पहली मुलाकात थी। दोनों की पिछली मुलाकात जुलाई में जकार्ता में आयोजित आसियान की बैठक के दौरान हुई थी।

### जयशंकर ने अल-मलिकी के साथ चर्चा की

**म्यूनिख।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रविवार को अपने फलस्तीनी समकक्ष रियाद अल-मलिकी से मुलाकात कर युद्धग्रस्त गाजा की मौजूदा स्थिति पर चर्चा की। जयशंकर म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में भाग लेने के लिए जर्मनी में हैं। बैठक की एक तस्वीर साझा करते हुए मंत्री ने 'एक्स' पर लिखा, "फलस्तीनी विदेश मंत्री रियाद अल-मलिकी से मिलकर अच्छा लगा।